कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 77, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी आज भी अधूरी है 16

थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 15

## सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता

- चित्रकूट में संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- रामायण से हमें मिलती है जीवन जीने की सही सीख

संवाददाता, चित्रकूट



संबोधन करते संघ प्रमुख भागवत, बैठे हुए संत मोरारी बापू।

**अमृत विचार :** संतों के काम में कोई बाधा न आए इसलिए संत जब सनातन धर्म की कथा कहते हैं तो संघ के लोग डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है। महाभारत हमें सिखाती है कि दुनिया कैसी है और रामायण बताती है कि यहां कैसे रहना है। यह बात बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम में प्रख्यात कथावाचक स्व. पं. रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन पर कही। संघ प्रमुख ने कहा कि ऋषि-मुनियों के कठोर परिश्रम से भारत की नींव रखी गई। हम मूल रूप से एक हैं। सनातन का भी यही मूल है, इसमें सभी को धारण करने की क्षमता है। आज देश में धर्म-अधर्म की लड़ाई चल रही है। ऐसे में ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है कि धर्म के पक्ष में खड़े हो जाएं। प्रभु राम ने धर्म को जीकर दिखाया है। संघ प्रमुख ने स्व. रामकिंकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कथा कृपा स्वरूपा थी और यही हमारे राष्ट्र का आधार है। जीवन को कुंदन करने के लिए रामकिंकर जी जैसे महान संतों को सुनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान की इच्छा है, इसलिए भारत का उत्थान हो रहा है। भगवान की इच्छा पूरी करने के लिए पुरषार्थी लोगों को शस्त्र धारण करना पड़ता है। समारोह में प्रख्यात रामकथा वाचक संत मोरारी बापू भी उपस्थित रहे।

**277** वोट ट्रंप को मिले

**244** वोट हैरिस ने पाए



## ट्रंप ने कड़े मुकाबले में हैरिस को हराया

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव** ऐतिहासिक जीत हासिल कर दूसरी बार पहुंचे व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को आसानी से हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। शाम चार बजे तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने 224 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए हैं। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया।

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को बधाई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।

### एक नजर

#### भड़काऊ भाषण : मिथुन चक्रवर्ती पर प्राथमिकी

**कोलकाता।** बिधाननगर पुलिस ने बुधवार को अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक क्षेत्र में ईजेडसीसी में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है, जिसके आधार पर पुलिस ने बिधाननगर दक्षिण थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे, जो भाजपा के सदस्यता अभियान के पश्चिम बंगाल चरण की शुरुआत के लिए आयोजित किया गया था।

#### आइस और हेरोइन के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक किलोग्राम मेथामेफ्टामाइन और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मेथामेफ्टामाइन को आइस या फिर क्रिस्टल मेथ के नाम से भी जाना जाता है, जो एक तरीके का मादक पदार्थ है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान अमृतसर के भकना कलां गांव के रकरणदीप सिंह (22), तरनतारन के चोहला साहिब गांव के रहने वाले जीवन सिंह (19) और मनजिंदर सिंह (21) के रूप में हुई है।

## रातों रात बुलडोजर लाकर घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई

- अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर सभी राज्यों को जारी किए निर्देश
- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या? पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि महाराजगंज जिले में मकान गिराने से संबंधित मामले में जांच कराई जाए और उचित कार्रवाई की जाए।

### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने उनका पक्ष सुनते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया। जब राज्य के वकील ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के बारे में बताया तो पीठ ने कहा, सड़क चौड़ीकरण बस एक बहाना है। यह उचित कारण नहीं लगता।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई को शुरू करने से पहले अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

## डीसीएम व ऑटो के बीच भिड़ंत में 11 लोगों की मौत

### मरने वालों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और दो युवक शामिल

- हरदोई जिले के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर गांव रोशनपुर के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना, घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर बुधवार दोपहर 12 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची ने घायलों को सीएचसी भेजा। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे और दो युवक हैं। सूचना पर एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार रोशनपुर पहुंचे और घायलों से मिले।

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। अधिकारियों को निर्देश दिए है कि घायलों का समुचित इलाज और उनकी देखरेख की जाए। इसके अलावा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी ने मृतक के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने के निर्देश दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे एक सीएनजी आटो माधौगंज से 15 सवारियां लेकर बिलग्राम आ रहा था। आटो जैसे ही गांव रोशनपुर के पास पहुंचा, उसी बीच बाइक सवार को बचाने में डीसीएम से जा टकराया। चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े, उसी बीच चालक डीसीएम छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, सीओ बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा और एसडीएम बिलग्राम ने स्थानीय लोगों के आक्रोश को संभाला। पुलिस ने बताया मृतकों में माझगांव निवासी माधुरी (38), सुनीता (40) पटियनपुरवा माधौगंज, आंशी (8), नीलम (60) इटौली, सत्यम (30) पटेल नगर पूर्वी माधौगंज, राधा (42) इटौली, निर्मला (36) अल्लीगढ़ बिलग्राम, रोशनी (30) गुर्रा सवायजपुर, वंशिका (6), प्रांशु (4), विमलेश (25) सर्रा सथरा थाना सुरसा शामिल है।

घायलों में संजय पहुतेरा, रमेश अल्लीगढ़ बिलग्राम व आनंद पहुतैरा शामिल हैं। एक घायल की पहचान नहीं हो पाई। उधर, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

### कैबिनेट के फैसले



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

## सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा कि डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश की प्रथा स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है, तथा इससे छात्रों के आधारभूत विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा बहाली प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों का कड़ा विरोध वेल में कूदे, जमकर हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी



विधान सभा के भीतर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भाजपा के कड़े विरोध और हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच विशेष दर्जा बहाली संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को पारित कर दिया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जा बहाल करने, संवैधानिक गारंटी देने और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पेश किया गया जिसका स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने समर्थन किया। प्रस्ताव के बाद सुबह विधानसभा में काफी हंगामा हुआ। प्रस्ताव का मसौदा बहुत ही चतुराई से तैयार किया गया था और इसमें अनुच्छेद 370 या पांच अगस्त 2019 का उल्लेख नहीं था जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। भाजपा विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव का विरोध किया। नारेबाजी-हंगामे के चलते अफरा-तफरी मच गई। कुछ विधायक सदन के वेल में कूद गए और अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर हमला करते हुए उनसे प्रस्ताव वापस लेने को कहा। उनमें से कुछ ने अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक भी अपनी सीटों से उठ गए और प्रस्ताव के पक्ष में नारे लगाने लगे।

### प्रस्ताव वापसी तक विस चलने नहीं देंगे : भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी जब तक राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के निर्वाचित प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच बातचीत संबंधी प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है।

## एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, 7500 किग्रा वजन की सीमा तय

वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे। पीठ के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं जो यह दर्शाते हों कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि एलएमवी लाइसेंस धारक, जो अधिकतम समय वाहन चलाते हैं, उनकी शिकायतों को खारिज नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रॉय के अलावा पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में बुधवार को पुणे से 23 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके का निवासी गौरव विलास अपुने इस मामले में गिरफ्तार 16वां आरोपी है।

यहां की एक अदालत ने गौरव को नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत पर भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि गौरव महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी पर हमले की साजिश में शामिल था, जिसके बाद मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

**उपलब्धि** यूपीटीटीआई ने तैयार की सस्ती वाटर प्यूरीफायर डिवाइस, बोतल में लगाने पर 1 साल से ज्यादा समय तक गंदा पानी करेगी साफ

## केवल 50 रुपये में पीजिए एक साल तक शुद्ध पानी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- पानी से हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सक्षम



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो किसी भी तरह के दूषित पानी को आरओ जैसे स्वच्छ पानी में बदल देगी। इस डिवाइस की खासियत यह है कि इसे पानी की बोतल में आसानी से फिट किया जा सकता है। यह डिवाइस पानी में मौजूद हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सहायक है। पॉलिएस्टर और केमिकल मिश्रित इस डिवाइस की प्रारंभिक कीमत लगभग 50 रुपये होगी। इसे अगले साल मार्च तक बाजार में उपलब्ध कराने की योजना है।

संस्थान ने एक साल के शोध और अनुसंधान के बाद वाटर प्यूरीफायर डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने वाले प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह पॉलिएस्टर सिलामेंट की डिवाइस है। टेक्सटाइल में नैनो टेक्नॉलाजी के जरिए धागा बनाते समय उसमें अति सूक्ष्म सुराख किए गए। डिवाइस इन्हीं सुराखों और केमिकल की मदद से काम करती है। पानी सूक्ष्म छिद्रों से गुजरकर साफ होता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस्तेमाल के योग्य नहीं रहने पर इसके दूसरे सिरे से पानी गुजारने पर यह फिर से पहले की तरह शोधन करने लगती है। इस डिवाइस की औसत उम्र एक साल से अधिक है। सभी तरह के प्रयोगों से सफल परिणाम हासिल करने के बाद डिवाइस को पेटेंट प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पेटेंट हासिल होने के बाद इसे बाजार में उतारने की योजना है। इस संबंध में कई कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्दी ही उत्पादन के लिए एमओयू साइन किया जाएगा

### स्कूली बच्चों और दुर्गम इलाकों के लिए वरदान

यूपीटीटीआई के शोधकर्ता डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह डिवाइस स्कूली बच्चों और फील्ड में काम करने वाले लोगों तथा दुर्गम इलाकों के लिए काफी उपयोगी है। अमूमन एक बोतल में एक या दो लीटर पानी आता है। यह पानी खत्म हो जाने पर लोगों को दोबारा साफ पानी तलाश करना पड़ता है। ऐसे में इस डिवाइस युक्त बोतल में हर तरह का पानी भरकर साफ पानी हासिल किया जा सकता है। डिवाइस को बनाने में लगभग 9 लाख रुपये खर्च आया है।

> अपने छोटे आकार की वजह से यह डिवाइस बोतल या उसके जैसी किसी भी चीज में आसानी से फिट हो जाती है। इससे बोतल में बार-बार साफ पानी भरने का झंझट खत्म हो जाता है। पेटेंट का आवेदन किया गया है। कंपनियों से बात चल रही है। जल्दी ही डिवाइस को बाजार में उतारने का प्रयास है। -डॉ. जेपी सिंह, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर।

**आज का मौसम**

गुरुवार को दिन में धूप रहने के साथ मौसम खुला रहने की संभावना है।

| 32.0° | 20.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06:25 | सूर्यास्त 05:23 |

## एक नजर

### मारपीट की घटनाओं में 2 लोग घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दरवाजे पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे हैं लोगों से गांव के लोगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे व उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बसावनपुरवा निवासी राकेश शर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की शाम करीब 08 बजे गांव के महिपाल, मंजेश, वीरपाल व रंजीत ने नशे की हालत में दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे व उसके पुत्र ललित को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही गोली मार देने की धमकी भी दी। वही दूसरा मामला ग्राम जलालाबाद निवासी सर्वेश कुमार पुत्र सोनेलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 अक्टूबर की सुबह सरकारी ट्यूबवेल के पास तिलपई निवासी पिंटू उर्फ अंटू आए और गाली गलौज दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया।

# प्रेमिका से बात करने पर दोस्त ने की हत्या

## निचली गंग नहर में डाला शव, पुलिस ने आरोपी समेत 3 को पकड़ा, आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के जगतापुर गांव में प्रेमिका से बात करने पर साथियों के साथ मिलकर दोस्त ने ही युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शव को निचली गंग नहर में फेंक दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया। इसके बाद पूरा राज फाश हो गया। पांच माह बाद युवक दीपावली पर दिल्ली से घर लौटा था।



गगन गुप्ता उर्फ रामू।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जगतापुर निवासी गगन गुप्ता उर्फ रामू (18) पुत्र रमेश चंद्र गुप्ता तीन नवंबर की शाम करीब सात बजे घर से बिना सूचना के गायब हो गया। वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने इंदरगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद भी गगन का कोई पता नहीं चला। इस पर परिजनों ने उसके खास मित्र गांव के ही अंकित राजपूत पुत्र परशुराम पर हत्या करने का आरोप लगाया। उसके घर पहुंच कर गगन के संबंध में जानकारी की तो परिजनों ने अंकित के घर में सोने की जानकारी दी। अंकित पर आरोप लगने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछतांछ की लेकिन वह गुमराह करता रहा। जब पुलिस ने सख्ती की तो आरोपी ने पूरी घटना उगल दी। पुलिस ने निचली गंग नहर में तलाश की लेकिन शव नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने गुनाह पुल से लेकर उमर्दा तक खोज की तो नहर के अंदर शव मिला। पुलिस के बुलाने पर पहुंचे परिजनों ने गगन के रूप ने पहचान की। इसके बाद पुलिस ने अंकित से अन्य साथियों के संबंध में जानकारी ली तो उसने पूराराय राम निवासी सूजल दिवाकर व जगतापुर निवासी अमित ठाकुर के नाम बताए। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने इन दोनों को भी हिरासत में ले लिया। तीनों से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। बता दें कि दीपावली पर गगन घर आया था। मृतक के चचेरे भाई दुर्गेश ने बताया कि अंकित का प्रेम संबंध किसी युवती से चल रहा था। वह युवती गगन से भी फोन पर बात करने लगी। इसकी जानकारी पर अंकित ने दोस्तों के साथ मिलकर भाई गगन को 3 नवंबर को बुलाया। यहां उसे नशीला पदार्थ खिला दिया। इस के बाद चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। शव को गुनाह पुल से निचली गंग नहर में डाल दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

**पुलिस से बचने के लिये अपने सिर में मारी चोट:** कन्नौज। इंदरगढ़ थाने में बंद आरोपी अंकित जब पुलिस के हाथ दोबारा लग गया तो खुद को बचाने के लिये उसने अपने सिर में गंभीर चोट मार ली।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन। अमृत विचार



इंदरगढ़ थाने में बैठे हत्या के दो आरोपी। अमृत विचार

### मृतक व आरोपी अंकित थे घनिष्ठ मित्र

- **कन्नौज।** परिजनों ने बताया कि गगन गुप्ता व आरोपी अंकित घनिष्ठ मित्र थे। वह पांच माह के बाद दीपावली पर घर आया। दोस्त अंकित पर भरोसा करता था। इसी लिये आरोपी अंकित ने पटाखे की दुकान लगाई तो देर रात तक गगन वहां बैठकर बिक्री कराता रहा। भाई दूज पर शाम सात बजे के करीब अंकित उसे साथ ले गया, जहां उसने प्रेमिका से बात करने के कारण उसकी हत्या करदी।

### शौच के बहाने थाने से भाग गया था आरोपी

- **कन्नौज।** हत्या जैसे गंभीर मामले के आरोपी की निगरानी में पुलिस चूक गई। दो दिन थाने में बैठाये रहने के बाद जब पुलिस को शव मिल गया तो आरोपी अंकित चकमा देकर थाने से भाग गया। आनन-फानन पुलिस व मृतक के परिजनों ने उसकी खोज की शुरू की। करीब तीन घंटे के प्रयास से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# बिना आईएसआई मार्का का था रेग्यूलेटर, जांच में खुलासा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- 3 नवंबर को ग्राम पनियारेपुर्वा में रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने का मामला

**अमृत विचार।** जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया है कि एलपीजी घरेलू/ व्यवसायिक गैस सिलेंडर के उपयोग में मानक विहीन, बिना आईएसआई मार्का गैस स्टोव, रेग्यूलेटर तथा सुरक्षा पाइप के उपयोग करने से हादसे होते हैं। जिसमें कभी-कभी लोगों की जान तक चली जाती है।

डीएसओ ने बताया कि 3 नवंबर को ग्राम पनियारेपुर्वा में रसोई गैस सिलेंडर वाले हादसे में कई व्यक्ति घायल हो गए थे। साथ ही अन्य नुकसान हुआ था। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया है कि भट्ठी वाला रेग्यूलेटर बाजार से खरीदा गया था जो बिना मानक का था। ढिबरी अधिक कस दिए जाने से वह टूट गई और गैस रिसाव हो गया। इस पर वहां मौजूद लोगों ने ध्यान नहीं दिया। जब कोई भट्ठी जलाने गया तो आग लग गई। इस हादसे पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने दुःख प्रकट करते हुए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि गैस सिलेंडर उपयोग के दौरान मानक अनुरूप गैस स्टोव, गैस रेग्यूलेटर तथा सुरक्षा पाइप का प्रयोग किया जाए जिससे अप्रत्याशित हादसों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा है कि घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में एलपीजी गैस सिलेंडर (घरेलू/ व्यवसायिक) के उपयोग के दौरान ऑयल कंपनी से प्रमाणित आईएसआई मार्का युक्त सामग्री का प्रयोग किया जाए। दूसरी ओर कई लोगों का कहना है कि बाजारों में घटिया व मानकविहीन वस्तुएं उपलब्ध हैं जो कम रेट पर तो उपलब्ध हैं लेकिन उनसे हादसे बढ़ जाते हैं। इसलिए अच्छी गुणवत्ता की वस्तुएं ही खरीदी जाएं।



यातायात प्रदर्शनी में जानकारी लेते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द। अमृत विचार

# यातायात उपकरणों को देख जानीं विशेषताएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पुलिस लाइन में लगी प्रदर्शनी जिलाधिकारी, एसपी ने भी किया अवलोकन

**अमृत विचार।** 1 से 30 नवंबर तक जिले में यातायात माह का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर पुलिस लाइन में यातायात उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। शिक्षकों व छात्रों ने पहुंच कर उपकरण व यातायात नियमों की जानकारी ली। जिलाधिकारी, एसपी ने उद्घाटन कर प्रदर्शनी देखी।

एसपी के निर्देश पर जिले में यातायात माह का आयोजन किया जा रहा है। यातायात पुलिस वाहनों की चेकिंग करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वाले के चालान काट रही है। इसी यातायात माह के तहत बुधवार को पुलिस लाइन में यातायात प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पुलिस लाइंस के मनोरंजन हॉल में यातायात जागरूकता कैंप का भी आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न यातायात उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने स्कूलों, कॉलेजों के छात्र, छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक एवं अन्य उपस्थित लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गयी। सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित किया। एसपी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन नागरिकों को सड़क सुरक्षा की दिशा में मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने यातायात के उपकरणों की प्रदर्शनी में लगे उपकरण देखे व उनके कार्य को समझा।

### 44 सीसीटीवी कर रहे निगरानी

**कन्नौज।** यातायात पुलिस ने जिले में अपराधियों पर नजर रखने व यातायात नियमों का पालन करने के लिये एसपी के निर्देश पर प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। इन कैमरों की नियमित निगरानी की जाती है। यदि को कोई अपराध करता या यातायात नियमों का पालन नहीं करता तो उस के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। एसपी ने इन कैमरों को भी चेक किया।

# मरीज, तीमारदारों से करें अच्छा व्यवहार: सीएमओ

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- औचक निरीक्षण पर सीएचसी पहुंचने से मचा हड़कंप
- इमरजेंसी वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट की देखी व्यवस्थाएं

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ को देखते ही परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने डाक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों को मरीज एवं तीमारदारों से अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं।

शासन एवं प्रशासन के निर्देश से कस्बा में स्थित सीएचसी में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता औचक निरीक्षण के लिए सुबह ही पहुंच गए। अचानक सीएमओ को देखकर डॉक्टर समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। सीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, डिलीवरी वार्ड, समेत दवाई रखरखाव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डाक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों को मरीज एवं तीमारदारों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं। अच्छा व्यवहार न करने पर कार्रवाई की बात कही है।

सभी को समय पर ड्यूटी पर रहने के निर्देश देते हुए दवाई वितरण को भी कहा। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजहर सिद्दीकी, डॉक्टर निशांत यादव, डॉ. संजय सिंह, फार्मासिस्ट घनश्याम सिंह, शैलेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, लैब प्रभारी संतोष कुमार वर्मा मौजूद रहे।



सौरिख सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ डॉ.स्वदेश गुप्ता।

# गैंगस्टर एक्ट के फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सौरिख, कन्नौज।** गैंगस्टर एक्ट के तहत फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सकरावा थाने में तैनात उप निरीक्षक राजकुमार पटवा व सुनील कुमार गोयल ने 27 मई को सात गोवंश लदी डीसीएम पकड़ी थी। डीसीएम मालिक मोहम्मद नाजिम पुत्र यार मोहम्मद निवासी उसहन का पूर्वा, तिनेश रायबरेली, नौशाद पुत्र अल्लू निवासी मोहल्ला कंचाना थाना जायस अमेठी, एवं तेरेनाम उर्फ नसीम पुत्र मासूक निवासी मेड़ई का पुर्वा मजरा तेंदुआ थाना फुर्सतगंज अमेठी पर गोवंश क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज थी। बुधवार को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना सौरिख दिनेश कुमार, थानाध्यक्ष सकरावा प्रमोद कुमार तिवारी ने मोहम्मद नाजिम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया वहां से उसे जेल भेजा।

# क्लीनिक संचालक के घर से दिनदहाड़े चोरी

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** गांव में दिनदहाड़े उस समय क्लीनिक संचालक के मकान से हजारों की नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी हो गए जब वह पत्नी समेत खड़िनी कस्बा स्थित क्लीनिक पर गए थे। दिनदहाड़े हुई घटना से गांव में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

खड़िनी चौकी के मलिकपुर गांव निवासी विवेक कुमार पुत्र महिपाल सिंह कस्बा में क्लीनिक का संचालन करता है। चार नवंबर को मकान में ताला डालकर पत्नी नीलम देवी के साथ क्लीनिक गया था जबकि तीन बच्चे स्कूल गए थे। उसी दौरान दिनदहाड़े अज्ञात चोर किसी तरह मकान के अंदर घुस गए और कमरे में रखी चाबी से अलमारी खोलकर रखी 50 हजार की नगदी समेत एक जंजीर, एक जोड़ी झाले, बेंदा, एक अंगूठी, हाफ कंधनी एवं एक गुच्छा, चोरी कर फरार हो गए। तीन बजे जब पति-पत्नी घर पहुंचे और बाहर का ताला खोल कर अंदर घुसे तो सामान बिखरा देख होश उड़ गए और जांच पड़ताल में सभी सामान गायब मिला।



घर में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

पीड़ित ने लगभग पांच लाख रुपये की चोरी बताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वही दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से गांव समेत क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। चौकी इंचार्ज संतोष कुमार चंदेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चौथे दिन भी डाक घर में शुरू नहीं हुआ कामकाज

**सौरिख, कन्नौज।** कस्बा में स्थित उप डाक केंद्र में पिछले चार दिनों से नेटवर्क समस्या होने से कामकाज ठप पड़ा है। काम कराने के लिए उपभोक्ता डाकघर के चक्कर काट रहे हैं।

कस्बा में स्थित उप डाक घर में 3 नवंबर से नेटवर्क व्यवस्था ध्वस्त है। इस कारण डाकघर में आने वाले आईडी धारक, सेविंग अकाउंट समेत अन्य उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और पिछले चार दिनों से चक्कर लगाने के बावजूद कार्य नहीं हो रहा है। जिसको लेकर उपभोक्ता में रोष व्याप्त है। इस संबंध में उप डाक अधीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि पिछले चार दिनों नेटवर्क समस्या के चलते काम का ठप पड़ा हुआ है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द ही समस्या का निदान किया जाएगा।


## सार-संक्षेप



बीईओ विश्वनाथ पाठक का स्वागत करते प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उदयभान सिंह।

### शिक्षक नेताओं ने बीईओ का किया स्वागत

**सौरिख,कन्नौज।** ब्लाक संसाधन केंद्र सौरिख में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक का शिक्षक नेताओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उदयभान सिंह यादव, दुष्यंत यादव, नितेंद्र बिहारी हजेला, प्रबल प्रताप, धरम वीर, अरुण कुमार, शिव कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



भूमि पूजन करते सपा नेता श्याम यादव व अन्य। अमृत विचार

### पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमा स्थापित करने के लिए किया भूमि पूजन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित करने और अपनी निजी भूमि पर नेता जी का स्मारक बनाने के लिए सपा नेता ने हवन कर भूमि पूजन किया। पुष्प अर्पित कर प्रसाद वितरित किया। बुधवार को ग्राम कटकैया निवासी समाजवादी पार्टी के पूर्व छात्र सभा सचिव एवं सपा नेता श्याम यादव ने अपनी निजी भूमि पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित करने व स्मारक बनवाने के लिए विधिवत भूमि पूजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाद में मिष्ठान वितरण किया। इससे पूर्व भी जब नेताजी की तबियत ठीक नहीं थी और वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती थे। उस समय भी श्याम यादव ने नेताजी के लिए अपने संपूर्ण अंगदान की घोषणा की थी। इसी के साथ सपा नेता श्याम यादव ने कहा कि लगातार उनकी प्रतिमा का काम हमारे निजी भूमि पर चलता रहेगा और हम नेता जी को सदैव याद करते रहेंगे। इस मौके पर शास्त्री उदयवीर सिंह यादव, राजेश गुप्ता, आशुतोष यादव, रजनीकांत यादव, गौरव यादव, राहुल, नितिन, आकाश, सचिन, कल्लू आदि लोग उपस्थित रहे।

**फैसला** | जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने बीमा कंपनी को 30 दिन के अंदर 2 लाख रुपये देने को कहा

# बैंक ने किया बीमा, मौत के बाद परिजनों को नहीं दिया क्लेम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने दिया आदेश
- आर्यावर्त बैंक फतेहपुर जसोदा का मामला

**अमृत विचार।** आर्यावर्त बैंक ने 330 रुपये लेकर खाताधारक का दो लाख रुपये का जीवन बीमा कर दिया। बीमित अवधि में युवक की मौत हो गई। पीड़ित पिता ने जब मुआवजा मांगा तो मृत्यु प्रमाण पत्र में कमी बताकर दावा निरस्त कर दिया गया। परेशान खाताधारक के पिता ने जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग का दरवाजा खटखटाया। जहां से स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लखनऊ के लिए कहा गया है कि 30 दिन के अंदर दो लाख रुपये के अलावा 10 हजार रुपये अन्य खर्चे में दिए जाएं।

### पीड़ित ने शाखा प्रबंधक को बनाया पार्टी

- अध्यक्ष व दो सदस्यों ने स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लखनऊ से वादी को दो लाख रुपये का भुगतान निर्णय से 30 दिन के अंदर करने को कहा गया। साथ ही सात फीसदी वार्षिक साधारण ब्याज दर, वाद का खर्च पांच हजार रुपये व मानसिक क्लेश का भी पांच हजार रुपये देने का निर्णय सुनाया गया। अधिवक्ता का कहना है कि इस मामले में उन्होंने बीमा कंपनी के अलावा आर्यावर्त बैंक शाखा फतेहपुर जसोदा के शाखा प्रबंधक को भी पार्टी बनाया था।

तहसील सदर के अधिवक्ता यादवेंद्र किशोर यादव ने बताया कि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्र, सदस्य वंदना मिश्रा व लोकेश पुंडीर ने वादी विश्राम सिंह पुत्र अंगदलाल निवासी फतेहपुर जसोदा कोतवाली गुरसहायगंज के मुकदमे में फैसला दिया है। दरअसल, विश्राम सिंह के पुत्र सुमनवीर का बचत खाता आर्यावर्त बैंक फतेहपुर जसोदा में चल रहा है। सुमनवीर ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 25 जुलाई 2019 को 330 रुपये देकर दो लाख रुपये की पॉलिसी ली।

बीमित अवधि 11 नवंबर 2019 में सुमनवीर की मृत्यु हो गई। यादवेंद्र किशोर यादव ने बताया कि खाते व बीमा में विश्रमा सिंह नामिनी हैं उसकी सूचना दो दिसंबर 2019 को फोन से बीमा कंपनी को दी। कहा कि बैंक शाखा जाकर दावा फार्म भरवाकर कार्यालय में भिजवाओ तब परिवादी बैंक गया। वहां जरूरी सभी कागजात सात दिसंबर को जमा किए। 13 दिसंबर को पुनः बुलाकर दावे फार्म पर परिवादी व गवाहों के हस्ताक्षर कराकर जमा किए। उसके बाद भी जब दो लाख रुपये बीमा का लाभ नहीं दिया तो आरटीआई से सूचना मांगी जिसमें मुत्यु प्रमाण पत्र को वास्तविक नहीं बताया और दावा खारिज करने का हवाला दिया। इस पर वादी ने बताया कि अगर कोई गलती थी तो वादी को हिंदी में जानकारी देकर सही कराना चाहिए था।

ऐसा नहीं किया गया। जानबूझकर दावा निरस्त किया गया। 8 फरवरी 2022 को नोटिस व 21 मार्च को स्मरण पत्र भेजा लेकिन क्लेम का भुगतान नहीं किया गया। न ही जवाब दिया गया। दूसरी ओर आयोग में अपना पक्ष रखने के लिए विपक्षी नहीं आए और न ही बहस के लिए कोई पहुंचा।

## जमाना बदला लेकिन दुर्गा नगर नहीं



**कन्नौज।** यह तस्वीर नगर पंचायत तिर्वागंज के मोहल्ला दुर्गानगर की है। यह हाल कोई एक-दो सप्ताह पुराना नहीं बल्कि सालों का है। बारिश में तो मोहल्ले के लोगों को लगता है कि यहां बसर करना नरक भोगना है। अधिकारी हों या फिर जनप्रतिनिधि समस्या हल कराने पर ध्यान नहीं देते। गंदा व बदबूदार पानी यहां भरा रहता है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पानी का निकास न होने व सफाई के अभाव में ऐसा है। जमाना बदल गया है लेकिन दुर्गानगर की हालत खस्ता है। इस वजह से आए दिन लोग संक्रामक बीमारियां की चपेट में आ जाते हैं। खास बात यह है कि इसको लेकर अभी अभियान भी चल चुका है।

# पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक : जिलाधिकारी

## परेशान न हों किसान, डीएपी,इफको व एनपीके की 2 रैक आयीं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा कमालगंज उर्वरक विक्रय समिति पर औचक छापामारी कर उर्वरकों की स्थिति की जानकारी ली गयी। साथ ही उन्होंने लोगों से कहा कि जिले का किसान परेशान न हो क्योंकि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सभी को पर्याप्त खाद मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान उन्हें मौके पर डीएपी 200 बैग, एनपीके 138 बैग, यूरिया 763 बैग, नैनो डीएपी की 102 बोतलें उपलब्ध मिलीं। जिला कृषि अधिकारी एवं एआर कॉपरेटिव साथ में मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सचिव को कृषकों की आवश्यकतानुसार जोत बही का परीक्षण कर आधार के माध्यम से उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर कृषक विजय सिंह से आलू की फसल में उर्वरक प्रयोग की जानकारी भी ली गयी। कानपुर मण्डल आयुक्त द्वारा भी सदर तहसील के अन्तर्गत महेश्वरी फर्टिलाइजर के केन्द्र का औचक निरीक्षण कर उर्वरक की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गयी।

जनपद में इफको डीएपी की रैक दो दिन पहले लगी थी। जिसमें जनपद को 22000 बोरी डीएपी एवं 7200 बोरी एनपीके मिली है,जो समितियों पर भेजी जा रही है। इसके अलावा आज सुबह इफको एनपीके की रैक भी लग गयी है। जिसमें जनपद को 25,500 बैग एनपीके मिल रही है। इसके अलावा आरसीएफ एवं पीपीएल की रैक द्वारा 850 मीट्रिक टन डीएपी एवं 1450 मीट्रिक टन एनपीके 3 दिवस के अन्दर प्राप्त होगी। कोरोमण्डल की डीएपी 600 मीट्रिक टन,12000 बोरी भी इसी सप्ताह मिल रही हैं। कृषक भाइयों से अनुरोध है कि संतुलित मात्रा में आवश्यकतानुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें।

### 4 दुकानों के लाइसेंस किये गये निलंबित

जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उर्वरक प्रतिष्ठानों पर टीम का गठन कराकर छापेमारी की कार्रवाई करायी गयी, जिसमें 32 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही 4 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस निलम्बित किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया है कि मै. राम प्रकाश खाद भण्डार नेकपुर खुर्द, मै. राहुल खाद भण्डार ठण्डी सड़क विकासखण्ड बढ़पुर द्वारा दुकान बंद कर गायब होने के कारण तथा मै. बालिस्टर खाद भण्डार मऊदरवाजा द्वारा अभिलेख न दिखाने तथा मै. यादव खाद भण्डार शमसाबाद द्वारा दुकान बंद कर गायब होने के कारण चारों विक्रेताओं का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

### यहां पर करें शिकायत

उर्वरक के सम्बन्ध में शिकायत की समस्या होने पर कृषक भाई अपर जिलाधिकारी के मोन. 9454417623 एवं जिला विकास अधिकारी के मोन. 9554800312 तथा जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह के मोन. 9454034252 पर जानकारी दे सकते है।

# प्राकृतिक खेती से खेतों को बनायें उपजाऊ

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विकासखंड राजेपुर में रबी तिलहन गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि डॉ पल्लव सोमवंशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों के हित के लिए निरंतर सक्रिय है। किसानों के लिए सरकार की तरफ से आधुनिक उपकरण दिए जा रहे हैं। गंगा की तराई क्षेत्र में प्राकृतिक खेती से किसानों की पैदावार भी बढ़ेगी। इसके साथ ही कम रासायनिक खाद के उपयोग से खेत भी उपजाऊ बने रहेंगे।

राजेपुर विकासखंड परिसर में कृषि विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि किसानों ने अधिक पैदावार के चक्कर में खेतों में अधिक रासायनिक खाद का प्रयोग कर किया, जिससे जमीन कम उपजाऊ हो गई है। इसलिए अब आवश्यक है कि नई पद्धति से शून्य बजट पर प्राकृतिक खेती की जाए।

जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से किसानों के हित में कृषि यंत्र, सोलर पंप सहित अन्य चीजें दी जा रहा हैं। कृषि रक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने फसलों में लगने वाले रोग तथा रोकथाम हेतु दवाइयो के बारे में बताया। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर अरविंद कुमार ने बिना रासायनिक खाद का प्रयोग किया घर में बनाई गई जैविक खाद के प्रयोग से अच्छी फसल पैदा करने के बारे में बताया। एसडीओ सतीश कुमार, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल, ए डी ओ कृषि अमित दिवाकर आदि मौजूद रहे।



ब्लॉक परिसर में आयोजित हुए कार्यशाला में मौजूद विधायक, ब्लॉक प्रमुख व अन्य।

● योगी सरकार किसानों के हित के लिए निरंतर काम कर रही है : ब्लॉक प्रमुख

# पांचाल घाट पर छठ पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा पांचाल घाट पर छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। साथ दोनों अधिकारियों ने वहां पर मौजूद मातहतों व अन्य कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये।

जिलाधिकारी वीके सिंह ने छठ पर्व पर पांचाल घाट पर लाइट की पर्याप्त व्यवस्था करने बैकअप के लिये जनरेटर, पूरे घाट को झालरों से सजाने, नदी के किनारों पर बैरिकेडिंग करने, मेडिकल कैम्प लगाने, एम्बुलेन्स तैनात करने, तट का समतलीकरण कराने, साफ सफाई कराने, नाव,नाविक व गोताखोरों की तैनाती करने व नदी में वोट द्वारा पेट्रोलिंग कराने व पर्याप्त पुलिस व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, ईओ नगर पालिका, डीपीआरओ व अन्य लोग रहे।


मातहतों को निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व एसपी आलोक प्रियदर्शी।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडों व ईंट पत्थर में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि घायलों को सीएचसी ले जाया गया है। मामले में दोनों तरफ से तहरीर मिली है जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कायमपुर निवासी अनुज, अनिल, मोनिका, रतन कुमार व सुभाष को पुलिस घायल अवस्था में मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी लाई। जहां इलाज के दौरान एक पक्ष से अनिल ने बताया कि उसके गांव में एक दबंग परिवार रहता है। वह लोग यह कहते है कि तुम लोगों को गांव में नहीं रहने देंगे और आये दिन गालियां देते रहते है। आज मंगलबार को भी वह गालियां दे रहे थे तो उसने विरोध किया तो दवंगों ने चढाई कर दी और लाठी-डंडो से मारा पीटा व ईट पत्थर चलाये। जिसमे अनुज कुमार उसकी पत्नी मोनिका व खुद अनिल गंभीर घायल हो गया। वहीं इलाज के दौरान दूसरे पक्ष से रतन कुमार ने बताया कि उसका भतीजा कुनाल नई साइकिल से अपनी बहन प्रिया व स्नेहा के साथ साइकिल चला रहा था तभी उक्त लोग बच्चों को गालियां देने लगे। बच्चों ने आकर बताया तो वह शिकायत करने प्रथम पक्ष के घर गया था तभी प्रथम पक्ष ने उस पर हमला कर दिया। बड़े भाई सुभाष बचाने गये तो उन्हें भी लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और ईट व पत्थर भी चलाये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कला साधक संगम का आयोजन कल से

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा 3 दिवसीय प्रांतीय कला साधक संगम का आयोजन 8, 9 व 10 नवंबर 2024 को उत्सव गेस्ट हाउस बढ़पुर में होगा।

कला साधक संगम व्यवस्था प्रमुख प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि फर्रुखाबाद इकाई के संयोजन में होने वाले कला साधक संगम में राष्ट्रीय संगोष्ठी, चित्रकला शिविर व प्रदर्शनी, धरोहर कला प्रदर्शनी एवं उरई के डॉ. हरिमोहन पुरवार व संध्या पुरवार द्वारा अद्भुत शंख व सीप वीथिका भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन, मातृ शक्ति संगोष्ठी व विचार गोष्ठी का भी आयोजन हो रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कलाकार प्रतिभाग करेंगे जिसमें बुंदेलखंड की लोक परंपराएं प्रमुख रूप से देखने को मिलेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत लोक व शास्त्री गायन, ख्याल गायन, फाग गायन, मयूर नृत्य, कथक , भरतनाट्यम, द्रौपदी नृत्य नाटिका, सत्यवादी महाराजा हरिश्चंद्र एवं कर्ण गाथा जैसे नाटकों का मंचन होगा। कन्नौज के विचित्र वीणा वादक कृष्ण चंद्र गुप्ता द्वारा विचित्र वीणा का वादन होगा। कार्यक्रम में सितार वादन, ध्रुपद गायन, ख्याल टप्पा गायन, गजल गायन सहित तीन दिन तक कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

संयोजक दीपक रंजन सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र, बिरजू महाराज कथक संस्थान की उपाध्यक्ष डॉ मिथिलेश तिवारी, सांसद मुकेश राजपूत, मेजर एस.डी. सिंह विश्वविद्यालय फर्रुखाबाद के कुलाधिपति डॉक्टर अनार सिंह यादव , फर्रुखाबाद के सभी जनप्रतिनिधि, डॉ रजनी सरीन, डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, डॉ अविनाश पाण्डेय, पी.के. विश्वविद्यालय शिवपुरी मध्य प्रदेश के कुलपति प्रो.योगेश चंद्र दुबे, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर, मेजर एस.डी. सिंह विश्वविद्यालय फर्रुखाबाद के कुलपति डॉ रंगनाथ मिश्र सहित प्रान्त के कला साधक उपस्थित रहेंगे।



कार्यक्रम की जानकारी देते व्यवस्था प्रमुख प्रमोद अग्रवाल। अमृत विचार

● संस्कार भारती द्वारा 8, 9 और 10 नवंबर को होगा आयोजन

## सार-संक्षेप

### करंट लगने से युवक झुलसा

**कायमगंज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी अभिमन्यु (20) को घर में करंट लग गया करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस गया और ज़मीन पर गिरकर अचेत हो गया परिजन आनन फानन में गंभीर हालत में उसे सीएचसी लाये जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर युवक इजाल जारी है। वहीं युवक के परिजन परेशान दिखे।

### आग लगने से गृहस्थी जलकर हुई खाक

**फर्रुखाबाद।** शमसाबाद के गांव सुल्तानपुर में एक घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया, मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका। भीषम आग से घंटों अफरातफरी मची रही। सुल्तानपुर निवासी सुखपाल के दूसरी मंज़िल पर कमरे में बुधवार सुबह के समय अचानक आग लग गई। आग ने कुछ देर में ही पूरे घर को चपेट में ले लिया। आग की लपटे देख परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझानी शुरू की, तब तक नकदी व घरेलू समान सहित पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित ने घटना की सुचना थाना पुलिस और लेखपाल को दी। घर में आग कैसे लगी इसको लेकर अभी कारण साफ नहीं हो पाए हैं। आग से आसपास के लोग भी घबरा गए, डर था उनके मकानों तक आग न फैल जाए। आग बुझने पर ही लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं ग्रामीणों ने अपने संसाधनों से आग पर काबू पाया है लेकिन जबतक आग बुझती तबतक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक मदद दिलवाने की मांग की है।

### युवक ने शराब में डाई को मिलाकर पीया, गंभीर

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी पवन कुमार (22) ने शराब में डाई को मिलाकर कर पी लिया उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे ,जहां उसका इलाज जारी है।

# धार्मिक आयोजनों से समाज संगठित होगा

कार्यालय संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** विधायक सुशील शाक्य ने ग्राम बलीपट्टी रानीगांव मे हो रही रासलीला का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं रहसलीला कमेटी के सदस्यों ने विधायक सुशील शाक्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोज होते रहने चाहिये। इससे लोगों में धार्मिकता के भाव जागते हैं और लोगों में एकजुटता का संदेश जाता है। साथ ही ऐसे आयोजन हमें हमारी प्राचीन परंपरायें व संस्कृतियों का भी ज्ञान कराती हैं। इसलिये हम सभी को चाहिये के ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिये।

जानकारी के अनुसार ग्राम बलीपट्टी रानीगांव के गंगा तट पर मथुरा की नंद किशोर एंड पार्टी द्वारा रासलीला का मंचन किया जा रहा है। रासलीला का उद्घाटन करने आए विधायक सुशील शाक्य ने कहा ऐसे आयोजनों से लोगों की धार्मिक आस्था बढ़ती है। इन धार्मिक आयोजनों से समाज संगठित होता। नई पीढ़ी को अपने धर्म और शास्त्रों के विषय मे जानकारी मिलती है। समय समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस मौके पर अमृतपुर प्रधान सचिन देव तिवारी, प्रधान अतर सिंह, श्याम बिहारी अवस्थी, मनोज मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

● विधायक सुशील शाक्य ने ग्राम बली पट्टी रानीगांव में हो रही रासलीला का किया उद्घाटन

● आयोजक मंडल ने विधायक व अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत


रासलीला में आरती करते अमृतपुर विधायक सुशील कुमार शाक्य। अमृत विचार

# मार्ग दुर्घटनाओं में 2 लोगों की गई जान

संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हुई है। दोनों के परिजनों में चीखपुकार मची है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थाना मऊदरबाजा के ग्राम रेहा गुतासी निवासी 30 वर्षीय संजीब पुत्र दाताराम शहर से अपने गांव बाइक से आ रहा था।

उसी दौरान रायपुर चौकी के निकट रोडवेज ने संजीब को कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में लाया गया जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। दूसरी घटना में भी थाना नवाबगंज के मंझना निवासी 30 वर्षीय रजत गंगवार पुत्र दिलीप कुमार को दलेलगंज शमसाबाद में किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल लाया गया जहां रजत को मृत घोषित कर दिया गया।

### सड़क हादसों में 4 घायल, 2 गंभीर

**कायमगंज।** अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव लुधैइयाल निवासी इंद्रजीत की 18 वर्षीय पुत्री पूजा रुटौल निवासी सत्यवीर (38) जनपद हरदोई के थाना साड़ी के गांव मुंशीगंज निवासी वैभव (26) व थाना शमसाबाद के गांव उलियापुर निवासी सचिन सक्सेना घायल हो गये घायलों को आसपास के लोगों ने सरकारी अस्पताल भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने सत्यवीर व वैभव को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# 18 लोगों पर जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**अमृतपुर।** ग्राम परतापुर निवासी राजवीर पुत्र रोशन सिंह ने अमृतपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बीते 2 नवंबर को अपने घर से अपनी कार से अमृतपुर आए थे। रंजिश के चलते18 लोगों ने गाड़ी रोक कर गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी।

राजवीर ने अनु, अमन, लालू, शिवम, अनिकेत, रविंद्र, अभिनव, कपिल निवासी अमृतपुर व 10 अन्य अज्ञात लोगों पर मारपीट कर हमला करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि थाना पुलिस को सूचना दी गई उसके बाद भी लोगों ने मोबाइल नंबर पर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर 18 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एसओ मिनेश पचौरी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


मानस सम्मेलन में मौजूद अतिथि व आयोजकगण। अमृत विचार

# सूर्य पूजन के साथ मानस सम्मेलन शुरू

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर के डीपीबीपी विद्यालय में श्री राम कथा आयोजन समिति मदारवाड़ी द्वारा आयोजित 21वे मानस सम्मेलन का उद्घाटन संत श्री ईश्वर दास जी ब्रह्मचारी महाराज ने किया।

मानस सम्मेलन का उद्घाटन सूर्य पूजन के साथ करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में मानस सम्मेलन की बहुत आवश्यकता है। तुलसी की मानस हमें जीवन जीना सिखाती है। व्यास जी की महाभारत हमें मरना सिखाती। जिसने जीना और मरना सीख लिया। उसी का जीवन सार्थक है। मानस इंसान को समाज परिवार और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराती है। जहां-जहां राम की कथा होती है वहां हनुमान जी और महादेव जी अवश्य पहुंच जाते हैं। मानस का नित्य पूजन करने से सभी कामनाएं पूर्ण होती हैं।

राजनीति | सांसद संजय सिंह ने लखनऊ के प्रादेशिक कार्यालय में की सदस्यता अभियान की शुरुआत

# आम आदमी पार्टी ने शुरू किया सदस्यता अभियान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राज्यव्यापी सदस्यता अभियान के तत्वावधान में आम आदमी पार्टी फर्रुखाबाद के पदाधिकारी ने जसमई दरवाजा चौराहा पर कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे और युवाओं, युवतियों व वृद्धों को पार्टी से जुड़ने के लिए जागरूक किया।

कैंप में मौजूद पदाधिकारियों की मदद से बड़ी संख्या में लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी। जिलाध्यक्ष इंजी. नीरज प्रताप शाक्य ने मीडिया बंधुओ से बात करते हुए बताया की प्रदेश स्तरीय सदस्यता अभियान माननीय सांसद , उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर फर्रुखाबाद के जसमई दरवाजे चौराहे पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज ही सांसद संजय सिंह लखनऊ में गोमती नगर स्थित प्रादेशिक कार्यालय पर ठीक इसी समय सदस्यता अभियान की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसे ही कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबका लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई जाये। आगामी दिनों में आम आदमी पार्टी के वॉलिंटियर्स और पदाधिकारी फर्रुखाबाद के गांव गांव घर-घर जाएंगे और लोगों को सदस्य बनायेंगे।

दिल्ली सरकार और पंजाब की सरकार ने जो जनता के हित में काम किए हैं उनका घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आम आदमी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और वॉलिंटियर्स की है। इस अवसर पर जिला महासचिव अवनीश सिंह तोमर, जिला उपाध्यक्ष जगतपाल सिंह ,आईटी सेल प्रभारी अंकित शाक्य , जिला सचिव साहब सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला महासचिव केपी सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सच्चिदानंद राजपूत प्रदेश , सचिव प्रदीप कुमार यादव ,जिला सचिव शेर सिंह यादव ,जिला सचिव अमरदीप शाक्य, तथा बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।



आप के सदस्यता कैंप में मौजूद अध्यक्ष नीरज शाक्य व अन्य पदाधिकारी।

### सपा जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक आज

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि दिनांक 7 नवंबर सुबह 11 बजे समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई है। अत: समाजवादी पार्टी के नेताओं से सादर अनुरोध करते हुए यह सूचित किया जाता है कि इस महत्वपूर्ण बैठक में आपका उपस्थित रहना अनिवार्य है। यह जानकारी ने दी।

# 28 अक्टूबर से 28 नवंबर तक बढ़ाये और काटे जायेंगे वोट

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर-विधानसभा की मतदाता सूची को लेकर एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने तहसील सभागार में बीएलओ के साथ मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम ने बीएलओ के रूप में कार्य कर रही महिलाओं को बताया कि वह लोगों को जाकर बताएं कि वे बूथों पर पहुंच कर अपने अपने वोट बनवाने का कार्य करें। जिनके वोट छूटे हुए हैं अथवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है या जो शादी के बाद बहुएं आयी हैं उनके वोट फॉर्म नंबर 6 के माध्यम से बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। जो लोग मृतक हो चुके हैं या जिन लड़कियों की शादी हो चुकी है और वह यहां से जा चुकी हैं उनके वोट काटने का काम फॉर्म नंबर 7 से करें। समायोजन के लिए आठ नंबर फॉर्म का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा बीएलओ प्रतिदिन 10 घरों में पहुंचकर वोट बढ़ाने व काटने का कार्य जिम्मेदारी से निभाएं। यह कार्य 28 अक्टूबर से 28 नवंबर तक के लिए निर्धारित किया गया है। जिसमें किसी भी बीएलओ की लापरवाही पाए जाने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बीएलओ अपना कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ करें।


बीएलओ को दिशा निर्देश देते एसडीएम अतुल कुमार सिंह। अमृत विचार

● अमृतपुर विधानसभा की मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिये हुई बैठक

## एक नजर

### हादसों में तीन लोग घायल

**जसवंतनगर।** छिमारा मार्ग पर कुत्ते के अचानक सामने आ जाने से बाइक सवार दंपति फिसलकर घायल हो गए। आशीष और उनकी 26 वर्षीया पत्नी रीता नगला ग्राम अर्जुन मायके विधूना से जसवंतनगर आ रहे थे। छिमारा मार्ग पर बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया, जिससे उनकी बाइक फिसल गई, जिससे आशीष और रीता घायल हो गए। दूसरी घटना में लुधपुरा कालोनी रेलमंडी की रहने वाली रिंकी पत्नी पुष्पेंद्र सड़क दुर्घटना में घायल हो गईं, जिन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

### चोरी के मामले में साढ़े चार साल का कारावास

**इटावा।** सीजेएम कोर्ट ने चोरी के एक सात साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया और उसे साढ़े चार साल की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। फ्रेंड्स कालोनी थाना पुलिस ने श्याम नगर निवासी प्रदुम्न गुप्ता पुत्र वेदप्रकाश को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके खिलाफ कोर्ट में आरोपपत्र पेश किए थे। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने उसे साढ़े चार साल की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### पूर्व प्रधान को पितृ शोक

**बकेवर।** विधीपुरा के पूर्व प्रधान रामगोविंद तिवारी के पिता शिवचारी लाल तिवारी (90) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही समाजसेवियों, नेताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। उनके निधन पर अमित तिवारी, अजीत तिवारी, सौरभ तिवारी, श्यामू, बड़े तिवारी, प्रवीण तिवारी, तरुण तिवारी, ऋषि शुक्ला, अशोक तिवारी, जितेन्द्र यादव, मनोज यादव आदि ने गांव पहुंचकर शोक जताया है।

### श्रीमदभागवत कथा आज से

**महेवा।** ढकाताल पुरावली में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 7 नवंबर से 14 नवंबर तक चलेगी। आयोजक सियाराम राजपूत ने बताया कि कथावाचक आचार्य अभिषेक द्विवेदी अजीतमल औरैया होंगे। आयोजक मंडल के रामप्रताप राजपूत, सत्यपाल राजपूत ने क्षेत्रीय लोगों एवं ग्राम वासियों से अमृत रूपी कथा श्रवण करने का आवाहन किया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद गर्भवती होने पर पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि किशोरी के साथ आठ माह पूर्व दुष्कर्म किया गया था, जिसका मुकदमा अगस्त में कन्नौज जनपद के विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के नगला दुर्गा के रहने वाले सोनू पुत्र ब्रजेश उर्फ जुगाड़ीलाल के खिलाफ दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट में जेल भेजा है।

### बालिका से दुराचार के प्रयास में धरा गया युवक

**भरथना।** क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े दुष्कर्म के इरादे से घर में घुसे युवक को परिजनों समेत ग्रामीणों ने दबोचकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों पर कार्य कर रहे परिजन व ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़े। बालिका के घर में पड़ोसी युवक नीम के पेड़ के सहारे छत पर पहुंच गया। अकेला पाकर बालिका के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। युवक खुद को घर में फंसता देख बालिका की मां पर हमला बोलकर भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस बुलाकर युवक को पकड़े रखा। पुलिस के पहुंचने पर युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आपरेशन के बाद महिला की मौत पर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- शहर के नर्सिंग होम में घटना के बाद हो गया समझौता

**अमृत विचार।** निजी नर्सिंग होम में आपॅरेशन के बाद महिला की मौत हो जाने पर परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने मामला शांत कराकर रफा-दफा कर दिया तो परिजन बिना कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए।

शहर में कोतवाली सदर क्षेत्र में मोहल्ला लालपुरा में रहने वाले सतेंद्र ने बताया कि 52 वर्षीय मां रामा देवी के पित्त में पथरी थी। मंगलवार को ऑपरेशन के लिए सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पक्का तालाब चौराहा के पास निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। शाम साढ़े पांच बजे डॉक्टर ने मां का ऑपरेशन करने के लिए 60 हजार मांगे थे, 40 हजार जमा कराकर ऑपरेशन करके डॉक्टर नर्सिंग होम से चले गए।

इसके बाद मां की हालत बिगड़ने लगी। आपरेशन करने वाले डॉक्टर को बुलाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं आए। देर रात 11 बजे मां की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर हंगामा कर रहे परिजनों को समझाकर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा तो परिजन बिना कानूनी कार्रवाई कराए शव को अपने साथ ले गए।

# डीपीएस के स्पोर्ट्स डे में आएंगे पदक विजेता



पैरालंपिक पदक विजेता नवदीप।

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पैरालंपिक पदक विजेता नवदीप और अजीत सिंह बच्चों का बढ़ाएंगे हौसला
- 30 नवंबर को है स्पोर्ट्स डे चेयरमैन विवेक यादव ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा इस बार फिर अपने स्पोर्ट्स डे पर 30 नवंबर को देश की ओलंपिक हस्तियों को बुला रहा है। वर्ष 2024 पेरिस पैरालम्पिक खेलों में 'जैवलिन थ्रो' स्पर्धा में इंडिया के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाले नवदीप सिंह और सिल्वर मेडल जीतने वाले अजीत सिंह डीपीएस इटावा में खिलाड़ियों का उत्साबर्द्धन करने आ रहे हैं।

एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव और डीपीएस की प्रिंसिपल भावना सिंह ने पत्रकारों को बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल के यंग टैलेंटेड एथलीट्स को प्रोत्साहन देने के लिए ये दोनों पैरालंपिक विजेता खिलाड़ी स्कूल आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दोनों विजेताओं जैवलिन थ्रोअर नवदीप सिंह और अजीत सिंह को व्यक्तिगत तौर पर प्रधानमंत्री आवास बुलाकर उन्हें सम्मानित किया है।



मेडल विजेता अजीत सिंह।

डीपीएस के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने बताया कि पूर्व में भी उनके स्कूल के एनुअल स्पोर्ट्स डे के अवसर पर विश्व के सर्वश्रेष्ठ और भारत के लिए विभिन्न खेलों में पदक जीतकर गौरवान्वित करने वाले स्पोर्ट्स स्टार मैरी कॉम, साइना नेहवाल, धनराज पिल्लै, दीपक ठाकुर, देवेश चौहान आदि स्कूल के खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए आ चुके हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा से कृतसंकल्पित है। इसी का परिणाम है कि डीपीएस इटावा में पढ़ने वाले बच्चे सीबीएसई परीक्षा परिणामों में टॉपर्स के रूप में अपना प्रदर्शन देते हैं। साथ ही सीबीएसई की नेशनल और जोनल स्तर की विभिन्न खेल स्पर्धाओं में पदकों को जीतकर स्कूल और अपनी स्पोर्ट्स क्षमताओं का निरंतरव गौरवपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं।

यह सब स्कूल के शानदार खेल इंफ्रास्ट्रक्चर और योग्य खेल कोचों की वजह से ही संभव हुआ है। इस वर्ष विभिन्न खेल स्पर्धाओं में सीबीएसई नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया और जोन स्तरीय खेलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के बच्चों ने ही अकेले 50 से ज्यादा गोल्ड सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जनपद इटावा को गौरवान्वित किया है।

# बोर्ड परीक्षा में तकनीक की मदद से रोकेंगे नकल

## जिला मुख्यालय के साथ लखनऊ से भी रहेगी पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- टीम ने परीक्षा केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के बाद सौंपी विस्तृत रिपोर्ट
- सीसीटीवी कैमरे, राउटर डीवीआर और ब्राडबैंड से लैस होंगे परीक्षा केंद्र

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की फरवरी 2025 में होने वाली हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने और नकलची प्रवृत्ति के छात्रों को पकड़ने के लिए हाइटेक बंदोबस्त किए जा रहे हैं। ऐसे इंतजाम किए जा रहे हैं जिससे कोई भी परीक्षार्थी नकल नहीं कर सके। हालांकि अभी बोर्ड परीक्षा की तारीखों का एलान नहीं किया गया है।

इस संबंध में विभाग ने जो तैयारी की है, उसके चलते इस बार बोर्ड परीक्षा की हर स्तर पर निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व्यवस्था से की जाएगी। इसके लिए बोर्ड के निर्देश पर सभी व्यवस्थाएं जुटाई जा रही हैं। जिले के जिन कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा, उन सभी में सीसीटीवी कैमरे, राउटर, डीवीआर, ब्राडबैंड का विवरण ले लिया गया है। इस साल होने वाली बोर्ड परीक्षा में जिले में कुल 44120 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसमें 10वीं कक्षा में 22352 और 12वीं कक्षा में 21768 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

यूपी बोर्ड की परीक्षा में एआई व्यवस्था से परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में अनाधिकृत रूप से प्रवेश की कोशिश करने पर जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के साथ ही यूपी बोर्ड मुख्यालय और लखनऊ के कमांड कंट्रोल रूम में अलर्ट का संदेश पहुंचेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्र बनाने के लिए जिला स्तर से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टीम ने स्कूलों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट सौंप दी गई है। इसमें विद्यालय में कक्ष के दोनों ओर सीसीटीवी कैमरे, बिजली, पानी, शौचालय, आसपास के स्कूलों की दूरी, सड़क से स्कूल की दूरी सहित अन्य जानकारियों को अपलोड किया गया है।

**22352**
परीक्षार्थी 10वीं में पंजीकृत

**21768**
छात्र-छात्राएं इंटर में पंजीकृत

यूपी बोर्ड

### परीक्षा केन्द्रों की लिस्ट जारी होने का इंतजार

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं के लिए जिन कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, उन सभी कालेजों का ब्योरा पहले ही अपलोड किया जा चुका है। परीक्षा केन्द्र बनाने का काम यूपी बोर्ड से किया जाना है और अब बोर्ड से परीक्षा केन्द्रों की लिस्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। ऐसी संभावना है कि जल्द ही लिस्ट जा जाएगी। शिक्षा विभाग तैयारी में जुटा है।

# इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित कराएंगे

**इटावा।** 10 नवंबर को इटावा अपने 224 वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाएगा। चंबल संग्रहालय पंचनद के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने जिलाधिकारी अवनीश राय को पत्र लिखकर इटावा के समृद्ध और गौरवशाली इतिहास को जनमानस तक पहुंचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, बल्कि इस भूमि की ऐतिहासिक धरोहर और परंपरा को सहेजने का भी है।

10 नवंबर 1801 को इटावा जिले का गठन तब हुआ, जब अवध के नवाब सादत अली खां और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच समझौते के तहत यह क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अधीन आया। इससे पहले इटावा की कोर्ट और प्रशासन मियां अलमास अली खां के हाथों में था। यमुना के किनारे बसा इटावा और इसका कुछ क्षेत्र ग्वालियर रियासत के अधीन था, जो 30 दिसंबर 1803 को सुरजी अर्जुन में हुई संधि के बाद इटावा में शामिल कर लिया गया।

## सार-संक्षेप



खिलाड़ियों का परिचय लेतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया, साथ में अशोक चौबे।

### शातिर क्लब ने चिंडौली से जीता कबड्डी मैच

**बकेवर।** बकेवर महोत्सव का उद्घाटन कबड्डी प्रतियोगिता के साथ हुआ। उद्घाटन मैच शातिर क्लब अहेरीपुर व चिन्डोली लखना की टीम के बीच हुआ। शातिर क्लब ने चिन्डोली को पराजित कर मैच जीता। बुधवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन सदर विधायक सरिता भदौरिया ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेल हमारे शरीर और मस्तिष्क दोनों को ही मजबूत बनाते हैं। इससे पूर्व मेला कमेटी के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक अशोक चौबे ने जसकरन सिंह, लैल ठाकुर, योगेंद्र, पुरुषोत्तम मिश्रा, अनुज अवस्थी निखिल, ऋषीश्वर,पंचम चौधरी के साथ विधायक को चांदी का मुकुट और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। दूसरा मैच तिलक क्लब औरैया व सहजपुर भरथना की टीम के बीच हुआ, जिसमें औरैया टीम ने 18 अंक से जीत हासिल की। तीसरा मैच अहेरीपुर एसबीजेआई व चकरनगर टीम के बीच हुआ, जिसमें अहेरीपुर टीम 16 अंक से विजेता बनी। चौथा मैच मध्य प्रदेश के दतिया की टीम व बजरंग क्लब बकेवर के बीच हुआ जिसमें दतिया की टीम 20 अंकों से मैच जीती। मैच रेफरी अतुल ऋषीश्वर रहे। यहां चेयरमैन विवेक यादव, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, राकेश चौधरी, विकास भदौरिया, लालजी दुबे, ज्योति प्रकाश शर्मा, जाहिद, इशरत खान, अनूप पांडेय, अतुल, रामकुमार परिहार, गोविंद चौधरी, अक्षित पाठक, बादल कठेरिया, मनीष बाथम आदि रहे। संचालन रामानन्द त्रिपाठी ने लिया।

### महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

**भरथना।** कस्बा के बृजराज नगर में रामवती तिवारी, अश्वनी तिवारी के संयोजकत्व में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। दिव्य नारायण तिवारी ने सिर पर भगवत पुराण रखकर नगर के प्रमुख मार्गों बृजराज नगर, जवाहर रोड, रामलीला मैदान, मिडिल स्कूल, सिन्धी कालोनी आदि के देवस्थानों के दर्शन व जल भरकर भागवत कथा स्थल सिंधी धर्मशाला पहुंचकर सरस कथावाचक आचार्य विद्यानन्द तिवारी कानपुर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत कलशों की स्थापना करवायी। कलश यात्रा के दौरान सभासद प्रतिनिधि शिवराम सिंह यादव, दिव्य नारायण तिवारी, राजू बजाज, शिवांग तिमोरी, अमरजीत दुबे, टिंकल यादव, शोभी यादव, संजू पोरवाल, अंकुर वर्मा, आशुतोष यादव आदि उपस्थित रहे।

### वकीलों ने जुलूस निकालकर किया कार्य बहिष्कार

**इटावा।** गाजियाबाद के अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को जिला बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और जुलूस निकालकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने मांग की कि घायल वकीलों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाए। मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित ने बताया कि जिला जज को ज्ञापन देकर हड़ताल की सूचना दी गई है। यहां डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेन्द्र पाल व सीबीए अध्यक्ष अनिल तिवारी, महामंत्री अरुण गुप्ता के साथ अश्वनी सिंह, देवेन्द्र मिश्र, अवनीश यादव, मुकेश यादव, साक्षी शर्मा, अनिल यादव, मोहित भदौरिया, अभिषेक वर्मा, अतुल सिंह, पवन मिश्रा, रविन्द्र यादव, सौरभ यादव, अनिल शाक्य, शिवम सेंगर आदि रहे।

# रसगुल्ला मैन अनुज कुमार का नाम ओएमजी बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 20 से 30 फीट ऊपर उछाल कर खाते हैं गुलाब जामुन
- दिल्ली में शोभना सम्मान से भी सम्मानित हो चुके अनुज

**अमृत विचार।** गुलाब जामुन खाना सभी को पसंद है। शहर के शांति कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर रामसेवक के 29 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार का गुलाब जामुन खाने का अंदाज ही अलग है। वह गुलाब जामुन को 20 से 30 फीट ऊपर उछाल कर खाते हैं। करीब 10 साल से अलग अंदाज से गुलाब जामुन खाने की वजह से उनका नाम अजीबोगरीब कारनामा करने वाली किताबों में दर्ज हो गया है।

हाल ही में उनका नाम ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले इटावा के पहले युवा हैं। उनके इस अनूठे अंदाज की वजह से उन्हें लोग रसगुल्ला मैन कहकर बुलाते हैं। वह अपनी इस कला का प्रदर्शन तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर भी कर चुके हैं। इस पर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया था।



पुरस्कार दिखाते रसगुल्ला मैन अनुज।

इसके अलावा उन्हें कई शिक्षण संस्थानों में भी अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। वह इटावा महोत्सव के पंडाल में भी रसगुल्ला उछालकर खा चुके हैं। दिल्ली में उन्हें शोभना सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। अनुज कुमार बताते हैं कि उन्हें अपने परिवार खासकर पत्नी रुचि कुमारी का पूरा सहयोग मिलता है। कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती आ रही हैं। वह हमेशा हौसला बढ़ाने का कार्य करती आ रही हैं। दो बच्चे भी उनकी इस कामयाबी पर काफी खुश हैं। हाल ही में नेशनल बुक ने भी उनका नाम दर्ज करने की स्वीकृति प्रदान की है, लेकिन उनका सपना है कि उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो। इसके लिए वह प्रयासरत हैं।

# अपहरण केस में 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अदालत ने 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 11 मधु गुप्ता ने 11 साल पुराने अपहरण केस की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई। उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त सजा होगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार बलरई क्षेत्र के नगला ताल निवासी सुलेखा देवी ने रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसकी शादी 24 अप्रैल 2012 को फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज क्षेत्र के नगला मदारी निवासी प्रदीप कुमार के साथ हुई थी। प्रदीप के पिता की बचपन में ही मौत हो गई थी। प्रदीप की मां ने दूसरी जगह घरौना कर लिया। प्रदीप को उसकी दादी ने पाला पोसा था।

दादी की 2 अक्टूबर 2012 को मौत हो गई। दादी की मौत के बाद प्रदीप की जमीन पर परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया। 20 मई 2013 को प्रदीप के ताऊ के लड़के बृजमोहन व पवन कुमार बहाने से प्रदीप को घुमाने ले गए। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। विवेचना के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोपपत्र पेश किया। पवन के किशोर होने पर मामला किशोर बोर्ड भेज दिया गया। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 11 में की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह वर्मा ने पैरवी की। उनकी ओर से पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने बृजमोहन को दोषी पाया और उसे 10 साल की सजा व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को दी जाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रनुआं विकास खण्ड सैफई-इटावा**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत-रनुआं/निविदा प्रकाशन/2024-25/ दिनांक: 06.11.2024

**नोटिस/विज्ञप्ति**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत रनुआं सैफई-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद/पी0एफ0एम0एस0 निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत रनुआं विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 07.11.2024 से 12.11.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 12.11.2024 की ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.11.2024 से 12.11.2024 तक ग्राम पंचायत रनुआं सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रा0वि0न0 अजाब में इन्टरलॉकिंग कार्य | पंचम वित्त /15वाँ वित्त | 1,50,561.00 | 3011.00 | 300.00 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत रनुआं कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।
01- अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0- 730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अंतर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी /कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0), ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के परिवारिक सदस्यों और रिश्तेदारों द्वारा स्थापित फर्म /वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत रनुआं विकास खण्ड सैफई-इटावा


# बिल अदायगी नहीं करने पर 90 घरों की बत्ती गुल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बिजली चोरी रोकने और बकाया वसूलने के अभियान में बुधवार को लाइनपार क्षेत्र में 10 उपभोक्ताओं को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा गया। बकाया बिल जमा ना करने वाले 90 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए।

बुधवार को लाइनपार क्षेत्र में उपखांड अधिकारी गगन अग्निहोत्री व जेई जितेन्द्र कुमार की टीम ने अभियान चलाया तो इस अभियान के दौरान फ्रेंडस कालोनी से संबंधित पचावली क्षेत्र में 10 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। यह उपभोक्ता केबिल में कट करके या फिर मीटर टैम्पर्ड करके बिजली की चोरी कर रहे थे। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। इसी तरह तीन एसडीओ गगन अग्निहोत्री, पीयूष मौर्य व आनन्द पाल सिंह ने बकाया बिल जमा नही करने वालों से बिल जमा करने के लिए कहा। बिल जमा नहीं करने पर 90 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। इस दौरान कुछ उपभोक्ताओ ने बकाया बिल जमा किया। इन उपभोक्ताओं ने बिल के रुप में पांच लाख 31 हाजार की रकम जमा की।

### पोल गिरने से 15 घंटे बत्ती गुल

- **जसवंतनगर।** मंगलवार रात दो बजे अचानक विद्युत पोल राष्ट्रीय बीज भंडार पर जा गिरा। दुकान के ऊपरी हिस्से में परिवार रहता है। पोल गिरने से चिंगारियों के साथ तेज धमाका हुआ, जिससे पूरा मकान हिल गया। गनीमत यह रही कि कोई नुकसान नहीं हुआ। सूचना पर आपूर्ति बंद कर दी गई। मुख्य सड़क होने के कारण दिन में राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इन पोलों की शिकायत पहले की जा चुकी है। स्टैंड चौराहा आदि जगहों की आपूर्ति 15 घंटे बाधित रही।

सेमिनार — केके कालेज ने पीआईबीएम के साथ किया एमओयू साइन

# रोजगार के लिए स्किल डवलपमेंट जरूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** केके कॉलेज में स्किल डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल और पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में कॅरियर अपोरचूनिटी रिज्यूम एंड स्किल डेवलपमेंट विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। केके महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्नातक व परास्नातक की पढ़ाई के साथ बदलते परिवेश के अनुरूप अपनी स्किल्स को मजबूत करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कॅरियर के बहुत सारे अवसर उपलब्ध हैं, परंतु उनके अनुरूप विद्यार्थियों को अपने को तैयार करने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट और प्लेसमेंट सेल समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे हमारे विद्यार्थी अपने आपको उसके अनुरूप तैयार कर सकें। मुख्य वक्ता डोमिनिक परेरा ने वैश्विक स्तर पर बदलते हुए रोजगार के क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की।





पीआईबीएम के साथ एमओयू प्रदर्शित करते प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि आज हम मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के दौर में आगे बढ़ रहे हैं। कई क्षेत्रों में काफी नौकारियां उपलब्ध थीं, वे धीरे-धीरे खत्म हो रहे हैं। रोजगार के नये क्षेत्र उभर रहे हैं। स्किल डेवलपमेंट मैनेजर अंकित कुमार ने विभिन्न स्किल्स पर विस्तार से चर्चा की। केके कॉलेज और पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के बीच एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।सेमिनार में महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्यों में डॉ. सनोज कुमार, डॉ. सुशील कुमार, मुरली कुमार, डॉ. सुजीत कुमार, अनुपम कुमार, अजरा बेगम, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अभिषेक गौड़ उपस्थित रहे। महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ. सनोज कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, प्रो. शाजिया अख्तर, प्रो. सुनील सिंह सेंगर, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. नमिता पांडेय, डॉ. नीता पांडेय आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रो. रमाशंकर यादव ने किया।


**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

**अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्री स्वराजनाथ गुप्ता पुत्र श्री अमर नाथ गुप्ता निवासी गण बजरिया सराय इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होंने मकान रामस्वरूप आदि जिसका रकबा...... पूर्व पश्चिम ....... उत्तर दक्षिण ...... है। जिसकी सीमा पूर्व में मकान राम स्वरूप आदि पश्चिम में मकान अरविन्द कुमार गुप्ता उत्तर में गली 8 फीट चौड़ी दक्षिण में सड़क सरकारी मोहल्ला श्री सुरेन्द्रनाथ गुप्ता, राजेन्द्र नाथ व जितेन्द्र नाथ पुत्र श्री कैलाश नाथ गुप्ता निवासी मोहल्ला सड़क बाजार इकदिल से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वाँछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

**अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्रीमती समला देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासी गण दौलतपुर सराय इकदिल तहसील भर्थना जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होंने ....... जिसका रकबा...... पूर्व पश्चिम ....... उत्तर दक्षिण ..... . है। जिसकी सीमा पूर्व में प्लाट सुघर राजपूत पश्चिम में प्लाट विक्रेता प्रथम पक्ष उत्तर में वृक्षारोपड़ कथगवाँ लिंक मार्ग दक्षिण में रास्ता 16 फीट मोहल्ला श्री सुघर सिंह राजपूत पुत्र श्री पलटू निवासी मोहल्ला मो0 लुधियाँत इकदिल से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वाँछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

# दो मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से चाकू, कार और नकदी बरामद, घायल जिला अस्पताल में भर्ती

**दिलीप हत्याकांड**

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड के मुख्य आरोपी दो सगे भाइयों को मलवां क्षेत्र के कैंची मोड़ के पास हुई मुठभेड़ में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। दो नामजद आरोपी अभी भी पकड़ से दूर हैं। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपियों के पास चाकू, कार और नकदी बरामद की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चकबिसौली स्थित यार्ड में 30 अक्टूबर की रात पत्रकार दिलीप सैनी की चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या उनके करीबियों ने की थी। पत्रकार दिलीप सैनी की पत्नी मनु ने नौ लोगों के खिलाफ नामजद और 5-6 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई थीं, जो आसपास के जिलों में दबिशें दे रही थीं। मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम मध्य प्रदेश तक गई, लेकिन आरोपी उनके हाथ नहीं लगे।

सोमवार को आरोपियों की ओर से अदालत में समर्पण की अर्जी डाली गई तो पुलिस की सक्रियता बढ़ गई। बुधवार की भोर पहर हाईवे से सटे वाहिदपुर कैंची मोड़ के समीप इंटेलीजेंस विंग की टीम और मलवां थाने की पुलिस संयुक्त रूप से चेकिंग कर रही थी, तभी एक कार पर दो लोग आते दिखे। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो मुड़ कर पीछे भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो एक युवक कार से उतरा और पुलिस की ओर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर पर गोली लगी।दूसरे ने भागने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा के गोली से घायल हुआ अनुराग तिवारी पुत्र वंकिम चन्द्र तिवारी खागा क्षेत्र के बड़ी सरसई का निवासी है, जबकि दूसरा उसका भाई आलोक कुमार तिवारी उर्फ अक्कू है। दोनों शहर के पक्का तालाब में रहते हैं। एएसपी के मुताबिक दोनों पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड में मुख्य आरोपी हैं, जो फरार थे। उन्होने बताया कि आरोपियों के पास से एक कार, तमंचा, कारतूस के साथ नकदी मिली है।



मुठभेड़ में घायल आरोपी को लेकर जाती पुलिस। अमृत विचार

**अब खुलेगा हत्या का राज**

■ पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड के मुख्य आरोपी दो सगे भाइयों की गिरफ्तारी के बाद हत्याकांड से पर्दा उठने की उम्मीद है। हालांकि फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने हत्याकांड की वजहों को लेकर कोई खुलासा नहीं किया, मगर संभावना है कि पुलिस जल्द ही खुलासा करेगी। दोनों मुख्य आरोपियों से गहराई से पूछताछ की गई है। पूछताछ के आधार पर पुलिस हत्याकांड की कड़ियों को जोड़ने के प्रयास में जुटी है।

## सांड़ के हमले से घायल वृद्धा की थम गईं सांसें

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पलवा में सत्रह दिन पूर्व गांव के समीप ही खेत जा रही 61 वर्षीय वृद्ध महिला को अन्ना सांड ने हमला कर घायल कर दिया था। जिसका इलाज रायबरेली जनपद में चल रहा था। चार दिन पूर्व घर वापस आए। मंगलवार को कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

पलवा गांव निवासी रामभजन की पत्नी कमला देवी बीस अक्टूबर को खेत जा रही थी। तभी घूम रहे अन्ना साड़ ने हमला कर घायल कर दिया था। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया था, लेकिन परिजन कानपुर न ले जाकर रायबरेली जनपद में इलाज करा रहे थे। कुछ दिन पूर्व उसे परिजन घर ले आए और यहीं पर इलाज किया जा रहा था।

मंगलवार को हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे इसी दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।



बार चुनाव को लेकर बैठक करते अधिवक्ता। अमृत विचार

## बार चुनाव का कार्यक्रम बदला, मतदान 28 को

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें पूर्व में घोषित कार्यक्रम में संशोधन करते हुए नया कार्यक्रम घोषित किया गया। जिसके तहत अब मतदान 28 व 29 नवंबर को मतगणना होगी।

बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा, महामंत्री बचानी लाल ने अधिवक्ताओं के साथ विचार-विमर्श कर बार चुनाव कार्यक्रम में संशोधन किया गया। अब 7 से 11 नवंबर तक अनन्तिम मतदाता सूची में आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। 12 नवंबर को आपत्ति निस्तारण, 14 नवंबर को अन्तिम सूची का प्रकाशन, 15 व 16 नवंबर को नामांकन होंगे। इसके अलावा 18 नवंबर को नाम वापसी व 28 नवंबर को मतदान सम्पन्न कराया जाएगा। मतगणना अगले दिन यानी 29 नवंबर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी। घोषित कार्यक्रम पर सभी अधिवक्ताओं ने अपनी सहमति जताई। इस मौके पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मणि प्रकाश दुबे, जगदीश प्रसाद गुप्ता, गया प्रसाद दुबे, सुरेश यादव, महामंत्री प्रत्याशी इन्द्र कुमार चैहान, जितेन्द्र सिंह गौतम, इन्द्रजीत यादव, श्रीराम पटेल आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## पालिका चेयरमैन ने देखा धोबी घाट

**फतेहपुर।** शहर के मसवानी वार्ड के निबहरा मुहल्ले में अमृत 2.0 अभियान के तहत 134.25 लाख रुपये की लागत से पक्के धोबी घाट का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य का निरीक्षण करने के लिए बुधवार को चेयरमैन, सभासद व ईओ मौके पर पहुंचे और गुणवत्ता को चेक किया। कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने की हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने कहा कि इस पक्के धोबी घाट का निर्माण हो जाने से इस पेशे से जुड़े लोगों को आसानी हो जाएगी। जल्द ही इस घाट का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ न किया जाए। मैटेरियल अच्छे किस्म का लगाया जाए। ईओ ने कहा कि घाट का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करके नगर पालिका को हैण्ड ओवर किया जाए। इस मौके पर सभासदों में विनय तिवारी, शादाब अहमद, पवन द्विवेदी, शहजाद अनवर, विवेक यादव, भिक्कू मामा, अरुण यादव, राम सिंह पटेल, गुड्डू यादव, साबिर, नफीस अहमद, श्यामू जायसवाल, आशु सिंह, रश्मि आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** उद्योग व व्यापार के विकास की मांगों को लेकर बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी के आवास पहुंचकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें व्यापारियों के लिए पेंशन व स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने की मांग की गई। विधायक का कहना रहा कि उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी की अगुवई में एक प्रतिनिधि मंडल सदर विधायक के आवास पहुंचा और ज्ञापन देकर मांग किया कि शिक्षक एवं स्नातक की तरह प्रदेश के 36 लाख पंजीकृत व्यापारियों से प्रदेश के छह हिस्सो अवध, गोरक्ष, काशी, कानपुर-बुंदेलखण्ड, बृज, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से चुनकर विधान परिषद भेजा जाए ताकि उच्च सदन में पूरे प्रदेश के व्यापारियों का प्रतिनिधित्व हो सके। देश व प्रदेश के व्यापारियों को पेंशन एवं स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए। जिसकी आयु सीमा 60 वर्ष से ऊपर के व्यापारी के लिए हो।

आग लगने, बाढ़ आने, दैवीय आपदा आदि में व्यापारी का नुकसान होने पर विभागों द्वारा उससे खर्चन लिया जाए। वस्तु एवं सेवाकर में कर की दरों में एकरूपता लाते हुए विलासता की वस्तुओं की उच्च दर एवं आम उपयोगी वस्तुओं को निम्न दर पर रखा जाए। 29 जून को भामाशाह की जयंती पर घोषित व्यापारी कल्याण दिवस को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाए व संपूर्ण देश में इसे लागू किया जाए। पंजीकृत व्यापारी को आयुष्मान कार्ड योजना से भी जोड़ा जाए। इस मौके पर संजय गुप्ता, रज्जन गुप्ता, गुड्डू मोदनवाल, धीरज कुमार बाल्मीकि, विजय सिंह एडवोकेट, संजय जौहरी, मो. आसिफ एडवोकेट, उमेश मौर्य एडवोकेट, विनोद गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, दीपू सिंह, मो. अलीम, शकील अहमद, शुभम त्रिवेदी एडवोकेट भी मौजूद रहे।



सदर विधायक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

## सीएमओ ने देखा पीएचसी का हाल

**किशनपुर।** कस्बा स्थित पीएचसी का बुधवार को सीएमओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बने कक्षों की देख रेख की। विजयीपुर पीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ डा० राजीव नयन ने पूरे पीएचसी का निरीक्षण किया।

निरीक्षक करने पहुंचे सीएमओ ने प्रसव कक्ष व निरीक्षक कक्ष का भी निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षक डा. बृजेश पाण्डेय ने जर्जर बिल्डिंग और बेड बेवस्था व फार्मसिस्ट कक्ष की टूटी छत को दिखाया। पीएचसी के पाँच बेड दिखाये गये जिसमें तीन बेड डिलेवरी प्वाइन्ट में और दो बेड जर्जर बिल्डिंग के नीचे दिखाया गया। जिसमें सीएमओ डा. राजीव नयन ने कहा जेई को भेज कर जांच करवाकर पीएचसी बिल्डिग की रिपेरिंग करवायी जाएगी। इस मौके पर डा. बृजेश पाण्डेय, नगेन्द्र सिंह फार्माशिष्ट, रामसेवक, बिंदू देवी, राजू मौजूद रहे।

# किशनपुर-दादों पुल हुआ जानलेवा

संवाददाता, विजयीपुर

**अमृत विचार।** एक माह पहले यमुना में आई बाढ़ के बाद किशनपुर दादों यमुना ब्रिज का अप्रोच और अप्रोच मार्ग धंस गया था जिससे पूरी सड़क मे जानलेवा गड्ढे हो गए थे जिसके बाद जिम्मेदारों ने बड़े वाहनों को रोक कर छोटे वाहनों के निकलने की वैकल्पिक व्यवस्था कर लाखों का वारा न्यारा कर दिया था जिसके 40 दिन बीतने के बाद भी अब तक कोई उचित प्रबंध नहीं किया गया है जिससे स्थानीय लोग बड़े वाहन निकालने के लिए परेशान हैं।

करोड़ों की लागत से हाल ही में बनकर तैयार हुए किशनपुर दादों यमुना ब्रिज का लोकसभा चुनाव से पहले लोक निर्माण विभाग के केंद्रीय मंत्री ने लोकार्पण किया था जिसके बाद बरसात और यमुना में आई बाढ़ के चलते यमुना ब्रिज और तुर्की ब्रिज के बीच का 500 मी अप्रोच मार्ग पूरी तरह से धंस गया था इंटरलॉकिंग टूट गई थी सपोर्ट एंगल धंस गए थे। पूरी सड़क मे दरार आ गई थी। तुर्की पुल के तो सभी अप्रोच टूट कर नीचे गिर गए थे। इसके बाद आनन फानन पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने तीन दिन तक डेरा डालकर बल्लियों के सहारे छोटे वाहनों को निकालने का रास्ता बना कर बड़े वाहनों के आवाजाही पर रोक लगा कुछ दिन बाद मरम्मत करने का बहाना बना लापता हो गए थे। जिसके 40 दिन बाद भी अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे बड़े वाहनों के आवागमन के लिए व्यापारी राहगीर भटक रहे हैं। छोटे वाहन जान हथेली में लेकर सफर करने के लिए मजबूर हैं परंतु लोक निर्माण विभाग फतेहपुर गहरी नींद सो रहा है।



किशनपुर-दादों पुल के जर्जर अप्रोच मार्ग से गुजरना आसान नहीं। अमृत विचार

● **यमुना नदी में बाढ़ से धंस गया था अप्रोच रोड, विभाग ने अभी तक नहीं ली कोई सुधि**

**पुलिया टूटने से परेशानी**

**खागा।** नगर के नवबस्ता रोड स्थित दर्जिन टोला में चतुर्भुजी मंदिर के पास एक पुलिया पिछले दो महीनों से क्षतिग्रस्त है, जिससे वहां के स्थानीय निवासी और राहगीरों को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह पुलिया लगभग पाँच फुट की लंबाई में टूटी हुई है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन करना काफी जोखिमभरा हो गया है। खासकर, बच्चों और बुजुर्गों को इस मार्ग से गुजरने में दिक्कत होती है, जबकि वाहनों के गुजरने पर दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। नगरवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि जल्द ही पुलिया की मरम्मत नहीं की गई, तो उन्हें प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। ईओ देवहूति पांडेय ने कहा कि जल्द ही पुलिया बनवा दी जाएगी।

# छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यातायात माह के तहत जागरूकता अभियान जिले में जोर-शोर से चलाया जा रहा है। बुधवार को यातायता प्रभारी लालजी सविता व टीएसआई बृजेन्द्र कुमार ने खागा पहुंचकर छात्रों को जहां सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई।

यातायात प्रभारी लालजी सविता एवं टीएसआई बृजेंद्र कुमार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं टीएसआई दीनानाथ सदा शिव इंटर कॉलेज खागा पहुंचे। जहां छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इसके साथ-साथ माल वाहक वाहन द्वारा सवारियों का परिवहन करने वाले वाहनों पर तथा दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, सवारी ई-रिक्शा पर माल को ढोने वाले ई-रिक्शा पर कार्यवाही की गई। बिना नंबर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग न कर वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई और नाबालिक द्वारा वाहन चलाने वालो की सघनता से चेकिंग कर कार्यवाही की गई।

● **नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई**

## ऑटो पलटने से चालक घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के कटोघन टोल प्लाजा के समीप बुधवार की सुबह अनियंत्रित होकर आटो पलट जाने से 17 वर्षीय किशोर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

पड़ोसी कौशांबी जनपद के थाना सैनी गांव धौंतर निवासी रामचन्द्र का पुत्र नीरज आटो चालक है, बताते हैं कि आज सुबह वह खागा सवारियां छोड़कर वापस जा रहा था। जब वह कटोघन टोल प्लाजा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर आटो पलट जाने से वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# स्वस्थ व्यक्ति कर सकते रक्तदान

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान व चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में वेब इन्फोटेक वर्मा चैराहा में जिला चिकित्सालय की टीम के सहयोग से रक्तदान जागरूकता व एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में सर्वप्रथम संचालक प्रशांत पाटिल ने सभी आगन्तुकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। जिला चिकित्सालय रक्त केंद्र परामर्शदाता दीपाली वर्मा ने रक्तदान के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि 18 से 65 साल के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने की एक आसान प्रक्रिया है। साथ ही सुरक्षित रक्त प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

जिला चिकित्सालय से ही परामर्शदाता अतुल जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को एचआईवी से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने का प्रयास किया। साथ ही डॉ अनुराग ने कहा कि एक रक्तदान से हम चार जिंदगी बचा सकते हैं। स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन माह में रक्तदान कर सकते हैं। जागरूकता कार्यक्रम में 16 छात्र छात्राओं ने अपना रक्त ग्रुप परिक्षण भी कराया। इस अवसर पर एचआईवी काउंसलर शीलू गुप्ता, पूजा तिवारी स्टाफ नर्स, कमला प्रसाद लैब असिस्टेंट सहित तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




शिविर में रक्तदान व एचआईवी को लेकर जागरूक करते आयोजक। अमृत विचार

● **रक्तदान और एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

## सार-संक्षेप

**सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत**

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात वाहन की चपेट में आने से 45 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। उन्नाव जनपद के अजीजपुर लखरिया निवासी भूरू खान का पुत्र अब्दुल हसन गाजीपुर कस्बा जलसा देखने आया था। रात तीन बजे वह वापस उन्नाव जा रहा था, तभी जाफरगंज कस्बे के समीप वाहन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में भाई नूर हसन ने दी है।

**सांप के डसने से वृद्ध की मौत**

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम जरारा में खेत से घर वापस आ रहे 84 वर्षीय वृद्ध को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जरारा गांव निवासी स्व0 रामदीन का पुत्र रामसनेही मंगलवार को लगभग तीन बजे खेत से घर वापस आ रहा था। इसी दौरान उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**औद्योगिक क्षेत्र में राइस मिल की शुरुआत**

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा औद्योगिक क्षेत्र में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में यूपीएसआईडीए से साइन एमओयू यूनिट उमराव राइस मिल की शुरुआत उत्तर प्रदेश राइस मिल्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह व जिला उद्योग अधिकारी चंद्रभान सिंह ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। मिल के संचालक भूपेंद्र उमराव, अभिमन्यु उमराव, जितेंद्र उमराव ने बताया कि यहां सभी प्रकार के धानों से मशीनों द्वारा बगैर टूटे साफ सुथरा चावल निकला जाता है। यहां चावल की पैकिंग करके मार्केट में सप्लाई की जाती है। यहां बैंक ऑफ़ बड़ौदा के रीजनल मैनेजर मनोज कुमार झा, उदय भान साहू, वीरेंद्र सिंह, मनोज गांधी आदि लोग मौजूद रहे।




प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी, एसपी व सीडीओ।

**पराली को लेकर जागरूक करेंगे प्रचार वाहन**

**फतेहपुर।** जनपद में पराली जलाने पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट से तीन प्रचार वाहनों को तहसीलों में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहनों के माध्यम से कृषकों को पराली न जलाए जाने, धान फसल को ऐसे कम्बाइन हार्वेस्टर जिसमें सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम लगा हो उन्ही से धान फसल की कटाई कार्य कराये जाने हेतु जागरूक किया जाएगा। कृषकों द्वारा खेतों में पराली, सरपत एवं कूडा-करकट को किसी भी दशा में न जलाने की शपथ दिलाते हुए इस कार्य में सहयोग प्रदान किये जाने एवं पराली को जलाने वाले कृषकों के विरूद्ध शासनादेश में उल्लिखित प्रवर्तन/जुर्माना की कार्यवाही से भी अवगत कराया जाएगा। फसल अवशेषों को खेतों में सडाकर जैविक खाद बनाकर मृदा की उर्वरा शक्ति व जीवांश की मात्रा को बढाने के लिए जागरूक करने के साथ ही कृषकों को उपयोग रहित पराली गौशालाओं को नि :शुल्क दान किये जाने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

**उत्साह** चार दिवसीय अनुष्ठान को लेकर शहर में रह रहे पूर्वांचल के लोगों में दिख रहा उत्साह

# नहाय खाय के साथ छठ पूजा की शुरुआत

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** छठ पर्व पर अपने जिले में भी पूर्वांचल की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान शुरू हो गया। इनके घरों में दीपावली से कम उत्साह नहीं है। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का पारायण होगा।

शहर में पूर्वांचल और बिहार के करीब एक सैकड़ा लोग अलग-अलग स्थानों में रहते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में या तो काम कर रहे हैं या फिर यहां पर स्थायी रूप से रहने लगे हैं। पीएसी कालोनी, रेलवे कालोनी समेत विभिन्न स्थानों में परिवार रहते हैं। इनके अनुसार छठ पर्व को मनाने को पूर्वांचल और बिहार के लोग दीपावली के बाद से ही बेचैन रहते हैं। पीएसी में जो लोग बिहार और पूर्वांचल के रहते हैं, उनके घर परिवार में इस पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गो में खासा उत्साह दिखाई पड़ रहा है। पहले दिन नहाय खाय का अनुष्ठान हुआ। पीएसी कालोनी में रह रहे दीपक दुबे ने बताया कि पहले दिन घर को पूरी तरह स्वच्छ किया जाता है और फिर नहाने के बाद शुद्ध शाकाहारी तरीके से भोजन व पकवान बनाया जाता है, जिसमें लौकी की सब्जी, दाल, चावल जरूर बनाया जाता है। दूसरे दिन व्रती महिलाएं शाम को खीर-रोटी प्रसाद के रूप में लेती हैं, जिसे खरना कहा जाता है।



भिटौरा के ओम घाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

## अफसरों ने ओम घाट की तैयारियां परखीं

संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** छठ पूजा के मद्देनजर जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने ओम घाट भिटौरा का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने छठ पूजा के लिए घाट के पास समुचित प्रकाश व्यवस्था के लिए सीडीओ को निर्देश दिए। एसडीएम सदर प्रदीप रमन को निर्देश दिए कि छठ पूजा के दौरान सीएमओ से समन्वय बना कर मेडिकल टीम तैनात कराएं और पेयजल, शौचालय एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोताखोरों को सतर्क रखें और अन्य घाटों पर भी छठ पूजा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। यहां सीडीओ पवन कुमार मीना, एडीएम (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर प्रदीप रमन, नायब तहसीलदार आदि रहे।

**बिहार जाने वाली ट्रेनें फुल, नहीं मिल रहा आरक्षण**

■ दीपावली के बाद बिहार में मनाया जाने वाले विशेष त्योहार छठ पूजा के लिए यात्रियों को कन्फर्म टिकट तो दूर वेटिंग टिकट तक नहीं मिल पा रहे, जिससे यात्री मायूस होकर लौट रहे हैं। बिहार के विशेष त्योहार में शुमार छठ पूजा में लोग घर जाना चाहते हैं, लेकिन इस समय ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है।

# 1 दर्जन से अधिक वाहनों के काटे चालान

## चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप, कार्रवाई देखकर वाहन चालकों ने सड़क किनारे खड़े किए वाहन

संवाददाता ककोर



ट्रक को चेक करते एआरटीओ सचित दुबे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एआरटीओ ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों के चालान काटने शुरू कर दी। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान 1 दर्जन से अधिक वाहनों की जांच कर चालान काटे गए।

एआरटीओ सचित दुबे के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा प्रदूषण कागज को चेक किया गया। वाहन चालकों को चेकिंग की भनक लगते ही इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिए। वहीं कुछ वाहन चालकों ने अपने वाहन को किनारे खड़ा करके चुपचाप निकलना ही उचित समझा। कुछ गाड़ियों के कागज पूरे नहीं थे लेकिन ड्राइवर ने सीट बेल्ट बांध रखी थी इस पर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

एआरटीओ ने कहा यदि वाहन के कागज पूरे नहीं है। तो उन्हें समय से पूरा कर लिया जाए। कागज पूरे न होने पर वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वाहन का प्रदूषण अवश्य बनवाएं। जिससे वाहन की क्षमता का सही आकलन हो जाता है। प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने पर बड़ा चालान होता है। सभी वाहन चालक अपने वाहन के समय-समय पर कागज चेक करने के साथ फिटनेस का भी ध्यान रखें। वाहनों के कागजात पूरे होने चाहिए। वाहन में रिफ्लेक्टर होना अति आवश्यक है। आने वाले कोहरे के समय में सभी वाहन चालक पीली लाइट का प्रयोग करें।

- वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा प्रदूषण की जांच की

# ट्रैक्टरों के काटे चालान, किसानों ने दिया धरना

संवाददाता अजीतमल, औरैया



धरने पर बैठे ट्रैक्टर चालक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** टोल प्लाजा पर किसानों व किसान यूनियन के सदस्यों ने अनर्गल तरीके से एआरटीओ के द्वारा चालान करने का आरोप लगाकर धरना दिया। सूचना पर उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया, तहसीलदार जीतेश वर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाया बाद में किसान चले गए।

हरियाणा, राजस्थान व प्रदेश के मथुरा, आगरा आदि जनपदों से प्रति वर्ष किसान अपने ट्रैक्टरों को लेकर आते-जाते हैं। धान की फसलों को काटते हैं। मंगलवार को टोल प्लाजा अनंतराम बूथ से निकलते ही एआरटीओ औरैया के स्टाफ ने रोक लिया और दो दर्जन ट्रैक्टरों के चालान बनाए। आरोप है कि कुछ लोगों कागजात पूरे होने पर भी चालान काटे।

चालान किये गए सभी वाहनों को टोल प्लाजा के पास बने मेंटिनेंस परिसर में खड़ा करवा दिया। लेकिन किसी को जिम्मेदारी नहीं दी। बुधवार को ये पीड़ित किसान एआरटीओ कार्यालय गए। किंतु समस्या निस्तारित नहीं हुई। तो शाम को टोल प्लाजा के पास हाईवे किनारे ट्रेक्टर खड़ा कर जमीन पर बैठकर धरना शुरू कर दिया। तहसीलदार जीतेश वर्मा ने बताया कि उन्हें चालकों को एआरटीओ कार्यालय भेजा गया है। जिन लोगों के कागजात पूरे हैं वे कागजात दिखाकर चालान को निस्तारित करा सकते हैं। विधिक रूप से जो भी संभव हल होगा निकाला जाएगा।

# तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**रुरुगंज/औरैया।** कुदरकोट पुलिस ने बुधबार सुबह चेकिंग के दौरान एक युवक को नशे की हालत में बाइक से एरवाकटरा की तरफ से कुदरकोट जाते समय रोका और तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा बरामद हुआ।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम शिवपाल सिंह पुत्र बालकराम कश्यप निवासी मड़ौसी थाना किशनी जनपद मैनपुरी बताया है। पुलिस ने आयुष अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि उक्त युवक अपराधी है और मंगलवार रात एरवाकटरा थाना के गांव समायन स्थित अपनी ससुराल आया था, जहां पत्नी संतोषी से विवाद के दौरान उसने गोली चला दी, पत्नी तो बच गई परन्तु दूसरी गोली चलाने पर 17 वर्षीय भतीजे अनिकेत के पेट में लग गई। घटना के बाद घायल अनिकेत को एरवाकटरा सीएचसी से सैफई स्थित आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय रेफर कर दिया गया था। पुलिस द्वारा शिवपाल कश्यप के खिलाफ एरवाकटरा थाना में मुकदमा दर्ज भी किया गया था। शिवपाल के पास से एक तमंचा, कारतूस आदि बरामद हुआ है।

# दिबियापुर में पहुंचा धान अछल्दा में रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- धान खरीद केंद्र पर पहुंचे किसान का विपणन अधिकारी ने माला पहनाकर किया स्वागत



**अमृत विचार।** जिले में सोमवार को धान की सरकारी खरीद को लेकर 27 केंद्रों को खोला गया। मंगलवार को धान खरीद शुरू किए गए। दिबियापुर मंडी समिति में खरीद का खाता खुला। वहीं अछल्दा में स्थापित केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। नवीमोहन गांव निवासी किसान लाल सिंह 50.40 क्विंटल धान की उपज लेकर दिबियापुर धान क्रय केंद्र पर पहुंचे। केंद्र प्रभारी सुषमा द्विवेदी ने कागजी खानापूर्ति व धान की जांच पड़ताल के बाद तौल शुरू कराई। उधर सूचना पर विपणन अधिकारी बृजेश कुमार मौके पर पहुंचे। किसान लाल सिंह को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

विपणन अधिकारी बृजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को धान खरीद का खाता दिबियापुर मंडी स्थित खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर खुला। पंजीकरण के साथ ही धान खरीद अब रफ्तार पकड़ेगी। बताया कि दिबियापुर उपकेंद्र पर खरीद की शुरूआत हो गई है। अन्य केंद्रों पर भी धान खरीद तेजी से हो इसे लेकर केंद्र प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं अछल्दा मंडी समिति में धान खरीद के तीसरे दिन भी सरकारी क्रय केंद्र पर सन्नाटा पसरा रहा। आढ़तों पर धान की जमकर खरीद हुई। ज्ञातव्य हो शासन की ओर से चार नवंबर से सरकारी धान की खरीद शुरू हो चुकी है।

### गीला धान भी खरीद रहे आढ़ती

किसानों ने बताया कि वर्तमान में धान में करीब 26 प्रतिशत तक नमी है। धान क्रय केंद्रों पर एक निश्चित प्रतिशत नमी वाले धान की भी खरीद हो सकती है। जिन किसानों ने धान की कटाई कर दी है, वे आढ़त पर बेच रहे हैं। इसकी वजह है कि किसानों को गेहूं की बोआई भी करनी है।

# ईश्वर की भक्ति में समाहित है संपूर्ण शक्ति : ललित द्विवेदी

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** औद्योगिक नगर दिबियापुर के एक मैरिज होम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य ललित द्विवेदी ने चौथे दिवस में बताया कि प्रभु की भक्ति में ही संपूर्ण शक्ति है। भागवत कथा ही मानव को सही मार्ग दिखाती है। प्रभु की सेवा भक्ति करनी है तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो। प्रभु ने प्रहलाद के लिए अवतार लेकर हिरण्कश्यप का वध किया था। यदि भक्ति सच्ची हो तो ईश्वरीय शक्ति अवश्य सहायता करती है। भागवत कथा सुनना और प्रभु को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। प्रभु हमेशा अपने भक्त को पाना चाहते हैं। जितना भक्त प्रभु के बिना अधूरा है उतना ही अधूरा इश्वर भी भक्त के बिना है।

भक्त प्रहलाद चरित्र और नृसिंह अवतार की कथा सुनाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता-पिता की सेवा कर सकें। गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। मनुष्य को दिखावा नहीं कर भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए।भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं सकता। राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद प्रह्लाद ने ईश्वर की भक्ति नहीं छोड़ी प्रभु को प्राप्त किया। पिता की भी उद्धार करवाया।

### अधर्म कलयुग का मित्र : श्रवण कृष्णा

**बिधूना औरैया।** कस्बे के वनखंडेश्वर मंदिर पर आयोजित 108 कुंडीय मृत्यंजय मां पीताम्बरा महायज्ञ में रात्रि बेला में चल रही देवी भागवत कथा में श्रवण कृष्ण महाराज ने श्रोताओं को प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि यह समय सनातन की पुर्नस्थापना का है। उन्होंने कलयुग पर विस्तार से प्रवचन देते हुए कहा कि कलयुग का अधर्म मित्र है इसी लिये समाज में आपसी कलह, राग, द्वेष लगातार फैल रहा है। 4 से 12 नवंबर तक चलने वाले महायज्ञ के आयोजन में प्रतिदिन सांय 7 बजे से 10 बजे तक देवी भागवत कथा होती है। बुधवार को आयोजित यज्ञ में भारी संख्या में श्रदालुओं ने आहुतियां दी। इस अवसर पर आचार्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के संस्कार भी सम्पन्न कराये गये।



क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

# विज्ञान क्विज में प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** वैदिक इंटर कॉलेज, दिबियापुर में वैदिक साइंस क्लब के तत्वावधान में विज्ञान क्विज का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के डेढ़ सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह एवं वैदिक साइंस क्लब के समन्वयक मोहित सिंह ने बताया कि यह क्विज वैदिक विज्ञानी खोज प्रतियोगिता के प्रथम चरण के तहत आयोजित की गई। यह आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में हुआ। मोहित सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान जूनियर वर्ग के 47, सीनियर वर्ग के 80 बच्चों ने हिस्सा प्रतियोगता में हिस्सा लिया।

# मेडिकल स्टोरों पर छापा, मचा हड़कंप

संवाददाता फफूंद, औरैया



मेडिकल स्टोर पर जांच करतीं औषधि निरीक्षक ज्योत्सना आनंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फफूंद कस्बे के दो मेडिकल स्टोरों पर औषधि निरीक्षक ने छापे मारकर वहां मौजूद दवाओं की जांच की। दो संदिग्ध दवाओं की जांच के लिए सैंपल लिए। साथ ही मेडिकल स्टोर पर अन्य अनियमिताएं मिलने पर उन्हें सात दिन में दुरुस्त करने की चेतावनी दी। औषधि निरीक्षक के छापों की खबर से कई मेडिकल स्टोर संचालक दुकानें बंद कर खिसक गए।

बुधवार अपरान्ह औषधि निरीक्षक ज्योतिसना आनन्द फफूंद कस्बे के मोहल्ला ऊंचा टीला पहुंची और चिराग मेडिकल स्टोर पर छापा मारा।उन्होंने वहां रखी दवाइयों की गहनता से जांच की।वहां रखी एक्सपायरी दवाओं को बेतरतीब रखा देख ड्रग इंस्पेक्टर भड़क उठीं उन्होंने क्रय विक्रय के बिल और फार्मासिस्ट की जानकारी की मेडिकल स्टोर संचालक फार्मासिस्ट के घर जाने की कहकर अन्य जवाब नहीं दे पाया।जिस पर उन्होंने सात दिन में सब कुछ दुरुस्त करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आइंदा व्यवस्था में गड़बड़ी मिली तो नोटिस देकर लाइसेंस कैंसिल की कार्यवाही की जाएगी।इसके बाद उन्होंने बाबरपुर रोड स्थित विदेनिया मेडिकल स्टोर पर छापा मारा और दवाइयों और कागजों की जांच की दुकान पर दो सन्दिग्ध औषधि मिलने पर उसके नमूने लिए।

औषधि निरीक्षक ज्योतिसना आनन्द ने बताया कि दो मेडिकल स्टोरों की जांच की गई थी चिराग मेडिकल स्टोर में अनियमिताएं पाए जाने पर उसे दुरुस्त करने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। कस्बे के एक मेडिकल स्टोर से दो संदिग्ध औषधियों के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं।

# 6 घंटे गुल रही ककोर सब स्टेशन की बिजली

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय सहित कुछ स्थानों पर बुधवार को 6 घंटे की अघोषित बिजली कटौती की गई। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा है। सुबह 11 बजे ककोर मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों सहित कई स्थानों पर बिजली चली गई।

6 घंटे के इंतजार के बाद शाम 5 बजे बिजली आई। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं किसानों को अपने ट्यूबवेल सप्लाई के लिए योजना पड़ा इस समय सिंचाई का मौसम चल रहा है, और बिजली न मिलने से किसान दर-दर की ठोकर खाते हुए नजर आए ।वहीं बिजली निगम के अवर अभियंता सुभाष यादव ने बताया कि बुधवार को आसानी सब स्टेशन से लाइन ब्रेकडाउन होने के कारण आपूर्ति नहीं हो पाई। इसके बाद लाइनमैन द्वारा लाइन को सही किया गया था। इससे ककोर व आस पास क्षेत्रों में बिजली सप्लाई न मिलने से लोग इधर-उधर जानकारी लेते नजर आए। जबकि शासन के द्वारा 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश होने के कारण लोगों को कटौती से जूझना पड़ा। अवर अभियंता सुभाष यादव ने बताया असेनी से मिलने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट होने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसे लाइनमैन की मदद से तुरंत सही कराया गया और विद्युत आपूर्ति को बहाल कर दिया गया है।

# 3 पशु बाड़ों में लगी आग, सामान जला

संवाददाता अयाना, औरैया

- फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू
- अयाना थाना क्षेत्र के खेराडांडे गांव का मामला



धू-धूकर जलती आग व मौके पर मौजूद पुलिस।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खेराडांडे में मंगलवार देर रात को तीन पशु बाड़ों में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने के साथ फायर बिग्रेड व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने 20 मिनट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

खेराडांडे निवासी निर्भय का गांव के बाहर पशु बाड़ा बना है। मंगलवार रात आठ बजे के करीब अचानक से पशु बाड़े में आग लग गई। कुछ ही देर पर आग ने पास में मौजूद भाई वृंदावन व पड़ोसी मुन्नालाल के पशुबाड़े को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठतीं देख ग्रामीणों ने बाड़ों से पशुओं को सुरक्षित निकालने के बाद आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। घटना की जानकारी पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंचे। फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तबतक निर्भय के बाड़े में रखीं लकड़ी व कंडे, वृंदावन के बाड़े में रखे कपड़े, चारपाई, भूसा, कंडा, लकडियां व मुन्नालाल के बाड़े में रखा भूसा, साइकिल, कंडे, लकडियां जलकर राख हो गईं। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आग लगने की जानकारी संबंधित लेखपाल को दी गई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता पुत्र हुए घायल

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के अटसू -फफूंद मार्ग पर बाइक पर सवार होकर जा रहे पिता पुत्र को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी अजीतमल में भर्ती कराया।

थाना फफूंद क्षेत्र के जुआ निवासी रघुनाथ सिंह उम्र 48 वर्ष पुत्र भगवान दीन अपने पुत्र आदित्य (17) के साथ बाइक पर सवार होकर जसवंतनगर अपने रिश्तेदारी में किसी काम से जा रहे थे तभी अटसू क्षेत्र के कुलरूआ बंबा के पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पिता पुत्र दोनों लोग जमीन पर गिरकर घायल हो गये।

## सार-संक्षेप

### वाहन ने वाइक में मारी टक्कर मां की मौत बेटा घायल

**अछल्दा,औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र गांव कमारा निवासी 40 वर्षीय राधा देवी पत्नी स्वर्गीय प्रेमसिंह यादव बेटा ईशु के साथ बाइक से रविवार को मायके भाई दौज करने उरावर थाना भदान गई थी।बुधवार को बेटे के साथ बाइक से गांव कमारा घर आ रही थी। निचली गंग नहर रोड़ पुर्वा मदा गांव के सामने खड़े पीपल के पेड़ के पास किसी वाहन के टक्कर मारने पर बाइक समेत दूर गिरने पर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया गया। जहा डॉक्टर ललित मोहन ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया।चिकित्सक समेत परिजनों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह फोर्स के साथ सीएचसी पहुंचकर जानकारी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।महिला के पति की 15 वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो गया था।ईकलौता बेटा ईश है।

### किशोरी से छेड़खानी के दोषी को तीन वर्ष की कैद

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना दिबियापुर क्षेत्र में छह वर्ष पूर्व एक किशोरी के साथ छेडखानी करने के दोषी कृष्णकांत को तीन वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। उक्त मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) के अनुसार वादी ने थाना दिबियापुर में अप्रैल 2018 रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने पॉक्सो की धाराओं में चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। यह मामला विशेष न्यायालय (पॉक्सो अधिनियम) कोर्ट में चला तथा बुधवार को इस पर निर्णय हुआ। विशेष लोक अभियोजक ने किशोरी के साथ छेडख़ानी के दोषी को कठोर सजा देने की बहस की तथा बचाव पक्ष ने उसे निर्दोष बताया। दोनों पक्षकारों की सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने दोषी कृष्णकांत उर्फ कृष्ण कुमार को तीन वर्ष के कारावास व 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर | बल्लापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई संकुल स्तरीय खेलकूद स्पर्धा

# प्रतियोगिता में बीसलपुर के बच्चों ने फहराया परचम

संवाददाता अजीतमल, औरैया



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र।

**अमृत विचार।** बल्लापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बल्लापुर में बुधवार को संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार के निर्देशन में हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अरविंद राजपूत एवं ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ दीपक दुबे ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 7 प्राथमिक विद्यालय और 4 उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कबड्डी, लंबी कूद, दौड़, गोला फेंक, लेखन प्रतियोगिता जैसी प्रतिस्पर्धाएं शामिल रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता में जूनियर स्तर बालिका और बालक वर्ग में बीसलपुर विजेता और रुरुआ उपविजेता रहा। वहीं कबड्डी प्राथमिक स्तर पर बालक और बालिका वर्ग में बीसलपुर विजेता रही। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी और अरविंद राजपूत ने कहा कि इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों ने पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। आगे चलकर यही बच्चें अपने क्षेत्र प्रदेश और देश का नाम रोशन करते है। निर्णायक की भूमिका, मनीष मिश्रा, मजोज भदौरिया, शिवम चौहान, राजेश ने अदा की। नोडल शिक्षक हर्ष पांडे द्वारा निष्पक्ष प्रतियोगिता संपन्न कराई।

इस मौके पर राघवेंद्र राजपूत, प्रधान प्रतिनिधि, किशन कुमार राजपूत, राज कुमार प्रधान बीसलपुर, नेमा शिव कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, अमित कुमार भदौरिया, नरेंद्र कुशवाहा, नवनीत कुमार राजपूत, अवधेश कुमार, मानसी पुरवार, श्रुति राजपूत, रश्मि आदि शिक्षक मौजूद रहे।

दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर में बालम वर्ग में 200 मीटर में सचिन प्राथमिक विद्यालय पुरवा झावर प्रथम, 100 मीटर में रेवती रमण गोपालपुर अड्डा, 50 मीटर में आशुतोष बल्लापुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 200 मीटर में निशा बीसलपुर, 100 मीटर में निशा बीसलपुर, 50 मीटर में अनामिका डेराबंजारन ने प्रथम स्थान हासिल किया।

इसके बाद जूनियर वर्ग में 400 मीटर में बालक वर्ग में सूरज बीसलपुर, 200 मीटर में अंशु बीसलपुर, 100 मीटर में असित कुमार बीसलपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका जूनियर वर्ग में 400, 200, 100 मीटर दौड़ वर्ग में संस्कृति ने तीनों वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। गोलाफेंक में बालक वर्ग में सौरभ और बालिका वर्ग में संस्कृति ने विजय हासिल की। योगा के सभी वर्ग में बीसलपुर ने विजय हासिल की।

# 400 मीटर दौड़ में मोहिनी ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता,औरैया



विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि।

**अमृत विचार।** सदर ब्लॉक के ग्राम तिवरलालपुर में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय तिवरलालपुर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी सदर अजय विक्रम सिंह और एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी व एआरपी अभिषेक औदीच्य ने किया।

कार्यक्रम में जूनियर शिक्षक संघ मंडल अध्यक्ष अखिलेश चतुर्वेदी व कंम्पोजिट विद्यालय तिवरलालपुर की प्रधानाध्यापक वंदना चतुर्वेदी ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन कर ऐसी प्रतियोगिता समय समय पर आयोजित करने की बात कही।

ब्लॉक खेल शिक्षक व प्रधानाध्यापक अमित बिसरिया व सहायक अध्यापक सत्यम दुबे, अतुल मिश्रा, रीतेश मिश्रा आदि ने को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय धनऊपुर से नारायण ने प्रथम स्थान,100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय असेवटा से अभिजीत, मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बबाइन से रचना, 400 मीटर दौड़ से उच्च प्राथमिक विद्यालय बबाइन से मोहिनी ने बाजी मारी। वहीं कबड्डी बालक वर्ग जूनियर स्तर में कंपोजिट तिवरलालपुर विजय हुई। इस मौके पर प्रशांत नील शुक्ला, वंदना चतुर्वेदी, साकेत दुबे, नूपुर द्विवेदी, रमाकान्त शर्मा, साक्षी, संदीप कुमार, पूनम गुप्ता, गीतादेवी, गार्गी पोरवाल, विनीता चतुर्वेदी, प्रतीक्षा, संपदा शुक्ला आदि अध्यापक व बच्चे उपस्थित रहे।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनाजर्न करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# असाधारण वापसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के प्रमुख कमांडर के रूप में अपनी भूमिका को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। बुधवार को ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देते हुए दुनिया भर के नेताओं ने उनकी वापसी को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी कहा है। चुनाव में जीत हासिल करके ट्रंप ने सिद्ध कर दिया कि वे राजनीति में एक बड़े खिलाड़ी थे और रहेंगे। वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक आरोपों में दोषी करार दिए जाने के बाद भी इस पद के लिए नामांकन का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप अगले वर्ष जनवरी में कार्यभार संभालेंगे। ट्रंप की जीत के बाद भारत के संदर्भ में कई ऐसे सवाल हैं, जो सामने आना शुरू हो चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा?

गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया। चीन मामले में भी ट्रंप ने भारत का समर्थन किया है। पिछली बार ट्रंप के कार्यकाल में ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा साझेदारी क्वाड को मजबूत किया गया था। हालांकि भारत के प्रति ट्रंप की वीजा नीति प्रवासियों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में एच-1 बी वीजा नियमों पर सख्ती दिखाई थी। इसका भारतीय पेशेवरों और टेक्नोलॉजी कंपनियों पर असर दिखा था। अगर ये नीति जारी रही तो भारतीयों के लिए अमेरिका में नौकरियों के अवसर कम होंगे। महत्वपूर्ण है कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और बेहतर व मजबूत होने की संभावनाएं हैं।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और दवाओं ने कई असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है, लेकिन खतरनाक कैंसर सभी चिकित्सा विधियों को चकमा देकर आगे बढ़ने वाला रोग साबित हुआ है। पिछले 20 सालों में दुनियाभर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन ने अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी एक प्रकार का कैंसर उपचार है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने व नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट



राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। कैंसर के दोबारा बढ़ने या होने से रोकने के लिए संभावित दवा हो सकती है। कैंसर के दोबारा होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा रिसर्च ने जो दवा विकसित की है डॉक्टर्स करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया, लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानी ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल यानी 2028 तक का समय लगेगा। लोगों को इसका लाभ मिलने के लिए कुछ वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डॉ. टीके चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए हैं। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगांतकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाइयों का नैदानिक परीक्षण करता है।

इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टॉक्सिकोलॉजिकल) परीक्षण। ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं को प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। 'पोषक ऊर्जा' के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रिया देखी गई उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे। इस औषधि में कैंसर को रोकने और उससे लड़ने की अपरिमित संभावनाएं हैं।'

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी, लेकिन डीएस रिसर्च सेंटर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सन्निहित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थीं। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था, जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है, बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है। सन 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए, जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। सेंटर के वैज्ञानिक तिवारी के निर्देशन में परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अंततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव-परिणाम की सकारात्मकता, रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही, पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े स्तन सर्विकल, मुख, बृहदांत्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज नैनो इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके संपर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलॉजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं बेहद सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शारदा सिन्हा का पान भी सुरीला था



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

छठ मईया की आवाज, लोकसंगीत की लता मंगेशकर, स्वर कोकिला, बिहारी माटी की सुगंध, भोजपुरी-मैथिली गीतों की पवित्रता, मां शारदा की शक्ति, जैसी पहचान बनाने वाली शारदा सिन्हा का जिक्र और गीत गूंज रहे हैं। ये छठ महापर्व का शोक काल है। उनके कई गीत भावुक कर देते हैं, छठ की संगीतमय फिजाओं में शारदा की विदाई बेहद भावुक करने वाली है।

आस्था को चरम पर पहुंचाने वाले उनके गीतों की स्वर लहरियां जब फिजाओं में तैर रहीं हैं। ऐसे में उनकी रुखसती ने कइयों को रुला दिया। त्योहारों के अलावा मांगलिक आयोजनों में भी बिहार की इस स्वर कोकिला के गीत गूंजे बिना यहां सब कुछ अधूरा सा लगता है। सुपर हिट फिल्म- 'मैंने प्यार किया' के अलावा दर्जनों फिल्मों में भी उनके लोकगीतों ने धमाल मचा दिया था। साड़ी, बिंदी, सिंदूर। भारतीय संस्कारमय महिला का रूप, मां का स्वरूप शारदा ने छठ मईया की आस्था को भावनात्मक परंपराओं की उन ऊंचाइयों तक पंहुचा दिया, जहां आस्था के आगे कोई टिक ही नहीं सकता। पाश्चात्य संस्कृति की गोद में रहने वाले बिहार, यूपी, झारखंड इत्यादि सूबों के एनआरआई भी छठ पर्व पर शारदा के गीत सुनने की तलब में बेचैन हो जाता है, उनकी एक धुन से तड़प उठते हैं। धर्म, आस्था, सनातन धर्म और अपनी जड़ों की तरफ खिंचे चले आते हैं। जैसे उनकी मिट्टी की सुगंध उन्हें आवाज दे रही हो। ये बेचेनी साबित करती है कि किसी भी धर्म की आस्था तलवार की रक्षा से नहीं, सत्ता के स्वार्थ वाली धर्म-जाति की राजनीति से नहीं, बल्कि संगीत की ताकत से सुरक्षित होती है, आगे बढ़ती है और फलती-फूलती है।

धर्म कोई भी हो पारंपरिक धुन, लय, गीत और संगीत की परंपराओं से धार्मिक आस्था परवान चढ़ती है। सनातन, सिख, क्रिश्चियनिटी तो छोड़िए इस्लाम धर्म तक में धुनों के बिना मजहबी अरकान अधूरे हैं। हालांकि इस्लाम के बहत्तर फिरकों में कुछ संगीत को गैर इस्लामी मानते हैं। जबकि अजान तक रिदम और लय के बिना अधूरी समझी जाती है। कुरआन की तिलावत भी लयबद्ध होती है। मिलाद, नात, कव्वाली, सलाम, पेशखानी, मातम, नौहा ख्वानी सबमें संगीत है, लय, रिदम और धुन के साथ ही ये आस्था में धार पैदा करते हैं। परंपराएं शुरू करते हैं, जो अटूट बन जाती हैं। ये रवायतें लोगों को खींचती हैं, जोड़ती हैं और आकर्षित करती हैं। शारदा सिन्हा ने अपने गीत-संगीत और मधुर आवाज की जादूगरी से सनातन धर्म की सेवा की, रक्षा की और पाश्चात्य युग में भी नई पीढ़ी को संगीत के माध्यम से धार्मिक परंपराओं से जोड़ा। क्योंकि संगीत में जोड़ने की जो शक्ति है वो तलवार से डराकर, सियासत से रिझाकर भी नहीं पैदा की जा सकती।

संगीत फेविकोल से कहीं अधिक जोड़ना की ताकत रखता है। चौबीस बरस पहले भी शारदा सिन्हा की तूती बोलती थी, उस जमाने में लखनऊ महोत्सव में देश के नामी-गिरामी कलाकार महोत्सव की रौनक बनते थे। यहां उनकी परफार्मेंस थी। गोमती होटल में वो ठहरी थीं। महोत्सव के दौरान लखनऊ के सांस्कृतिक संवाददाता बहुत व्यस्त रहते थे। मैं भी व्यस्त था। उन दिनों पान की लत थी। ये लत लगाई थी लखनऊ के जागरण चौराहे पर दीवान पान वाले ने। आजकल जिस चौराहे पर पुलिस बूथ है यहां दीवान की बड़ी सी पान की गुमटी हुआ करती थी। दीवान के पान की दीवानगी ये थी कि उसके हाथ के लगे पान के अलावा कहीं का पान अच्छा नहीं लगता था। उस दिन व्यस्तता के कारण उसके हाथ का लगा पान नहीं खा सका था। गोमती होटल में शारदा सिन्हा का इंटरव्यू लेने गया। बात करते-करते उन्होंने अपना पानदान निकाला और पान निकालकर खाया। बताया कि वो ये छोटा सा पानदान हमेशा अपने पास रखती हैं। बात करते-करते मैं रुक गया और मेरी लालच भरी निगाहों को उन्होंने ताड़ लिया। बोलीं-पान खाना है? झिझक से बोला जी खिला दीजिए। उनका पान खाकर दीवान का पान का स्वाद फीका पड़ गया। उनके पान में ऐसी मुलायमियत, ताजगी और अपनी मट्टी के सौंधे पन जैसा संगीत था। इतना स्वादिष्ट और सुरीले पान का स्वाद आज भी महसूस करता हूं।

चौबीस बरस हो गए अभी भी मुंह में उनके पान का स्वाद है। छठ महापर्व पर जब-जब शारदा सिन्हा के गीत कानों तक पहुंचे मुंह में उनके पान का स्वाद ताजा हो गया। सच तो ये है कि मां शारदा की भक्तन शारदा सशरीर नहीं रहीं, लेकिन उनकी आवाज, लोकगीत, धुनें, भक्ति हमेशा जीवित रहेगी। छठ हो, मांगलिक कार्य या जीवन का संघर्ष, हर मौके पर शारदा सिन्हा का लोकसंगीत मिट्टी की सुगंध के साथ महकता रहेगा।

# पहाड़ों का मौन संघर्ष



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा?

अल्मोड़ा में बीते दिनों फिर एक बस, किसी पुरानी घड़ी की टूटी सुई की तरह, खाई में गिर गई। हर बार की तरह, इस बार भी बस में भीड़ थी, उतनी ही जितनी अमूमन होती है- जैसे लोग अपनी जिंदगियों का बोझ साथ लेकर चल रहे हों और मौत एक बेजान पहरेदार हो, जो हर मोड़ पर मौन घात लगाए बैठा है। बसें तो वैसे भी पहाड़ों में उस संयम से नहीं दौड़तीं, जैसा मैदानों में।

यहां की बसें, अनियमित हैं-कभी आती हैं, कभी नहीं। लोग अपने भाग्य को बस की सीट पर यूं फेंक देते हैं, जैसे कोई सिक्का उछालते हों, जिसमें सामने मौत और पीठ पर जिंदगी हो। कोई विकल्प नहीं है उनके पास, शायद पहाड़ों ने उन्हें यही सिखाया है कि भीड़-भाड़, अनिश्चितता और असुरक्षित सफर ही उनकी नियति है। सरकार का ध्यान इस पर क्यों नहीं जाता कि इन संकरे रास्तों पर हर मोड़ पर एक बैरियर की जरूरत है। यहां हर खाई जैसे चुपचाप इंतजार कर रही है-किसी अनजान यात्री के लिए, जो उसे भरने आ सके। क्या ये सारे सुरक्षा उपाय, ये मापदंड, केवल आंकड़ों तक सीमित हैं? इस तरह जैसे पहाड़ों ने अपनी नियति को स्वीकार कर लिया हो, यहां हर सफर एक अंतिम सफर की तरह लगता है।

रात का अंधेरा...वह पहाड़ों का अपना है, जो रास्तों को मौन की चादर में लपेट देता है। इन अंधेरी सड़कों पर रोशनी नहीं है, शायद यह संदेश देने के लिए कि अंधेरा ही यहां का स्थाई साथी है। समय जैसे ठहर जाता है और हर मोड़ पर जिंदगी कहीं खो सी जाती है। बसें जब गुजरती हैं तो जैसे कोई प्राचीन गाथा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है, जो हर साल थोड़ी और धुंधली होती जाती है। हर साल सरकार बजट बनाती है, जिनमें पर्वतीय क्षेत्रों का भी जिक्र होता है, लेकिन यह बजट किस खाई में गिरकर खो जाता है, यह सवाल हर पहाड़ी के दिल में कहीं चुपचाप बैठा है। वे अनायास ही इस खोखले आश्वासन को महसूस करते हैं, जैसे कोई बरसात के बाद की कुहासा हो, जो कुछ पल को तो दिखे, लेकिन छूते ही बिखर जाए। ये संकरी सड़कें बस प्रतीक्षारत हैं, जैसे किसी ने उनके हिस्से का इंतजार उन पर थोप दिया हो और बस दुर्घटनाएं हैं, जो उनकी जीवंतता की याद दिलाती हैं।

अस्पताल, जैसे एक ऐसी उम्मीद, जो खुद अपने अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और फिर वही परिचित घटना। कोई हादसा होता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और कुछ आश्वासनों के कागजों पर हस्ताक्षर करके लौट जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे पहाड़ के लोग केवल दुर्घटनाओं का इंतजार करें और उनके दर्द को किसी पुराने इतिहास के धूल भरे पन्नों में दफन कर दिया जाए। लोग कुछ दिनों के शोक में डूबते हैं और फिर इस दुख को कहीं गहरे छिपा लेते हैं। यह मान लिया गया है कि पहाड़ के लोग बस यूं ही जिएं, जैसे जीवन एक लंबा रास्ता हो, जिसमें हर मोड़ पर एक खाई इंतजार कर रही है। पहाड़ों में असुरक्षा एक अनिवार्य सत्य बन गई है। यहां हर दिन लोग इस अनिश्चितता के बीच रहते हैं- भीड़ से भरी बसों का सफर, मोड़ों पर बैरियर का न होना, और अस्पतालों में इलाज की उम्मीद न होना। जैसे यह सब महज घटनाएं नहीं, बल्कि यहां के लोगों के जीवन का स्थायी हिस्सा हैं। शायद यह लोग सोचते हैं कि एक दिन कोई उनकी चीखें सुनेगा, लेकिन तब तक अनगिनत आवाजें इन वादियों में कहीं खो जाती हैं।

यह त्रासदी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उन अनकही चीखों का स्वर है, जो इन वादियों में गूंजता है। हर झरने की धारा, हर खाई की गहराई, मानो इस पीड़ा को अपने भीतर समेटे हुए है। यह खामोशियां एक इंतजार हैं कि एक दिन कोई इनकी बात सुनेगा। पर कब? कब तक पहाड़ों के लोग यूं ही खाइयों में गुम होते रहेंगे? कब तक उनकी आवाजें इस सन्नाटे में डूबी रहेंगी? कहते हैं, पहाड़ों में धैर्य होता है- हर शिखर तक पहुंचने का, हर मौसम की मार सहने का। पर क्या यही धैर्य उनकी नियति बन गया है? यह चीखें, जो पहाड़ के सन्नाटे में दबी हैं, क्या हमेशा के लिए मौन ही रहेंगी? यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा? हर हादसे के बाद एक उम्मीद जन्म लेती है कि शायद अब कुछ बदलेगा। शायद अब पहाड़ों की तकलीफें सुनी जाएंगी। पर क्या यह एक भ्रम नहीं? क्या यह पर्वतों की ऊंचाइयों में गूंजता एक असंभव प्रश्न है, जिसका उत्तर शायद कभी न मिले?

## सोशल फोरम

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

घोर यातना से गुजर जाना है कैंसर इंस्टीट्यूट में चंद घंटे गुजारना। हर तीसरे चौथे आदमी के चेहरे के हिस्से कटे-पिटे देखना पड़ता है। कच्चे टांके और ताजी उगती खाल, रिसता पस और उधड़ी हुई मुंह के अंदर की सफेद चर्बी के साथ लाल गुलाबी खाल ज्यादातर ने अंगोछे से अपना मुंह ढक रखा है और कुछ ऐसे ही डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठे या लेटे हैं।

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट के हर कोने आतर में मरीज और उनके तीमारदार इधर उधर बैठे हैं। डॉक्टर रोजाना औसतन सौ सवा सौ की ओपीडी कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। भारत में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इंडिया अगेंस्ट कैंसर के मुताबिक भारत में सन 2020 में कैंसर से करीब 8.5 लाख लोगों की मौत हुई। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में छपे एक पेपर में कहा गया है कि अगर लाइफस्टाइल में बदलाव कर लिया जाए तो कैंसर को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। एक हालिया रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मुंह के कैंसर के मामले साउथ एशिया में सबसे ज्यादा हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू है। इंटरनेशनल कैंसर रिसर्च एजेंसी की स्टडी कहती है कि सन बाइस में कुल 3,89,800 ओरल कैंसर मामलों में से 1,20,200 मामले बिना धुएं वाली तंबाकू से भारत में हुए थे।

स्टडी में यह भी बताया गया है कि महिलाओं में मुंह के कैंसर के मामलों का सबसे बड़ा कारण सुपारी 30 प्रतिशत और तंबाकू वाले पान मसाले 28 प्रतिशत हैं। इसके बाद गुटखा 21 प्रतिशत और खैनी 21 प्रतिशत का नंबर आता है। पुरुषों में ओरल कैंसर की सबसे बड़ी वजह खैनी 47 प्रतिशत, गुटखा 43 प्रतिशत, तंबाकू वाला पान मसाला 33 प्रतिशत और सुपारी 32 प्रतिशत है। इंस्टीट्यूट में जगह-जगह तंबाकू खाकर न आने के लिए तो लिखा है, लेकिन यह कहीं नहीं लिखा है कि गुटखा न खाएं, जो सबसे ज्यादा तेजी से कैंसर फैला रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की तारीफ करनी ही पड़ेगी, जिन्होंने अपने स्टेट में गुटखे के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और बिक्री, तीनों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया। कैंसर इंस्टीट्यूट जाकर लगता है कि गुटखा यहां कैंसर की आपदा लाकर ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# मीराबाई और प्रेतकल्प आलोचक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है।

मीरा भारत के लोकजीवन और लोकमानस की इतनी और इतनी गहराइयों में व्याप्त है, जितनी गहराइयों में उसका मोल में खरीदा हुआ गिरिधर-गोविंद व्याप्त है-माई मैंने गिरिधर लीयौ मोल! कोई कहै सस्ता कोई कहै महंगा अरी मैंने लियौ तराजू तोल। जब मीरा ने गिरिधर को मोल में ले ही लिया तो फिर मीरा और कृष्ण में भेद ही नहीं रहा। उपास्य और उपासक का भेद मिट गया। दोनों एक रूप-एक रस हो गए। मीरा और कृष्ण एक हो गए-राधा के भी श्याम और मीरा के भी श्याम। भारत के भक्त संगीत में मीरा एक धारा या परंपरा बन चुकी है। मीरा की वाणी भारत के लोकमानस के साथ एक रस हो चुकी है, जहां तक मीरा की साहित्य संपदा की बात है, मीरा की साहित्य संपदा बहुत ही विशाल है।

मीरा की क्रांति चेतना ने राणा को चुनौती दी थी। ऐसी चुनौती कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह दर्शन की चर्चा में मीरा बाई का स्मरण किया था। मीरा की क्रांति चेतना अपनी आन-मरजाद, कुल परंपरा को छोड़ने की घोषणा कर दी। मीरा की विद्रोही चेतना ने निस्संकोच होकर कह दिया था कि संतन ढिंग बैठि बैठि लोकलाज खोई। अथवा लोग कहें मीरा भई रे बाबरी सास कहे घर नासी रे। राणा जी के विरुद्ध विद्रोह की नायिका थी मीरा। जहर का प्याला राणा जी ने भेजा पीबत मीरा नाची रे। सुकरात को भी जहर दिया गया था और मीरा को भी। सुकरात मर गया और मीरा जीवित बच गई, लेकिन सत्य तो दोनों के पास था। उन दिनों वृंदावन में श्री जीवगोस्वामी भक्ति संप्रदाय के बड़े आचार्य थे, मीराबाई जब उनसे मिलने गईं तो उन्होंने कहलवा दिया कि "मैं स्त्रियों से नहीं मिलता।" मीराबाई ने कहने वाले को उत्तर दिया कि "अच्छा, वृंदावन में श्रीकृष्ण के अतिरिक्त भी कोई पुरुष रहता है, यह मुझे आपसे ही ज्ञात हुआ है" और तुरंत चली गईं,

## विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

जब जीव गोस्वामी के पास मीरा का उत्तर पहुंचा तब वे पहचान सके कि जो स्त्री आई थी, वह तो असाधारण थी। मीरा के दर्शन शास्त्र में पुरुष ही एक हैः ऐसे वर को क्या वरों, जो जन्में और मर जाय।/ ऐसे वर को मैं वरों, जो मेरा चुलड़ा अमर है जाय। मीरा वृंदावन से द्वारका की ओर चल दीं। उस मीराबाई को लेकर कोई आलोचक यह लिखे कि कोई आदमी था गिरिधर जोगी और मीरा उससे सांसारिक प्रेम करती थी तो उस आलोचक को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "प्रेतकल्प" ही कहा जा सकता है। क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है। ध्यान से समझने की बात यह है कि लोकचेतना में मीराबाई का क्या स्वरूप है?

# जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं शारदा



डॉ. राहुल मिश्र
मुंबई

जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हे, जगतारन घर में दियरा बार अइनी हे। शारदा सिन्हा का यह गीत उनकी पहचान था। शारदा जिज्जी जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं। भोजपुरी की ख्यातनाम गायिका शारदा सिन्हा के गीतों के बिना छठ के पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ के घाटों पर उनके गीत न बजें, ऐसा हो ही नहीं सकता। छठ के गीत गाने वालों की कोई कमी नहीं है।

भोजपुरी के गायक भी कम संख्या में नहीं होंगे, लेकिन भोजपुरी माटी के सोंधेपन की जो अनुभूति शारदा जिज्जी के गीतों में मिलती है, वह दुर्लभ है। वह आवाज शांत हो गई। उनके गाए गीतों का संकल हमारे सबके साथ रहेगा और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। शारदा सिन्हा जीवनभर भोजपुरी की पहचान के लिए कार्य करती रहीं। भोजपुरी गीतों में आए फूहड़पन को वे बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं। आज भी भोजपुरी गीतों की मिठास और जीवंतता इसी फूहड़पन के कारण समाज के बड़े वर्ग से दूर है। शारदा जी ने इस रिक्तता को भरा था। उनका स्वर जितना सुरीला और भोजपुरिया लहजे से पूर्ण था, उतना ही शब्दों की मर्यादा, गीतों के मुखड़े-बोल-अर्थ की मर्यादा का उन्होंने ध्यान रखा। इसी कारण उनके सामाजिक-सांस्कृतिक गीतों को आज भी अनेक पारिवारिक कार्यक्रमों में, विभिन्न संस्कारों में संस्कार के गीतों के रूप में गाया जाता है, सुना जाता है। शारदा सिन्हा जी जीवनपर्यंत भोजपुरिया संगीत, साहित्य व संस्कृति के लिए सक्रिय रहीं। इससे बड़ी बात उनकी भारतीयता के प्रति आस्था की है।

आज देश ही नहीं, विदेशों में भी भोजपुरी गीत-संगीत सहित समग्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना की सशक्त हस्ताक्षर के रूप में शारदा सिन्हा की जो छवि है, उसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। शारदा सिन्हा जी का देहावसान ऐसी रिक्तता दे गया है, जो कभी नहीं भर पाएगी। शारदा सिन्हा जी के गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जिलाए रखेंगे, वरन भोजपुरिया गीत-संगीत के भविष्य को एक दिशा भी देते रहेंगे, पथ प्रदर्शन करते रहेंगे।

## एक नजर

### 1576 किसानों ने धान क्रय के लिए कराया पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** धान क्रय के लिए अभी तक मंडल में 1576 किसानों ने पंजीकरण कराया है। लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, उन्नाव और रायबरेली में धान खरीद 1 नवंबर से शुरू हो गई है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने धान क्रय को लेकर बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। सामान्य धान का मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि ग्रेड ए धान का मूल्य 2320 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि धान क्रय योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए कृषकों को पंजीयन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्रय के बाद किसानों को शीघ्र भुगतान किया जाए।

### आयुष पीजी की तीसरी काउंसिलिंग 11 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी कॉलेजों में रिक्त परास्नातक (पीजी) सीटों पर दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम मौका 11 नवंबर से मिलेगा, तीसरे चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होगी, 16 नवंबर को सीट आवंटन किया जाएगा। आयुष पीजी काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी एवं निदेशक यूनानी प्रो. जमाल अख्तर ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसिलिंग चल रही है। दाखिले के बाद भी कॉलेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 11 नवंबर से पंजीकरण शुरू होगा, 13 व 14 नवंबर में दस्तावेजों का सत्यापन कर पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी। 20 नवंबर तक कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### आकांक्षा हाट 2024 की शुरुआत 9 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 नवंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले आकांक्षा हाट 2024 की शुरुआत करेंगे। यह कार्यक्रम उप्र. की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक नई पहल है, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमियों और स्व-सहायता समूहों को अपने उत्पादों और कौशलों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। आकांक्षा हाट 2024 में ट्विन स्टेट इनिशिएटिव के तहत जम्मू और कश्मीर से महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को भी आमंत्रित किया गया है।

# अधिवर्षता आयु बढ़ाने के बाद भी विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी

## अधिवर्षता आयु 65 साल करने से औचित्यहीन हुई पुनर्नियोजित योजना, वीआरएस मांगने वालों के बढ़े आवेदन

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ



**अमृत विचार :** अधिवर्षता आयु 65 साल करने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर नहीं हुई है, बल्कि बढ़ गयी है। इसकी वजह स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवानिवृत्त चिकित्सकों के लिए शुरू की गयी पुनर्नियोजित योजना औचित्यहीन होना भी कारण है। क्योंकि अब अधिकतर चिकित्सक 62 साल में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त (वीआरएस) की मांग कर रहे हैं।

> संयुक्त निदेशक स्तर ग्रेड-पांच तक के चिकित्सक 62 साल में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, योजनांतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं जारी रखने के लिए पुर्नियोजित हो सकते हैं। फिलहाल, योजना में आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।
> -शिव सहाय अवस्थी, विशेष सचिव एवं निदेशक प्रशासन स्वास्थ्य विभाग

अब तक 40-45 चिकित्सकों को वीआरएस मिल चुका है। इनमें से तमाम चिकित्सक चाह कर भी तकनीकी कारणों से पुनः सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं।

19011 चिकित्सकों के कैडर वाले स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2014 में 60 साल की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले चिकित्सकों को पुनः पांच साल तक यानी 65 साल आयु तक सरकारी सेवाओं में बनाए रखने के लिए पुनर्नियोजित योजना लागू की गयी थी। विभिन्न जिलों में पद निर्धारित कर पूरे प्रदेश में कुल 1000 पद सृजित किए गए थे। साल 2017 में विशेषज्ञ और एमबीबीएस चिकित्सकों में 500-500 पद आरक्षित कर दिए गए। उसी साल 2017 में अधिवर्षता आयु 62 साल होने से यह योजना सेवानिवृत्त चिकित्सकों के लिए तीन साल के लिए रह गयी। इसके बाद भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी न खत्म होने पर प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों की अधिवर्षता आयु 65 साल कर दी है। सरकार के इस निर्णय के बाद विशेषज्ञ चिकित्सक तकनीकी रूप (शारीरिक अक्षम) से विभाग छोड़ने को मजबूर हो गये। जिसकी वजह से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बनाए रखने में विभाग को खासा झटका लगा है।

**वीआरएस लेना मजबूरी**

मेडिकल अनफिट प्रमाणित चिकित्सक तकनीकी रूप से पुनर्नियोजन के अंतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं। सरकारी चिकित्सकों का कहना है कि रिटायर होने पर पीएफ फंड समेत समस्त देयों का भुगतान हो जाता है। समय पर समस्त भुगतान प्राप्त करने के लिए वीआरएस लेना मजबूरी है।

**नियम में हो बदलाव**

पुनर्नियोजित योजना में सेवा देने वाले चिकित्सकों का कहना है कि एनएचएम और चिकित्सा शिक्षा विभाग में 70 साल तक सेवाएं देने का नियम है। उक्त को नजीर मानकर प्रदेश सरकार को पुनर्नियोजन में भी आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 68 वर्ष या 70 वर्ष कर देनी चाहिए। ताकि सेवाएं देने के इच्छुक चिकित्सक सेवाएं दे सकें।

**सेवानिवृत्ति में आई कमी**

अधिवर्षता आयु 65 साल करने के बाद स्वास्थ्य विभाग में स्तर पांच, छह व सात के चिकित्सक ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विभाग में इनकी कुल संख्या 127 है, इनमें हर माह गिनती के चिकित्सक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जबकि पुनर्नियोजित योजना 19011 पदों के सापेक्ष लागू हुई थी।

**652 पद रिक्त**

स्वास्थ्य विभाग में पुनर्नियोजित योजना के तहत मात्र 273 विशेषज्ञ चिकित्सक और 75 एमबीबीएस चिकित्सक सेवारत हैं, शेष 652 पद रिक्त हैं। सबसे ज्यादा राजधानी में 80 पद हैं, इनमें भी सात पद रिक्त हैं। इसी प्रकार दूरदराज के अवेसित जिलों में बड़ी संख्या में पद रिक्त चल रहे हैं।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के आवासों पर लगाये जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग, स्वीकृत भार व समय के गलत ढंग से रिकॉर्ड होने की आशंका बन गई है। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की उच्च स्तरीय तकनीकी टीम की जांच में मीटर में कई खामियां पाई गई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस जारी की गई है।

जिन निजी कंपनियों को नोटिस दी गई है, उसमें पोलरिस, इन टेलीस्मार्ट व जीएमआर शामिल हैं। ये तीनों कंपनियां दिल्ली की एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स में निर्मित मीटर लगाने का कार्य कर रही हैं।

# लखनऊ में बनेगी अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब, काम शुरू

18 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा करने का रखा गया है लक्ष्य

## 87.50 करोड़ की लागत से 20,572.80 स्क्वॉयर मीटर बिल्ड अप एरिया में होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण बेसमेंट समेत 7 मंजिला परिसर (बीएस 5) के रूप में होगा। 87.50 करोड़ की लागत से 20,572.80 स्क्वॉयर मीटर बिल्ड अप एरिया में इसका निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने का जिम्मा नियोजन विभाग के ईपीसी सेल को सौंपा गया है तथा डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आर्किटेक्चरल डिजाइन समेत विभिन्न रिपोर्ट्स की निर्धारण प्रक्रिया शुरू हो गई है।

▶▶ चारबाग स्टेशन से 20 किमी दूरी पर होगा फॉरेंसिक लैब का निर्माण



मालूम हो कि यूपी स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर यह निर्माण प्रस्तावित है तथा रानीपुर रोड के जरिए लखनऊ-कानपुर हाइवे से इसे कनेक्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार, भविष्य की जरूरतों के अनुसार इस फॉरेंसिक लैब का निर्माण किया जाएगा।

**ईपीसी सेल ने बनाई विस्तृत कार्य योजना**

आधुनिक फॉरेंसिक लैब के निर्माण व विकास के लिए नियोजन विभाग के ईपीसी सेल ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। 18 महीने में सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की समयावधि तय की गई है। वहीं, निर्माण प्रक्रिया को पूरा करने के पूर्व एक डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी, जो मास्टरप्लान की तरह कार्य करेगा। मास्टरप्लान में आर्किटेक्चरल डिजाइन, टोपोग्राफी, साइट सर्वे, सब सॉयल सर्वे समेत विभिन्न रिपोर्ट्स का संकलन व निर्धारण होगा और 90 दिनों की समयावधि के बीच इस कार्य को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। देश के प्रतिष्ठित संस्थान जैसे कि आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईटी बीएचयू तथा एनआईटी प्रयागराज जैसी संस्थाओं की रायशुमारी और अनुशंसा को भी फॉरेंसिक लैब के निर्माण में शामिल किया जाएगा।

चिह्नित क्षेत्र में निर्मित होने वाले परिसर चारबाग स्टेशन से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह सोलर पीवी इनेबल्ड होगा तथा अंडरग्राउंड टैंक, इंसीनरेटर, कंपोज्ड प्लांट, अकॉस्टिक वॉल पैनलिंग, गैस बेस्ड फायर फाइटिंग सिस्टम, डीजी सेट, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन तथा हॉर्टिकल्चर समेत सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा।

# 60 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू, चल रहा मंथन

## जनवरी में कमेटी की बैठक में हो सकती है डीपीसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में लगभग पांच दर्जन आईपीएस अफसरों के प्रमोशन होने हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में मंथन चल रहा है। अगले वर्ष जनवरी माह में होने वाली विभागीय प्रोन्नत कमेटी की बैठक में करीब दो दर्जन एसपी से डीआईजी, आधा दर्जन डीआईजी से आईजी और तीन आईजी से एडीजी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की रैंक मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार, आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नत होने वाले अफसरों में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार-द्वितीय और एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के नाम शामिल हैं। जबकि डीआईजी से आईजी होने वालों में जोगेन्द्र कुमार, रवि कुमार छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, बाबूराम, राकेश प्रकाश, योगेश सिंह और गीता सिंह हैं। इसी तरह एसएसपी से डीआईजी बनने की प्रक्रिया में मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय, फर्रुखाबाद के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह और शाहजहांपुर के एसपी राजेश के अलावा एसपी रामबदन सिंह, हृदयेश कुमार, तेजस्वरूप, देवरंजन वर्मा, अजय कुमार, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्निल ममगैन, प्रदीप कुमार, सूर्यकांत त्रिपाठी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार वैध, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविन्द मौर्य और सुभाष चंद शाक्य के नाम शामिल हैं।

**इन अफसरों के प्रमोशन में हो सकती है देरी**

डीपीसी बैठक में आईपीएस अतुल शर्मा, शगुन गौतम, हिमांशु कुमार, अमित पाठक, धर्मवीर सिंह, विपिन मिश्रा और अजय पाल शर्मा के प्रमोशन का लिफाफा बंद हो सकता है। बताया जाता है कि इन अफसरों के खिलाफ किसी न किसी मामले को लेकर विभागीय जांच चल रही है। चूंकि डीपीसी बैठक होने में अभी लगभग दो महीने का समय है। हो सकता है तब तक कुछ अफसरों को जांच में क्लीन चिट मिल जाय।

# चमकेंगे टोल प्लाजा व सड़कें

## टोल कर्मचारियों को दिया जाएगा व्यवहार कौशल प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ महाकुंभ से पहले हाईवे और मार्गों का किया जा रहा कायाकल्प

▶▶ एनएचएआई के चेयरमैन ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ से पहले रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा की लगातार मॉनीटरिंग की जाएगी। कुंभ में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए टोल प्लाजा की सुंदरता बढ़ायी जाएगी। इतना ही नहीं टोल प्लाजा स्टाफ की भी बिहेवियरल ट्रेनिंग (व्यवहार कौशल प्रशिक्षण) कराई जाएगी, ताकि वे सभी आने वालों से विनम्रता से पेश आएं।

दरअसल, प्रदेश सरकार का जोर महाकुंभ के अवसर को ऐतिहासिक बनाने पर है। इसी क्रम में हाईवे से लेकर प्रयागराज सिटी को जोड़ने वाली सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी हाईवे और सिटी को जोड़ने वाली सड़कों को चमकाने में जुट गए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान जब देश और दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु सड़क मार्ग से होकर प्रयागराज पहुंचेंगे तो उन्हें चौड़ी सड़क के साथ ही निश्चित अवधि में मल्टीलिंग्वल साइनेज बोर्ड, ग्रीनरी और पेंटिंग नजर आएंगी। यही नहीं, टोल प्लाजा के पास भी उन्हें तमाम सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

बुधवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित सभागार में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के साथ एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुंभ ऐतिहासिक अवसर है और इस दौरान हमें सिर्फ सड़क नहीं बनानी है, बल्कि उसे अच्छा और खूबसूरत भी बनाना है। उन्होंने कहा कि सड़क ऐसी हो कि जिसकी चमक श्रद्धालुओं को आनंदित करे।

### महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम महाकुंभ 2025 में परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं।

महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं।

महाकुंभ के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी।

# कानून के अनुसार सर्वेक्षण किया अथवा नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में नोटिस जारी करने को लेकर सरकार से पूछा सवाल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं। कोर्ट ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए मामले में अगली सुनावाई के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है।

वहीं, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते। उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है। न्यायालय ने अगली सुनवाई पर यह भी बताने को कहा कि क्या नोटिस उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किया गया। न्यायालय ने याची के अधिवक्ता से भी कहा है कि जिन व्यक्तियों को नोटिस जारी की गई है, उसका विवरण अगली सुनवाई पर पेश करें।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर योगी ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए बड़े फैसलों पर आभार व्यक्त किया। योगी ने एफसीआई में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी निवेश व पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी देने के फैसले की सराहना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा की।


## वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



### वर्ग पहेली -243 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पे | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू-157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |

### सुडोकू - 156 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00.34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-हेमंत। चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11.47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।

**वृष:** आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन:** आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क:** आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।

**सिंह:** आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या:** आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।

**धनु:** आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**मकर:** आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।

**कुंभ:** आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।

**मीन:** आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- हिरासत — सुबह : 08.17
- मि. नटवरलाल — शाम : 06.23

**&pictures**
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.07
- कोई...मिल गया — रात : 08.00

**SONY PIX**
- इट चैप्टर 2 — सुबह : 10.31
- 2012 — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- बिजनेसमैन 2 — सुबह : 10.08
- खिचड़ी 2 — रात : 08.00

**ZEE ACTION**
- फूल और अंगार — सुबह : 10.49
- जलजला — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

## एक नजर

### बाइक से गिरकर दंपति घायल

राठ (हमीरपुर)। गोहांड के पास तेज रफ्तार बाइक के फिसलने से उसमें सवार दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गये। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जालौन जनपद के गोरन गांव का निवासी अनिल कुमार जो कि अपनी पत्नी रोशनी के साथ बाइक से मध्यप्रदेश के छतरपुर गया हुआ था। तथा वहां से लौटने के दौरान मंगलवार करीब 9 बजे रास्ते मे जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड के पास अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक फिसल गई। जिससे हुए हादसे में बाइक में सवार दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गये। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव का निवासी खेमचंद (65) पुत्र मिहीलाल जो कि जो कि सरसई गांव के पास सड़क के किनारे बैठा हुआ था। तभी उसी दौरान बुधवार दोपहर करीब 2 :30 बजे तेज रफ्तार एक बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में सड़क के किनारे बैठा बुजुर्ग खेमचंद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करें

हमीरपुर। गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने एवं बहन बेटी को सुरक्षा प्रदान कराने की मांग को लेकर ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा देवी ओझा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्र माता बनाने व बहन बेटियों की सुरक्षा की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मुस्करा विकास खंड के ग्राम लोधामऊ में पार्टी के कार्यकर्त्ता जयशंकर की व्यक्तिगत भूमि पर गौशाला खोलने की अनुमति प्रदान करने की मांग की है। जिससे गांव में घूम रहे अन्ना गौवंश को संरक्षित किया जा सकें। इस दौरान गीता त्रिपाठी, बबिता ओझा, नेहा चौबे, उर्मिला अग्निहोत्री, उमेश कुमार पुजारी, अरविन्द सोनी दिलीप भार्गव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाद न मिलने से किसान नाराज, किया चक्का जाम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


हाईवे में जाम लगाए किसान। अमृत विचार




पुलिस की मौजूदगी में लाइन में खड़े किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र में रबी फसल की बुवाई का समय सिर पर आने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिलने से उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। बुधवार को किसानों ने कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खाद को लेकर जमकर हंगामा कर जाम लगाया।

तहसीलदार ने कड़ी में मशक्कत के बाद किसानों को समझा बुझाकर खाद का वितरण शुरू कराया।

क्रय विक्रय समिति में रात 12 बजे के बाद से ही महिलाएं पुरुष बच्चे खाना पानी छोड़ खाद की कतार में खड़े रहे। यहां पुलिस संरक्षण में देर शाम तक 1433 बोरी खाद बांटी गई। बुधवार को नगर के दो खाद केंद्रों में डीएपी खाद बांटने की खबर होते ही सैकड़ों किसान मंगलवार की रात खरीद केंद्रों में पहुंच गए। केंद्र प्रभारी ने किसानों की संख्या देखते दो तीन बोरी खाद वितरित की। जो किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। फिलहाल खाद न मिलने से क्षेत्रीय किसानों में खासी नाराजगी है। खाद केंद्र में तो इस कदर किसानों का गुस्सा बढ़ गया कि वह पहले गोदाम के सामने मुख्य मार्ग कानपुर सागर राष्ट्रीय मार्ग पर डट गए। जबकि कुछ किसानों ने बड़े चौराहे पर जाम लगा दिया। आनन फानन पुलिस और तहसीलदार वहां पहुंचे। किसानों को कड़ी समझा कर खाद का वितरण शुरू कराया। फसल बुवाई के पीक समय पर डीएपी खाद का अभाव में किसान दिन-रात समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। सुबह से ही समितियां में किसानों की लाइन लगनी शुरू हो जाती हैं। खाद वितरण खिड़की खुलते ही धक्का मुक्की शुरू हो जाती है।


कम्हरिया निवासी इस्माइल ने बताया कि वह 1 :30 बजे रात से ही क्रय विक्रय समिति में लाइन लगाए खड़ा है। उसे 12 बोरी खाद चाहिए लेकिन वह जानता है कि उसे दो-तीन बोरी डीएपी से अधिक नहीं मिलनी है।


14 किमी दूर कुनेहटा गांव से आई नेहा वर्मा ने बताया कि वह रात तीन बजे से ही भाई और मां के साथ आ गई थी। कल भी वह पीसीएफ केंद्र में लाइन पर खड़ी रही। अब तक उसे खाद नहीं मिली है।


फत्तेपुर के राममिलन ने बताया कि उसे पांच बोरी खाद चाहिए। कई दिनों से चक्कर लगा रहा है। आज भी रात 2 बजे से लाइन पर खड़ा है। इतनी मशक्कत करने के बाद भी दो तीन बोरी ही खाद मिलेगी।

पीसीएफ में तीन सौ बोरी डीएपी खाद थी। जबकि क्रय-विक्रय समिति केंद्र में 600 बोरी खाद बांटी गई है। किसानों को किसी तरह समस्या न हो इसके प्रबंध किए जा रहे हैं।

– मनोज कुमार सिंह, तहसीलदार

# पत्रकारों को पीटने का आरोपी नगर पंचायत अध्यक्ष गिरफ्तार

## भाजपा ने नगर पंचायत अध्यक्ष को पार्टी से किया निष्कासित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- **खबर छापने पर बौखलाये अध्यक्ष और साथियों ने नग्न कर पीटा था**

**अमृत विचार।** सरीला के दो पत्रकारों को नग्न कर पीटने के आरोपी नगर पंचायत के चेयरमैन पवन अनुरागी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधन भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की संस्तुति की। इस पत्र के आधार पर पार्टी अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से चेयरमैन को निष्कासित कर दिया है।

क्षेत्रीय पत्रकारों अमित द्विवेदी व शैलेन्द्र शुक्ला ने नगर पंचायत सरीला में हो रहे भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित की थी। जिससे बौखलाए भाजपा नेता एवं नगर पंचायत चेयरमैन ने अपने साथियों के साथ दोनों पत्रकारों को बंधक बना लिया था। उन्हें निर्वस्त्र कर पीटा था। पीड़ितों ने तहरीर दी तो पहले पुलिस ने एफआईआर नहीं की। मामला मानवाधिकार आयोग के पास पहुंचा और वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी पड़ी। ब्राह्मण संगठन और पत्रकारों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने कार्रवाई की संस्तुति करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को पत्र लिखा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री/मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने पार्टी से चेयरमैन को निष्कासित कर दिया। वहीं इस घटना के चार आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को पार्टी से निष्कासित होने के बाद पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी चेयरमैन पवन अनुरागी को भी गिरफ्तार कर लिया है। सीओ घनश्याम सिंह ने बताया कि दोनों पीड़ित पत्रकारों के घरों में पुलिस सुरक्षा लगाई गई है। इंस्पेक्टर भरत ने बताया कि विवेचना और पीड़ित के बयान के आधार पर धारा 140 बढ़ाई गई है।

मुख्य आरोपी पवन अनुरागी को गिरफ्तार कर लिया गया। आकाश व दो अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई है। वहीं मुख्य आरोपी की गिरफ्तार होते ही पीड़ित पत्रकारों सहित पत्रकार महासंघ के पत्रकारों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर ख़ुशी का इजहार किया है। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित पत्रकारों के घर पहुंच पीड़ित व उनके परिजनों से मिले। जिलाध्यक्ष ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं पीड़ित अमित द्विवेदी की मां ने इस घटना के सभी आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलवाने की मांग की है।

# खाद के लिए किसानों ने किया हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

**बिवांर(हमीरपुर)।** सहकारी समिति में खाद वितरित होते ही किसानों की भीड़ ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इस पर पुलिस बुलानी पड़ी। तब कहीं खाद का वितरण शुरू हो सका। कस्बे की सहकारी समिति में 500 बोरी डीएपी खाद आई। फसल बुवाई के लिए भटक रहे किसान जानकारी लगते ही सुबह से डट गए। खाद कम होने की जानकारी पर पहले पाने को लेकर किसानों में होड़ मच गई। वहीं कर्मियों ने खाताधारक किसानों को तीन बोरी खाद देने का फरमान जारी किया गया। जिस किसानों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। अफरा तफरी का माहौल होने पर कर्मियों को पुलिस बुलानी पड़ी। इस पर पुलिस ने किसानों को शांत कराकर लाइन में खड़ा कर खाद का वितरण शुरू कराया। सचिव रामफल यादव ने बताया कि तीन ट्रक खाद की चेक लगी है। आने पर किसानों में वितरित की जाएगी।

**डीएपी की कालाबाजारी से किसान परेशान : हमीरपुर:** खाद की दुकानों में 1700 रुपये में एक बोरी डीएपी मिलने से किसानों की हालत खराब हो रही है। कालाबाजारी रोकने में कृषि विभाग पूरी तरह विफल नजर आ रहा है।

डीएपी खाद को लेकर किसान लाइन में लगने के बाद भी सहकारी समितियों से खाद पाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। इन दिनों दलहन तिलहन की बुआई का पीक सीजन चल रहा है। किसान डीएपी को लेकर जूझ रहे हैं। अधिकारी किसानों की समस्या के निदान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद किसानों को राहत नहीं मिल रही है।

ब्लाक सुमेरपुर के विभिन्न स्थानों पर स्थित साधन सहकारी केंद्र व इफको केंद्र पर डीएपी खाद की कमी होने से किसान परेशान हैं। किसान बाजार में स्थित प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों में खाद लेने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि सरकारी केंद्रों में कई-कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। देखा जाए तो समिति पर जो डीएपी की बोरी 1350 रुपये की मिलती है, वहीं प्राइवेट दुकानदार 1600 से 1700 रुपये वसूल रहे हैं।

## सार-संक्षेप



क्षेत्रीय सहकारी समिति में खाद लेते किसान। अमृत विचार

### डीएपी खाद मिलते खुशी से झूमे किसान

राठ (हमीरपुर)। रबी की फसल की बुआई के लिए किसान खाद को लेकर परेशान हैं। डीएपी खाद न मिलने पर सैकड़ों किसान यहां वहां भटक रहे हैं। बुधवार को सैना रोड़ स्थित क्षेत्रीय सहकारी समिति में किसानों को खाद बांटी गई। किसान डीएपी खाद पाकर खुश नजर आए। इस दौरान पुलिस भी मौजूद रही। किसानों का कहना था कि यदि खाद न मिलती तो उनकी बुआई पिछड़ सकती थी। बुधवार को क्षेत्रीय सहकारी समिति में खाद आते ही किसानों की सुबह से लंबी लाइन लग गई। दोपहर तक टोकन बांटने के बाद किसानों को खाद वितरण का सिलसिला शुरू हुआ। शाम तक करीब 500 बोरी डीएपी खाद किसानों को बांटी गई। खाद मिली तो किसान खुशी से उछल पड़े। क्षेत्रीय सहकारी समिति के इंचार्ज उमाकांत बादल ने बताया कि जितने भी किसान खाद लेने आए थे प्रत्येक किसान को दो दो बोरी खाद वितरण की गई।


फीता काटकर क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख व चेयरमैन।

### 50 मीटर दौड़ में मनीष और 100 मीटर में आयुष प्रथम

कुरारा( हमीरपुर)। स्थानीय बीआरसी में 38 वीं ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 मीटर दौड़ में मनीष व 100 मीटर में आयुष प्रथम स्थान पर रहे। स्थानीय बीआरसी में बुधवार को 38वीं ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल व नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया। दौड़ प्रतियोगिता के आलावा कबड्डी, खो खो, भाला फेंक प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल, देवेंद्र सिंह, कालका शुक्ला, विजय गुप्ता, पंकज खरे, रघुराज कुटार, पंकज यादव, अनुराग यादव, मयूरी सचान, सागर साहू आदि मौजूद रहे।


इचौली गांव में शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

### भागवत कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्तिः रसिक बिहारी

मौदहा ( हमीरपुर )। क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव नायकपुरवा इचौली में राधाकृष्ण मंदिर में सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। बुधवार को मथुरा से आये कथा व्यास रसिक बिहारी महाराज के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कथा वाचक ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया। वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। रसिक बिहारी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। इस मौके श्रीप्रसाद, मंगू, राम जी शिवहरे, गोवर्धन, प्रेमी, श्यामबाबू, समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### बिवांर में मिला डेंगू का मरीज

बिवांर (हमीरपुर)। कस्बा बिवांर में डेंगू पैर पसार रहा है। एक और बच्चे में डेंगू की पुष्टि हुई है। उसे हालत गंभीर होने पर कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले माह एक किशोर की डेंगू से मौत हुई थी। कस्बा बिवांर के पठकाना मोहल्ले में पिछले माह से आधा दर्जन लोग डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। इनमें एक किशोर की मौत भी हो चुकी है। परन्तु स्वास्थ्य विभाग खानापूर्ति कर अपनी औपचारिकता पूरी कर रहा है। डेंगू को लेकर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। यही कारण है कि इस मोहल्ले के लोग डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। मोहल्ले के मनोज सिंह जादौन के छह वर्षीय पुत्र अर्जुन को पिछले तीन दिनों से बुखार आने पर गांव स्थित पीएचसी में इलाज कराया गया। परंतु बुखार की सही न होने पर परिजनों ने उसे कानपुर के सनराइजर्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉ .आरएस यादव ने डेंगू की पुष्टि की है। जबकि दो दिन पहले ही बुखार पीड़ित प्रसून शुक्ला की जांच में डेंगू की पुष्टि हुई थी। जिसका इलाज रीजेंसी अस्पताल में हुआ था।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर मारा छापा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


मेडिकल स्टोर पर दवाओं के सैंपल भरते डीआई मनोज सिंह। अमृत विचार

- **कुशवाहा और अनुरागी मेडिकल पर लिए दवाओं के नमूने**

**अमृत विचार।** कस्बे के कुछ मेडिकल स्टोरों पर नकली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर छापामार कार्रवाई की। डीआई ने दो मेडिकल स्टोरों पर पहुंच कर दवाओं के सैंपल लिए। डीआई की इस कार्रवाई से दवा बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मेडिकल स्टोर संचालक अपनी अपनी दुकानें बंद कर भाग खड़े हुए।

कस्बे के कुछ मेडिकल स्टोरों पर नकली दवाओं की बिक्री होती है। चर्चा है कि मेडिकल स्टोर संचालक ग्रामीण क्षेत्र के भोले भाले लोगों को नकली दवाएं थमा देते हैं। बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर मनोज सिंह ने मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। डीआई मनोज सिंह ने बताया कि बिवांर स्थित कुशवाहा मेडिकल स्टोर पर छापामार कर दवाओं के सैंपल लिए। इसी तरह से राठ में काजीपुरा पुलिया के पास स्थित अनुरागी मेडिकल स्टोर पर छापा मारा।

जहां पर डीआई ने दो दवाओं के नमूने लिए। डीआई की इस कार्रवाई से कस्बे के अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे। डीआई ने बताया कि मेडिकल स्टोरों पर छापामार कार्रवाई होती रहेगी।

# पांच पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बिवांर (हमीरपुर)** कानपुर के टिकवांपुर की रानी देवी अनुरागी की शादी पांच साल पहले थानाक्षेत्र के करगांव में शिवचरण अनुरागी के साथ हुई थी। वह ससुरालियों से रुपयों की मांग कर रही थी। रुपये देने से इनकार कनने पर महिला अपने मायके चली गई। मंगलवार रात वह अपने रिश्तेदार थाना सजेती के आनूपुर निवासी राम शंकर, कृष्ण पाल, पौथिया के प्रदीप व शिवकरण को साथ लेकर ससुराल आ धमकी। महिला ने अपने चारों रिश्तेदारों के साथ ससुरालीजनों से अभद्रता कर मारपीट की। पुलिस चारों रिश्तेदारों व महिला को हिरासत में लिया। एसआई प्रेमचंद ने कि महिला सहित चारों रिश्तेदारों का शांति भंग में चालान किया गया है। उधर न्यूरिया गांव में गंगाराम वर्मा को पुरानी रंजिश में करन सिंह व उसके भाई दिनेश ने अभद्रता कर मारपीट की। चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने तीनों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है।

# उपचार में लापरवाही का आरोप, हंगामा

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)



फैक्ट्री गेट के बाहर एकत्र परिजन व अन्य लोग। अमृत विचार

- **फैक्ट्री प्रबंधन के लिखित आश्वासन पर गेट से हटे परिजन**

**अमृत विचार।** गत माह रिमझिम इस्पात लिमिटेड में कटर मशीन से स्टील का गाटर काटते समय हादसे का शिकार हुए कटर मशीन चालक के परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर उपचार कराने में आनाकानी करने का आरोप लगाकर फैक्ट्री गेट पर सुबह जमकर हंगामा काटा और सुबह की पाली में ड्यूटी करने पहुंचे कर्मियों को फैक्ट्री में नहीं घुसने दिया। इससे फैक्ट्री प्रबंधन को फैक्ट्री बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। घटना की सूचना पाकर प्रभारी थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को बैठाकर प्रबंधन से वार्ता कर मामले को शांत कराया। प्रबंधन ने परिजनों के समक्ष इलाज के लिए लिखित रूप से करार किया।

बीते 9 अक्टूबर को बिहार प्रांत के भभुआ जनपद के रोहुआ गांव निवासी देवनरायन यादव रिमझिम इस्पात में गैस कटर से स्टील की गाटर की कटिंग करते समय बायें पैर में कट लगने से घायल हो गया था। घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन उसको इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गया। हालत गंभीर होने पर इसे हैलट रेफर किया गया था। ऑपरेशन आदि के बाद इसको हैलट से छुट्टी दे दी गई थी। इसी बीच परिजनों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन समुचित उपचार नहीं करा रहा है। इसी बात को लेकर बुधवार को घायल की पत्नी मंजू देवी अपने दोनों पुत्र राहुल एवं रोशन यादव आदि को लेकर फैक्ट्री गेट जा पहुंची और जमकर हंगामा काटा। परिजन फैक्ट्री प्रबंधन पर सही ढंग से उपचार न कराने का आरोप लगा रहे थे। परिजनों के हंगामा काटने से सुबह की पाली में ड्यूटी करने पहुंचे फैक्ट्री कर्मी अंदर नहीं दाखिल हो सके। इससे फैक्ट्री प्रबंधन को सुबह की पाली में फैक्ट्री बंद करने को मजबूर होना पड़ा। प्रभारी थानाध्यक्ष सभाजीत पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता कराई।

**छठ पूजा** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया तैयारियों का जायजा , साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था समुचित रखने के दिये निर्देश

# अस्त होते सूर्य को आज अर्घ्य देंगी सुहागिनें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


गायत्री गंगा घाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक । अमृत विचार

**अमृत विचार।** कार्तिक मास की षष्ठी तिथि पर गुरुवार को व्रती महिलाएं भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगी। छठ मइया और भगवान सूर्य का पूजन कर अखंड सौभाग्या की कामना की कामना के साथ ही संतान की दीर्घायु की कामना करेंगी। जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने संयुक्त रूप से छठ पूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत कस्बे के तपोभूमि पर स्थित गायत्री गंगा घाट का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने घाट पर बेहतर साफ सफाई, मोबाइल टायलेट एवं अच्छे से चूना छिड़काव कराए जाने, प्रकाश व्यवस्था, ठंड से बचाव के लिए आग जलाने की व्यवस्था के निर्देश अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य को दिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा पर्व पर विशेष व्यवस्था रखी जाय। पूजा करने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण रखी जाए। घाट की बेहतर ढंग से सफाई कराकर सुंदरीकरण कराया जाय। सुरक्षा के लिए पुलिस बल व पेट्रोलिंग आदि की व्यवस्था रखी जाए। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

सुमेरपुर( हमीरपुर)। छठ पर्व के पवित्र अवसर पर खरना पूजा की धूम आज चारों ओर छाई रही। इस अवसर पर व्रतधारी महिलाओं और पुरुषों ने पूरे विधि-विधान से खरना का अनुष्ठान किया। बुधवार को संध्या समय में व्रतियों ने गंगा जल या स्वच्छ जल से स्नान कर पवित्रता के साथ पूजा की तैयारियां की। कृष्णकांत सिंह,राजन चौबे, संतोष कुमार आदि ने बताया कि खरना पूजा में गुड़ और चावल से बना प्रसाद विशेष महत्व रखता है। जिसे व्रतधारी पूरे मनोयोग से बनाते और फिर ग्रहण करते हैं। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं। इसके साथ ही छठ पर्व के मुख्य अनुष्ठानों का आरंभ हो गया है। जिसमें सूर्य देवता की आराधना का विशेष महत्व है। बताया कि गुरुवार को डूबते हुए सूर्य का अर्ध्य दिया जाएगा।

# बुखार से पीड़ित मिस्त्री की मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पिछले एक सप्ताह से बुखार से ग्रसित युवक तड़के घर पर ही बेहोश होकर गिर गया। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा लेकर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बिदोखर पुरई निवासी कालका प्रसाद (37) पुत्र बरदानी उर्फ चिलाहड़ी साहू को गत 29 अक्टूबर से बुखार आ रहा था। इसकी छानी में बाइक एवं साइकिल मरम्मत की दुकान है। उसने छानी सहित गांव में डॉक्टरों से बुखार का उपचार कराया लेकिन आराम नहीं मिला। बुधवार को तड़के 4 बजे वह घर पर ही बेहोश होकर गिर गया। परिजन इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा लेकर पहुंचेपर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# आखिरकार गिरफ्त में आया युवती से दुराचार का आरोपी

## गैंगरेप का मामला नहीं, 1 युवक ने की वारदात, निजी अस्पताल में नौकरी करती है पीड़िता, 11 दिन पहले युवती से हुआ था दुष्कर्म


कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


आरोपी शुभम।

**अमृत विचार।** आलोचनाओं को झेल रही पुलिस को आखिरकार लगभग 11 दिन बाद महत्वपूर्ण कामयाबी मिली। निजी अस्पताल में काम करने वाली युवती से दुराचार के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया गैंगरेप नहीं हुआ था बल्कि एक युवक ने दुराचार किया था। युवक पर पहले से शंकरगढ़ थाने में दुराचार का एक मामला दर्ज है।

गौरतलब है कि 26 अक्टूबर को निजी अस्पताल में काम करने वाली युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया था। इस संबंध में युवती के पिता ने थाना बरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अस्पताल जाने वाले रास्ते पर जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति ने बाइक से उसकी बेटी का रास्ता रोका था और फिर उसे साइकिल से गिरा दिया था। इसके बाद दो-तीन व्यक्ति और आ गए थे। इन्होंने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस ब्लाइंड केस के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि पीड़िता के बयानों में आए तथ्यों, साक्ष्यों व घटना के समय कुछ लोगों द्वारा वहां देखे गए युवकों के स्केच एवं मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी को सेमरा रोड पर जंगल जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अपना नाम शुभम मिश्रा उर्फ सुग्गा पुत्र कमलेश कुमार उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम बिहरिया थाना शंकरगढ़ (प्रयागराज) बताया और दुष्कर्म की बात कुबूली। आरोपी से बाइक, मोबाइल फोन बरामद हुआ।


खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक, साथ में अधीनस्थ और गिरफ्त में आरोपी।


पुलिस द्वारा बनवाया गया स्केच।

### अकेले ही किया दुराचार

- एसपी ने बताया कि आरोपी ने पूछतांछ में बताया कि घटना उसने अकेले की है। साथ में कोई और नहीं था। किसी को उसने बुलाया नहीं था। बताया कि मोबाइल से फोन करने का नाटक कर रहा था, जिससे युवती डरी रहे। हट्टे कट्टे आरोपी से युवती ने खुद को बचाने की बहुत कोशिश की पर नाकामयाब रही।

### इसी रास्ते से दुकान आता-जाता था आरोपी

- आरोपी ने खुद को फारेस्ट गार्ड बताने का भी नाटक किया। आरोपी शुभम की पहले बरगढ़ थाने के पास इलेक्ट्रिक की दुकान थी। अब बरगढ़ मोड़ पर दुकान खोल रखी है। वह रोजाना बाइक से जंगल के कटवा रास्ते से आता जाता था। घटना वाले दिन आरोपी शौचक्रिया के लिए रुका था। साइकिल से युवती को आते देखा तो इसके अंदर का शैतान जाग उठा। स्केच से मिलते जुलते चेहरे और कई दिन दुकान बंद रहने की वजह से पुलिस पर इसका शक गहराया।

### फारेस्ट गार्ड बनने का किया नाटक

- एसपी ने बताया कि आरोपी ने खुद को फारेस्ट विभाग का कर्मचारी भी बताया। वहां से जब उसने एक व्यक्ति को निकलते देखा तो मोबाइल को कान में लगाकर नाटक करते हुए बोला, मेरी वर्दी ले आओ। जबकि इसने किसी को फोन नहीं किया था। बाद में जब उसे इत्मीनान हो गया कि रास्ता सुनसान है तो घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि उस दिन इसके मोबाइल की लोकेशन भी इसकी तस्दीक करती है कि वह घटना के समय यहीं पर था।

### रंगलाई टीम की मेहनत

- पुलिस टीम में एसआई एमपी त्रिपाठी, राधेश्याम सिंह, राजेश सिंह यादव, लाखन सिंह, शनि कुमार चतुर्वेदी, थानाध्यक्ष बरगढ़ पंकज तिवारी, मुख्य आरक्षी साकिर हुसैन, आरक्षी रोहित कुमार सिंह, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, रंजीत यादव, पवन कुमार राजपूत, हिमांशु पटेल, ज्ञानेश मिश्रा, शुलभ पटेल शामिल रहे। पुलिसकर्मियों ने बताया कि घटना के खुलासे में सीओ यामीन अहमद, निलंबित एसआई राकेश मौर्या और एसआई अजीत कुमार पांडेय का भी खासा योगदान रहा।

### पीड़िता बोली यही है...

- एसपी ने बताया कि पीड़िता बुधवार को परिजनों के साथ इलाज कराने के लिए प्रयागराज जा रही थी। उसे बुलाया गया तो उसने भी मौके पर पहुंचकर आरोपी को पहचान लिया। चिल्लाते हुए बोली, यह वही राक्षस है, जिसने मेरी जिंदगी तबाह की है। साहब इसको फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### स्केच से काफी मिलता जुलता है आरोपी

गौरतलब है कि पुलिस ने युवती से पूछकर आरोपी का स्केच तैयार कराया था। हालांकि बाद में पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान युवती ने इस पर असहमति जताई थी। पुलिस के बनाए स्केच से आरोपी शुभम का चेहरा मोहरा काफी हद तक मिलता है। एसपी ने इस बात पर रोष जताया कि कुछ लोगों ने इस तरह की बातें कहीं कि स्केच से पीड़िता ने असहमति जताई। सवाल किया कि फिर पुलिस क्या अपने हिसाब से कोई स्केच बनाएगी। सलाह के अंदाज में कहा कि ऐसी वारदातों में पुलिस की कार्रवाई से असहमति नहीं जतानी चाहिए। तटस्थ रहना चाहिए।

### मुझे कालभैरव आते हैं...

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी शुभम के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में भी रेप का एक मामला दर्ज है। वहां से पता किया गया तो पता चला कि उस घटना को अंजाम देते समय भी आरोपी ने यह कहकर भ्रमित किया था कि मुझे कालभैरव आते हैं। नर्स के दुराचार के दौरान भी वह यही बुदबुदा रहा था।

### परंपरागत पुलिसिंग काम आई

एसपी ने बताया कि मामले के खुलासे में परंपरागत पुलिसिंग काम आई। मुखबिरी, लोगों की बातों और अन्य सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर काम किया गया। कम से कम 250 फोटो पीड़िता को दिखाई गईं। इनमें अस्पताल और रेलवे के कर्मचारियों की फोटो भी रहीं।

### धैर्य बनाए रखने के लिए सराहना तो बनती है

साइकिल से जंगल के रास्ते अस्पताल जाते समय युवती को बेहोश कर दुराचार करने का यह मामला मीडिया की सुर्खियां बन गया। एक हफ्ते से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली रहे तो मीडिया के साथ राजनीतिक दलों के लोगों ने पुलिस को आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया। कई तरह की बातें सामने आने लगीं। स्केच पर भी सवाल उठने लगे। हालांकि इस बात के लिए एसपी और उनके अधीनस्थों की सराहना करनी पड़ेगी कि विपरीत परिस्थितियों और आलोचनाओं के दौर के बाद भी इन्होंने धैर्य नहीं खोया। वर्ना तो ऐसे मामलों में पुलिस किरकिरी से बचने के लिए कई बार निरपराध को भी अपराधी बनाकर पेश कर देती है।

### 50 हजार का मिला इनाम

खुलासे में लगी टीमों को पचास हजार रुपये का इनाम मिलेगा। टीम के सदस्यों को पचीस हजार एसपी ने और पचीस हजार रुपये एडीजी जोन प्रयागराज ने दिए। सभी को इस ब्लाइंड केस को सुलझाने के लिए प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे।

---

## एक नजर

### अलग-अलग मामलों में 2 गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के एसआई गौरव तिवारी ने पॉक्सो एक्ट में वांछित लवकुश पुत्र पट्टू यादव निवासी गढ़ीवा को गिरफ्तार किया। रैपुरा के एसआई शिवसागर दुबे ने वारंटी कमलेश पुत्र पंचा रैदास निवासी करौंदी कला को पकड़ा।

### 2 सटोरियों को पकड़ा

**कायमगंज।** कस्बा चौकी इंचार्ज नागेंद्र सिंह ने मुखविर की सूचना पर अचरा रोड बिरियन तिराहे के पास से क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी गोविन्द पुत्र फूलचंद्र व पितौरा निवासी अजय सिंह पुत्र कृष्ण को सट्टे की खाईबाड़ी करते गिरफ्तार कर लिया। जामातलाशी लेने पर दोनों के पास से 970 रूपये व सट्टे की पर्चियां पेन कागज बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जिलाधिकारी ने किया कोटे की दुकान का उद्घाटन

**रामनगर (चित्रकूट)।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को गांव देउधा में उचित दर की दुकान का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### किस्त जमा करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर

**चित्रकूट।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि चयनित हज यात्रियों को प्रथम किस्त एक लाख 30 हजार 300 रुपये जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 11 नवंबर कर दी गई है। निर्धारित समय से धनराशि जमा न होने की स्थिति में चयन निरस्त किया जा सकता है।

### बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा।** बैजेइस्लामपुर गांव निवासी सत्यनारायण पुत्र राम सिंह ने थाने में बताया है कि बीते माह की 19 तारीख को वह कालका प्रसाद के साथ बाइक से कस्बा आ रहा था। बाइक चालक ने अपनी बाइक से टक्कर मार दी। पुलिस ने मामले में चालक पर एफआईआर दर्ज की है।

# तीसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे वकील

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- गाजियाबाद में साथियों से बर्बरता से आक्रोशित
- अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के लगाए नारे

**अमृत विचार।** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर पुलिस की बर्बरता से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बुधवार लगातार तीसरे दिन कार्य से विरत रहकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए कृत्य की निंदा की।

एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय ने कहा कि भारतीय संविधान से ऊपर किसी को नहीं रखा गया है। गाजियाबाद के जज का तुरंत स्थानांतरण किया जाना चाहिए तथा दोषी पुलिसकर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी जानी चाहिए। आनंद मिश्रा ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया तथा उत्तर प्रदेश सरकार को सख्त कदम उठाते हुए बड़ा निर्णय लेने की जरूरत बताई ताकि अधिक्ता के हितों का हनन नहीं हो। इस दौरान अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किर नारेबाजी की, जिसमें अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इस मौके पर महामंत्री मनोज कंचनी, अनिल त्रिपाठी, सुरेंद्र पयासी, उमेश कुमार सिंह, रवि मिश्रा, विनीत पयासी, अरुण टाइगर, विकास निगम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जुआ खेलने के आरोप में 12 लोगों को पकड़ा गया

**सीतापुर (चित्रकूट)।** पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने माल फड़ से 6630 रुपये और जामातलाशी से 570 रुपये बरामद किए।

चौकी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने जुआ खेलने के आरोप में 12 लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने अभिलाष निवासी कुशवाहा बस्ती, रज्जू राम, चिरौंजी, श्यामराज, वसीम उर्फ सोनू, धर्मेंद्र कुमार, रज्जू, राममिलन, गंगा प्रसाद, रामकेश, रिंकू और लल्लू कुशवाहा निवासीगण कुरियान टोला मोहल्ला तीर्थराजपुरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने माल फड़ से 6630 रुपये और जामातलाशी से 570 रुपये बरामद किए।

# पर्यटन को बढ़ावा दे रहे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री

चित्रकूट कार्यालय

- जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल ने किया रानीपुर टाइगर रिजर्व का लोकार्पण

**अमृत विचार।** जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व में वन विभाग विकास कार्य कराएगा।

उन्होंने आशा जताई कि इससे बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों को काम मिलेगा एवं जिले का विकास होगा। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया कि इससे संबंधित नौकरियों में आसपास के लोगों को ही रखें बाहर को लोगों को नहीं। उन्होंने ग्रामीणों को सीख दी कि वे एक रोटी कम खाकर बच्चों को अवश्य पढ़ाएं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में रानीपुर टाइगर रिजर्व परिसर में इको पर्यटन सत्र का विधिवत् हवन पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर मानिकपुर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मानिकपुर विधायक ने वन विभाग को सीमा पर एक द्वार और चाहरदीवारी बनाने के निर्देश दिए। पूर्व सांसद ने जिले में पानी की समस्या को दूर करने के लिए बांध की आवश्यकता बताई। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक फील्ड डायरेक्टर रानीपुर टाइगर रिजर्व केके सिंह ने बताया कि यह क्षेत्र पहले मैसूर में आता थ। अब रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर वन संरक्षक झांसी महावीर कौजलगी, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, भाजपा महामंत्री आलोक पांडेय, उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व एनके सिंह आदि मौजूद रहे।


रानीपुर टाइगर रिजर्व के लोकार्पण पर पूजन करते प्रभारी मंत्री मनोहर लाल।

# क्षेत्राधिकारी ने बताईं प्राथमिकताएं

**राजापुर (चित्रकूट)।** सीओ निष्ठा उपाध्याय के तबादले से रिक्त पद पर जयकरण सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवागंतुक सीओ ने बताया कि वह लखीमपुर खीरी के बाद जिले में आए थे। यहां वह मऊ के क्षेत्राधिकारी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित को न्याय देना प्रथम कर्तव्य है। किसी भी प्रकरण की जांच में पारदर्शिता अनिवार्य है। बताया कि पीड़ित व्यक्ति को सम्मान दिया जाएगा और उसकी परेशानी दूर की जाएगी। अपराधों पर नियंत्रण किया जाएगा। मादक पदार्थ की बिक्री करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के चारों थानों के प्रभारी निरीक्षकों को ओवरलोड के खिलाफ मुहिम चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बिना परमिट के वाहनों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा और अवैध शराब बरामदगी की मुहिम चलाई जाएगी।

# रैली में संकुल रौली के बच्चे रहे अव्वल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- 2 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को ब्लाक स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें भाग लेने वाले 12 संकुलों में संकुल रौली प्रथम स्थान पर रहा। समापन अवसर पर बच्चों को प्रेरित करते हुए उप जिलाधिकारी जसीम मोहम्मद ने खेल की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की तरह ही खेलकूद भी जरूरी है। उन्होंने परिषदीय स्कूलों का महत्व बताया। कहा कि देश में जो भी महान व्यक्ति हुए, वे सरकारी स्कूलों में पढ़े। इसलिए सरकारी विद्यालयों को कम नहीं नहीं आका जाना चाहिए।

परिषदीय विद्यालयों में देश का भविष्य तैयार हो रहा है। वित्त एवं लेखाधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने भई बच्चों को खेलकूद की गतिविधियों में शामिल होने को प्रेरित किया। बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में 12 न्याय पंचायतों के स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। कसहाई संकुल द्वितीय स्थान पर रहा। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालयों में गढ़ीवा की अपना देवी व नया छिवलहा के रजनीश, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में रगौली के सूरज ने चैंपियनशिप प्राप्त की।

बीईओ अतुल दत्त तिवारी ने बताया कि सभी खेलों के प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चे आगामी 11-12 नवंबर को मऊ में जिलास्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। संचालन अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# खदान में पोकलैंड पलटने की चर्चा

**भरतकूप (चित्रकूट)।** भरतकूप क्षेत्र में बीते दिन एक पोकलैंड पलटने की जानकारी है। बताया जाता है कि खदान में पोकलैंड पलट गई और आननफानन में घायलों को डंपर से मौके से कहीं ले जाया गया। ग्रामीणों में यह भी चर्चा है कि इस संबंध में जिम्मेदारों ने मामला दबाने की कोशिश की। इस संबंध में जब खदान में मौजूद कर्मचारियों से बात करने की कोशिश की तो उसने भी घटना को सही या गलत बताने, जवाब देने के बजाय दबाव बनाने की कोशिश की और आरोप लगाए। ग्रामीणों में यह भी चर्चा रही कि अगर घटना हुई तो फिर इसे कहीं कई अन्य घटनाओं की तरह दबा तो नहीं दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि भौंरा पहाड़ में वाहनचालक पानी पीने नीचे उतरा था और पैर फिसलने से नीचे आ गया था। किसी की मौत की बात गलत है।

# बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को खजुराहो में मिलेगा मंच

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


अजीत सिंह।

**अमृत विचार।** बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए उत्तरप्रदेश का प्रभारी मनोनीत किया गया है। आयोजन के संयोजक राजा बुंदेला ने उन्हें यह दायित्व सौंपा। उनको विशेषकर बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को कार्यक्रम में सम्मिलित कराने को निर्देशित किया है। अजीत सिंह ने बताया कि समारोह 5 से 11 दिसंबर तक खजुराहो में होगा।

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में देशी -विदेशी फिल्मों का प्रदर्शन होगा। मुंबई की फिल्मी हस्तियां शिरकत करेंगी। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की राजनीतिक हस्तियों का जमावड़ा लगेगा। 9 वर्षों में सफलता के कीर्तिमान गढ़ने वाले फिल्म फेस्टिवल के 10वें आयोजन का आगाज हो गया है। यहां बनी फिल्में, वृत्तचित्र, शार्ट मूवी आदि का टपरा टाकीज में प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। अजीत ने संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला का आभार जताया कि उन्होंने उनको यह दायित्व सौंपा। बताया कि वह अपने स्तर से यूपी बुंदेलखंड के सात जिलों में युवा प्रतिभाओं से संपर्क साधेंगे। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अदभुत आयोजन में शिरकत करने के लिए प्रेरित करेंगे।

# कार के ऊपर पलटा डंपर, लगा जाम

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग में मुख्यालय के रानी लक्ष्मीबाई तिराहे में सामने से आ रही स्कार्पियों को बचाने के चक्कर में गिट्टी से भरा डंपर अनियंत्रित होकर एक कार के ऊपर पलट गया।

कार सवार लोगों ने बाहर निकलकर जान बचाई। डंपर पलटने के चलते कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम लग गया। राष्ट्रीय राजमार्ग में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। बुधवार को मुख्यालय के रानी लक्ष्मीबाई तिराहे पर एक डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार एक डंपर गिट्टी भरकर कानपुर की ओर जा रहा था। तभी रानी लक्ष्मीबाई तिराहे के पास सामने से आ रही स्कार्पियों को बचाने के चक्कर में डंपर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में चला गया और खड़ी कार के ऊपर में पलट गया।

---

**कार्यक्रम** — श्रीधर धाम में प्रख्यात कथावाचक स्व . रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह का समापन

# संवेदनशीलता के अभाव में लक्ष्य नहीं मिलता : बापू

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** प्रख्यात रामकथा वाचक संत मोरारी बापू ने कहा कि बिना संवेदनशीलता के जीवन में लक्ष्य नहीं मिलता। साधु प्रतिष्ठा को नहीं निष्ठा को प्रणाम करता है। वह बुधवार को श्रीधर धाम में प्रख्यात कथावाचक स्व. रामकिंकर उपाध्याय के तीन दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन समारोह पर बोल रहे थे।

संत मोरारी बापू ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रपुरुष बताया। कहा, साधु प्रतिष्ठा को नहीं निष्ठा को प्रणाम करता है, मैं भी आपकी राष्ट्रनिष्ठा को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक मैथिलीशरण की सराहना की। कहा कि कोई मेवा के लिए गुरु के निकट होता है कोई सेवा के लिए पर मैथिलीशरण सबल सरल और संवेदनशील हैं। मैथिलीशरण की ग्रंथ और गुरु में अटूट निष्ठा सही रूप में अनुष्ठान है। **तो रामकथा के रहस्य से अनभिज्ञ रहता:** मोरारी बापू ने स्व.रामकिंकर के साथ संस्मरण साझा किए। कहा कि उनको रामकिंकर जी में पांच तत्व दिखाई दिए। पहला विश्वास, दूसरा विचार, तीसरा विलास, चौथा विराग और पांचवां विनोद।


इस मौके पर मौजूद लोग। अमृत विचार

### संतों का किया गया सम्मान

श्री रामकिंकर विचार मिशन के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी मैथिलीशरण ने सभी का स्वागत किया। संत मोरारी बापू व मैथिलीशरण ने रामकथा रसिक संतों और भक्तों को श्री रामकिंकर भारत भूषण सम्मान से सम्मानित किया। इनमें रामकथा वक्ता प्रेमभूषण, भागवत प्रवक्ता मनोज मोहन शास्त्री, भजन गायिका बीना देसाई, डा. अनामिका तिवारी, संगीता शर्मा, राजीव शर्मा, लखन लाल असाटी, ब्रह्मचारी संत, उत्तम स्वामी, स्वामी प्रपत्यानंद, महंत रामहृदय दास, संतोषदास, स्वामी श्रवणानंद सरस्वती, मालिनी अवस्थी शामिल हैं।

### चलते फिरते विश्वकोश थे रामकिंकर- स्वामी चिदानंद

परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद ने कहा कि रामकिंकर तो चलते-फिरते ग्रंथकार थे, विश्वकोश थे। कहा कि गैर हिंदू अपनी आपस में आलोचना नहीं करते हैं, इसीलिए हमें भी एक दूसरे की आलोचना नहीं करनी है।

### कर्ज उतारने को यहां कहूंगा कथा

मोरारी बापू ने कहा कि उन पर पंडित रामकिंकर के विचारों का कर्जा है, जिसे उतारने के लिए वह चित्रकूट में रामकथा जरूर कहेंगे। उन्होंने महान संत रणछोड़ दास और नानाजी देशमुख को भी याद किया।

### अन्ना मवेशियों की धमाचौकड़ी ...


**पहाड़ी (चित्रकूट)।** प्रशासन की सख्त हिदायतों के बाद भी जिले में अन्ना मवेशियों का विचरण नहीं रुक रहा। खेतों में तो ये किसानों की दिक्कत का सबब बने हुए हैं, सड़कों पर भी निर्द्वंद्व घूम रहे हैं और आयेदिन या तो चुटहिल हो रहे हैं या फिर लोगों को घायल कर रहे हैं। बुधवार को विकास खंड मुख्यालय के पास इन मवेशियों का जमघट रहा, जिससे लोगों को दिक्कत हुई।


# संदिग्ध परिस्थिति में दो भाइयों की मौत, तहरीर

## सीओ कुलपहाड़ के आदेश पर अजनर पुलिस जांच करने में जुटी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अजनर मार्ग दो सगे भाइयों का शव लहूलुहान मिला। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की पुलिस जांच कर रही है। तमाम लोग जहां उनकी मौत का कारण सड़क हादसा बता रहे हैं तो परिजनों का आरोप है कि उनकी हत्या की गई है। मृतकों के पिता ने हत्या की तहरीर दी है। पुलिस हर पहलू पर मामले की जांच करने में जुट गई है।

थाना अजनर के ग्राम टिकरिया निवासी महेश के यहां जनपद हमीरपुर के ग्राम धगवां निवासी रुपेश (20) पुत्र अशोक अपने मौसा के यहां आया हुआ था। मंगलवार की देर शाम को रुपेश अपने मौसेरे भाई अरुण के साथ शौच के लिए गया था। काफी देर तक दोनों भाईयों के घर न लौटने पर परिजन उनकी तलाश में निकले और गांव के बाहर इधर उधर तलाश करने लगे तभी अजनर टिकरिया मोड़ के पास एक खेत में दोनों के शव पड़े मिले। इसकी खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस की मदद से परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया।



अरुण और रुपेश।

मृतक अरुण के पिता महेश ने संदिग्ध अवस्था में हुई दोनों भाइयों की मौत पर हत्या की आशंका जताते हुए अजनर थाने में तहरी दे दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच पड़तला करने में जुट गई है। उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार ने बताया कि डायल 112 पुलिस को सूचना मिली थी। बाइक सवार दो युवक पेड़ से टकरा जाने के कारण घायल हो गए हैं, जिन्हें पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। उनका कहना है कि घटना की जांच कराई जा रही। पुलिस ने शव का पंचनामा कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कर्ज से परेशान किसान ने लगाई फांसी, मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पत्नी के इलाज के लिए किसान ने साहूकारों से लिया था कर्ज
- चरखारी कोतवाली के कीरतपुरा का मामला

**अमृत विचार।** पत्नी के इलाज के लिए साहूकारों से लिए गए कर्ज की अदायगी न होने से परेशान किसान ने घर पर पंखे के हुक में रस्सी का फंडा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में पत्नी जब उठी तो पति को फांसी के फंदे पर झूलता देख चीखने चिल्लाने लगी। चीख पुकार सुनकर परिजन दौड़ पड़े और आसपास के लोग भी एकत्र हो गए।



कोतवाली चरखारी के ग्राम कीरतपुरा जीतू (26) पुत्र दुर्गाप्रसाद की पत्नी ज्ञानवती काफी दिनों से बीमार चल रही थी। मानसिक रुप से परेशान होने के कारण उसके पति ने साहूकारों से कर्ज ले लिया था और फसल आने पर कर्ज की अदायगी करने की बात कही थी, लेकिन इस साल बेमौसम हुई बारिश से खरीफ की फसल बर्बाद हो जाने के कारण किसान साहूकारों के कर्ज की अदायगी को लेकर परेशान रहने लगा। उधर साहूकारों से लिए गया सारा कर्ज पत्नी के ग्वालियर के उपचार में खर्च हो गया।

खरीफ फसल की पैदावार की बेमौसम बारिश से बर्बाद हो गई। एक तरफ साहूकारों का कर्ज और दूसरी तरफ फसल की बर्बादी से परेशान किसान ने मंगलवार की रात घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति की मौत से अब पत्नी को छोटे- छोटे बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के घर में गमगीन माहौल बना हुआ है।

# आपूर्ति ठप होने से पेयजल संकट

संवाददाता, जैतपुर

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना के तहत की जाने वाली जलापूर्ति पिछले तीन दिनों से नहीं हो रही है, इससे क्षेत्र के ग्रामीणों के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों को सारे कामकाज छोड़कर सबसे पहले पानी के लिए आसपास लगे हैंडपंपों और कुओं पर पहुंचना पड़ रहा है। महिलाएं साथ में अपने बच्चों को पहुंच रहीं हैं। इतना ही नहीं पहले पानी भरने को लेकर ग्रामीणों में तूतू मैंमैं भी हो जाती है, बावजूद इसके अधिकारी इन समस्या के प्रति उदासीन नजर आ रहे हैं।

कस्बा जैतपुर के बेलासागर तालाब से नमामि गंगे योजना के तहत क्षेत्र में जलापूर्ति की जाती है, लेकिन कभी मोटर की खराबी तो कभी पाइप लाइन टूटने की समस्या के चलते ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना आम बात हो गई है। इन समस्याओं के चलते पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित है और ग्रामीणों के घर में लगे नलों से पानी की एक बूंद भी नहीं निकली, जिससे ग्रामीणों पेयजल समस्या से परेशान हो गए हैं। ग्रामीण पेयजल के साथ दैनिक उपयोग में लगने वाले पानी के लिए आसपास लगे हैंडपंपों और कुओं से पानी भरने को मजबूर हो रहे हैं।



हैंडपंप से पानी भरतीं महिलाएं और बच्चे। अमृत विचार

- कामकाज छोड़कर हैंडपंपों और कुओं से पानी भरने को मजबूर

जैतपुर के खंदियापुरा निवासी भारत सिंह ठाकुर, गनेश सिंह ठाकुर, बसंतलाल कुशवाहा, पंचमलाल रैकवार, धर्मेंद्र रैकवार आदि ग्रामीणों का कहना है कि नमामि गंगे योजना से जलापूर्ति मयस्सर कराने वाले अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। प्राइवेट कर्मचारी रखने से वह समयानुसा जलापूर्ति करने में लापवाही बरत रहे हैं, जिससे जलापूर्ति की समस्या उत्पन्न हो गई है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का समुचित लाभ क्षेत्र वासियों को नहीं मिल पा रहा है। अवर अभियता वकील प्रसाद का कहना है कि सिंचाई विभाग डाकबंगला की रास्ते में एक ठेकेदार द्वारा नाली खुदाई करते समय पाइप लाइस क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो गई है।




बंद पड़ा पंचायत भवन। अमृत विचार

# सचिवालय में नहीं सुन रहे समस्याएं

संवाददाता, जैतपुर

- सचिवों के सचिवालय न आने से ग्रामीण समस्याओं को लेकर खासे परेशान

**अमृत विचार।** शासनादेश जारी होने के बाद भी ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के लिए ग्राम पंचायत सचिव सचिवालय में नहीं बैठ रहे हैं और न ही ब्लाक कार्यालय आ रहे हैं। ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को लेकर ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान न होने और समय की बर्बादी के चलते उनमें आक्रोश व्याप्त है। जिला विकास अधिकारी ने भी एक सप्ताह पूर्व सचिवों को सचिवालय में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन वे बेअसर साबित हो रहे हैं।

विकासखंड जैतपुर की 63 ग्राम पंचायतों में 9 ग्राम पंचायत सचिव कार्यरत हैं, लेकिन कुछ सचिव अपने कार्य के प्रति गंभीरता दिखाते हुए ब्लाक में अपने कार्य को अंजाम देर रहे हैं और शेष सचिव सचिवालय और ब्लाक में कभी कभार ही नजर आते हैं। पूर्व में ब्लाक का निरीक्षण करने आए जिला विकास अधिकारी पंकज यादव को सचिव के कार्यालय बंद पाए गए थे। सचिव विष्णु माथुर को अपने क्षेत्र में न आने से ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर के लिए कई बार चक्कर लगाए जाने की शिकायत पर जिला विकास अधिकारी ने सचिव को फटकार लगाकर हुए परिवार रजिस्टर मुहैया कराए जाने के निर्देश दिए थे।

जिला विकास अधिकारी द्वारा सचिव को रोस्टर जारी कर सचिवालय और ब्लाक में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं ने सुनने के लिए निर्देशित किया गया, लेकिन सचिव की कार्यप्रणाली में आज तक कोई सुधार नही आया और न ही रोस्टर बनाया गया, जिससे शासन द्वारा सचिवालय में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का आदेश बेमतलब साबित हो रहा है और ग्रामीण ब्लाक के चक्कर काट रहे हैं। अधिकारी कार्रवाई भी नहीं कर रहे हैं ।

# खाद न मिलने पर किसानों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** दस दिन बाद समितियों में खाद आते ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खाद न मिलने पर किसानों ने जमकर हंगामा किया। मामले की नजाकत को भांपते हुए पूरब सहकारी समिति के सचिव ने पुलिस बुली। पुलिस आने के बाद डीएपी खाद का वितरण शुरू हुआ। खाद वितरण में अव्यवस्था न फैल सके इस गरज से पुलिस ने किसानों को लाइन पर लगा दिया, इसके बाद एक एक किसान का नंबर आने पर उन्हें खाद का वितरण किया गया, बावजूद इसके लाइन में सबसे पीछे लगे किसानों का नंबर आते आते डीएपी खाद ही खत्म हो गई, इससे किसानों में खासा गुस्सा दिखाई दिया।

जिले में जुताइ बुवाई का समय चल रहा है, ऐसे में डीएपी खाद की बढ़ती किल्लत के चलते किसानों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बुवाई के साथ डीएपी खाद भी डाली जाती है, जिससे किसान खाद के लिए मारामारी करने में जुटे हुए हैं, बावजूद इसके किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। परिवार के सदस्य व महिलाए खेतों में पानी लगाकर पलेवा कर रही हैं और उनके पति व देवर खाद के लिए समितियों में नंबर लगा रहे हैं। सबसे ज्यादा मारामारी डीएपी खाद को लेकर मची हुई है। तमाम किसान पहले खाद पाने के लिए रात में ही समितियों में डेरा जमाकर नंबर लगा लेते हैं, बाद में खाद न आने पर बैरंग घर लौट जाते हैं।



समिति में पुलिस की मौजूदगी में वितरित होती खाद। अमृत विचार

- समिति के सचिव ने पुलिस बुलाने के बाद किया डीएपी खाद का वितरण

बुवाई का समय धीरे धीरे खिसकता जा रहा है और किसान खाद के लिए समितियों के चक्कर काट रहे हैं, जिससे रबी फसल की बुवाई पिछड़ती जा रही है, इससे किसानों में खासा गुस्सा दिखाई दे रहा है। किसान सबकुछ छोड़कर खाद हासिल करने के लिए सारे जतन करने में जुटे हुए हैं।

ग्राम पलका निवासी भिकारीलाल, मदन श्रीवास, रामहेत और चांदो निवासी हलकुट्टा, कालीचरन, रज्जू सहित तमाम किसानों का कहना है कि आजकल खाद हालिस करना किसी जंग जीतने से कम नही है। किसानों को खाद के लिए खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, इसके बाद भी खाद नही मिल पा रही है।

# दबंगों ने दंपति को लाठियों से पीटा, एसपी से मिले

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टीकामऊ में पानी का पैसा मांगने को लेकर दबंगों ने किसान और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर नहीं की तो विविश होकर उसने पुलिस अधीक्षक से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाई।

ग्राम टीकामऊ गांव निवासी भूरा और उसकी पत्नी जयंती ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही एक ग्रामीण को सिंचाई के लिए अपने कुएं से किराए पर पानी दिया था, लेकिन खेत की सिंचाई करने के बाद जब पैसा मांगा गया तो उसने पैसे नहीं दिए और एक दो दिन की बात कहकर कई बार टहलाता रहा। बताया कि पैसा न देने पर वह दबंग के घर पहुंच गया जहां पर उसकी पुत्री ने पिता के न होने की बात कही, जिस पर वह वापस लौटने लगा, तभी रास्ते में दबंग अपने साथियों के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित दंपति ने परेशान होकर पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरी बात बताई और एफआईआर की मांग की।



शिकायती पत्र दिखाते पीड़ित दंपति।

# 12 नवंबर से किसानों को मिलेगा पानी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच की साफ सफाई में हो रही धांधली की शिकायत मिलने व खबरें प्रकाशित होने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे मौदहा बांध के सहायक अभियंता ने 12 नवंबर से पानी छोड़ने का आश्वासन शिकायतकर्ता के साथ किसानों को देकर आश्वस्त किया है। बताया कि साफ सफाई के कार्य में किसी तरह की धांधली नहीं होने दी जाएगी। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष पूर्व प्रधान बंडा संजय सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर सुमेरपुर ब्रांच की साफ सफाई के कार्य में धांधली का आरोप लगाया था। खबरें प्रकाशित होते ही मौदहा बांध के सहायक अभियंता यशवीर सिंह बुधवार को बंडा गांव पहुंचे और साफ सफाई के कार्य का अवलोकन किया और बताया कि 12 नवंबर से पानी मिलेगा।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** यातायात जागरूकता अभियान के तहत संत जोसफ्स स्कूल महोबा में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए छात्र छात्राओं को यातायात नियमों से रूबरू कराया गया साथ ही उपस्थित विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील करते हुए शपथ भी दिलाई गयी।

यातायात माह के तहत प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह ने छात्र- छात्राओं को यातायात के तहत जागरूक करते हुए बताया कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखने की चालक को अति अवश्यक है। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने, और मोबाइल का इस्तेमाल कतई न करें, जिससे वाहन चलाने वाले सुरक्षित अपने घर पहुंच सके। कहा कि चार पहिया वाहन चालते समय चालक के अलावा अन्य लोग भी सीट बेल्ट का उपयोग करें, आपकी जिंदगी अपकी ही नहीं अपके परिवार के लोगों के लिए भी अमूल्य है। कहा कि हमारा देश सबसे अधिक आबादी वाला देश है, शहर हो या गांव हर जगह पूरे दिन सभी सड़कें व्यस्त रहती हैं और ऐसे में समझदारी इसी में है कि वाहन को भीड़ भाड़ इलाकों में अपनी दिशा और ज्यादा तेज गति में वाहन न चलायें।



बच्चों को यातायात की जानकारी देते प्रभारी।

- विद्यार्थियों और शिक्षकों को दिलाई गई यातायात नियमों के पालन करने की शपथ

उन्होंने बताया कि ओवरटेक बहुत सोच समझकर करें ऐसे में लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की साथ ही पुलिस टीम द्वारा विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं और शिक्षकों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

## सार-संक्षेप

### दौड़ में प्रांशी और रोहित ने मारी बाजी

**हमीरपुर।** मुस्करा ब्लॉक के गुंदेला गांव में 38 वीं ब्लाक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत ने किया। क्षेत्र के गुंदेला गांव में ब्लाक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सर्वप्रथम 50 मीटर की दौड़ में प्रांशी, कंपोजिट विद्यालय पडुवा डेरा प्रथम, अनुष्का प्राथमिक विद्यालय छानी बांध बालक वर्ग में 50 मीटर में रोहित बांधुर बुजुर्ग प्रथम, रौनक सिंह कधौली द्वितीय स्थान पर रहे, खो खो में पड़वा डेरा की टीम ने बाजी मारी। कबड्डी में बांधुर बुजुर्ग की टीम विजयी रही। योगा में ऐंझी की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर करन सिंह दद्दू, लाखन सिंह ग्राम प्रधान गुंदेला, आशा त्रिवेदी, रावेंद्र सिंह गौर जिला व्यायाम शिक्षक, खेल प्रतियोगिता प्रभारी उमेश कुमार, रामकृपाल बिवांर नोडल, मिथलेश कुमार मसगांव नोडल, रवि कुमार प्रजापति, नोडल इमिलिया, अवध नरेश सिंह नोडल रूरीपारा, कुलदीप कुमार नोडल गहरौली, पूरन सिंह मेजबान नोडल गुंदेला, धर्मवीर, वीरपाल प्रजापति, धर्म वचन सिंह, तेज प्रताप सिंह, आनंद कुमार, अरविंद कुमार, पीयूष कुमार, धरम वीर और ग्राम के गणमान्य नागरिक और दर्शक उपस्थित रहे।



कबड्डी खेलते खिलाड़ी।

### परीक्षा की तैयारी समय से पूरी करें, लापरवाही न हो

**हमीरपुर।** आयोजित होने वाली एनएटी एवं एनएएस परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट में बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि शासकीय, अर्धशासकीय स्कूल, मदरसा में 20 व 21 नवंबर को आयोजित होने वाली एनएटी परीक्षा की तैयारी के लिए हर सप्ताह प्रतिदिन विद्यालय में प्रथम एक घंटा अभ्यास कराया जाए। तैयारी पूरी कर लें किसी तरह की लापरवाही न हो। एनएएस परीक्षा 4 दिसंबर को आयोजित होगी, इसकी भी तैयारी कराई जाए। विगत वर्ष से ग्रेडिंग उच्च रहनी चाहिए। यही हमारा प्रयास होगा, इसके लिए हमें सतत प्रयास करना पड़ेगा तभी सफलता मिलेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह बताया कि जनपद में कुल 92555 बच्चों को इन दोनों परीक्षाओं में सम्मलित होना है। यह परीक्षाएं सुचितापूर्ण एवं पूर्ण पारदर्शिता से कराई जाएंगी। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी राम लखन गुर्जर, एसआरजी वरूण यादव, अशोक पाल एवं समन्वयक ट्रेनिंग आलोक त्रिपाठी रहे।

### मॉडल सोलर विलेज के लिए 21 ग्राम पंचायतें चयनित

**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज चयन के लिए शासन के ऊर्जा स्रोत विभाग ने शासनादेश जारी किया है। इसके तहत नवीनतम जनगणना के आधार पर जनपद में पांच हजार से अधिक जनसंख्या वाले 21 ग्रामों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत मॉडल विलेज चयन प्रतिस्पर्धा में प्रस्तावित किया गया है। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि मॉडल सोलर विलेज योजना अन्तर्गत पांच हजार से अधिक आबादी के राजस्व ग्राम शामिल किए गए हैं। इनमें मुस्करा ब्लाक में ग्राम पंचायत मुस्करा, गहरौली, बिवांर, उमरी, इमिलिया, बसवारी, पहाड़ी भिटारी को शामिल किया गया है। इसी तरह ब्लाक सुमेरपुर के टेढा, सुरौली बुजुर्ग, पौथिया, चंदपुरवा बुजुर्ग, इंगोहटा व ब्लाक मौदहा के अरतरा, खंडेह, सिसोलर, रीवन, करहिया, सायर ब्लाक कुरारा में पतारा, बेरी को शामिल किया गया है। ब्लाक सरीला में भेड़ी डांडा शामिल किया गया है। बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत सूचीबद्ध राजस्व ग्रामों की सूची जारी की गई है। नेडा परियोजना अधिकारी आरबी ओझा ने बताया कि अभी 21 गांवों को मॉडल के रूप में प्रस्तावित है। इन गांवों में सोलर पैनल को लगवाने के लिए ग्राम प्रधान व सचिवों की बैठक बुलाई गई है। बताया कि एक गांव में एक करोड़ की लागत से सोलर पैनल सिस्टम लगाया जाएगा। कहा योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए यूपीनेडा वेवसाइट upneda.org.in पर अथवा परियोजना अधिकारी यूपी नेडा, विकास भवन कार्यालय अथवा मो नं 9935714118 पर संपर्क कर ले सकते हैं।

**उद्योग बंधु की बैठक** — दूसरे प्रांतों में वाहनों के चालान काटे जाने की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया

# उद्यमियों ने उठाया टूटी सड़कों का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में जनपद के उद्यमियों तथा क्रेशर से संबंधित इकाइयों के संचालकों ने समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया और समस्या समाधान की मांग की। उद्यमियों ने टूटी सड़कों, बिजली की कटौती और दूसरे प्रांतों में बिना वजह वाहनों का चालान काटे जाने की समस्या से अवगत कराया।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा उद्यमियों को ऐसे प्रकरणों को चिन्हित करते हुए लिखित में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे अग्रिम कार्रवाई कराई जा सके। जिला अस्पताल से मरीजों को झांसी व कानपुर रेफर करने के संबंध में जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देश दिए गए कि वह विगत एक माह में रेफर किए गए प्रकरणों की सूची कारण सहित उपलब्ध करायें। निवेश से संबंधित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग व उद्यमी मित्र को निर्देश दिए कि प्रत्येक निवेशक से वार्ता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक करायें। वहां होने वाली चर्चा और निर्णय की जानकारी उन्हें भी उपलब्ध कराएं। उद्यमियों ने कहा कि टूटी सड़कें बनाएं और ताकि गड्ढों की वजह से जो वाहनों की कमानी टूटती है , हादसे होते हैं न हों। बिजली की कटौती भी न हो यह सुनिश्चित किया जाए।



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व व्यापारी। अमृत विचार

- कबरई- महोबा गड्ढायुक्त होने से वाहनों की कमानी टूटने की समस्या भी बताई

उपायुक्त उद्योग श्री महेशचंद्र सरोज द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, जिला खान अधिकारी आरबी सिंह, उप संभागीय परिवहन अधिकारी, व्यापार कर के सहायक आयुक्त तथा उद्यमी संगठन से रामकिशोर सिंह, बाल किशोर द्विवेदी देवेंद्र मिश्रा, रघुराज सिंह, भागीरथ नगाइच, रामजी गुप्ता, नेहा चांसोरिया उपस्थित रहीं।

# लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें लापरवाही ठीक नहीं

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में करकरेत्तर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्धारित करों की लक्ष्यों की पूर्ति कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत वूसली कराई जाए, इसमे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। संबन्धित अधिकारी, कर्मचारी ईमानदारी से अपने कार्य को अंजाम दे। उन्होंने संतोषजनक वसूली न पाए जाने पर नाराजगी जताई। कर-करेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया।



निर्देश देते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी।

- बैठक में डीएम ने संतोषजनक वसूली न होने पर जताई नाराजगी

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने हेतु अभियान चला कर वसूली करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कराएं। जिला पंचायत को शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष वसूली शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ससुरालीजनों पर दर्ज हुई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**जालौन।** अतिरिक्त दहेज में कार की मांग पूरी न कर पाने पर पीड़िता ने ससुरालीजनों द्वारा मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किए जाने की शिकायत कोतवाली में की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुरखीवाल निवासी शिवानी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता विजय कुमार ने उसकी शादी 30 जनवरी 2024 को झांसी के सीपरी बाजार निवासी यतेंद्र के साथ की थी। शादी में पिता ने पर्याप्त दान दहेज दिया था। लेकिन ससुराल पहुंचने पर ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और अतिरिक्त दहेज के रूप में कार की मांग करने लगे। पिता से बात करने पर उन्होंने कार देने में असमर्थता जताई तो उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति यतेंद्र, देवर आकाश, सास सीमा, ससुर राम मनोहर, मामा ससुर सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं पुलिस का कहना है जल्द से जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उसके बाद आगे विधिक कार्रवाई की जायेगी। मामले की निष्पक्षता स जांच होगी।

### बिजली समस्या के निदान की काश्तकारों ने उठाई मांग

**हमीरपुर।** बिजली कटौती व लो बोल्टेज से परेशान पांच गांवों के काश्तकारों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर बिजली समस्या के निस्तारण की मांग को लेकर जिलाधिकारी से सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौपा। जिसमें उन्होंने दो से तीन दिन में निदान न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मौदहा विकास खंड ग्राम चकदहा, बिगहना, मुटनी, रतौली व लरौंद के काश्तकार बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। दिए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि बिजली सप्लाई का मुख्य फीडर कुनहेटा है जो ओल्ड फीडर के नाम से जाना जाता है। बताया कि यहां बिजली सप्लाई का कोई समय निर्धारित नहीं है, जब कभी बिजली आती है तो लो बोल्टेज बना रहता है जिससे निजी नलकूपों का संचालन नहीं हो पाता है। लो बोल्टेज के चलते उनकी मोटरे कई बार जल चुकी है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बिजली समस्या के निदान की मांग की है। साथ ही उन्होंने दो से तीन दिन में समस्या का निस्तारण ना होने पर मौदहा तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान कामता प्रसाद,नसीरुद्दीन,जगजीवन राम, अंकुश सिंह रोहित सिंह राजकुमार अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# कही भी बिना आमंत्रण के नहीं जाना चाहिए

संवाददाता जालौन, उरई


यज्ञ में आहुति देते आयोजक।

**अमृत विचार।** किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो सकता है। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर नहीं जाना चाहिए। यह बात गूढ़ा स्थित शनिधाम पर आयोजित भागवत कथा में कथा व्यास हर्षिता किशोरी ने कही।

गूढ़ा स्तिथ शनिधाम पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास हर्षिता किशोरी ने सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने पर अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है।

भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उससे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। इसके अलावा कथा स्थल पर महंत जमुनादास महाराज के संरक्षण में नौ कुंडीय श्रीराधा वल्लभ महायज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें यज्ञाचार्य पंडित मिथलेश महाराज ने आहुतियां दिलाई। इस मौके पर पुजारी भरत तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, शैलजा, आरती, सुनीता, शशिकला, रीता, रागिनी, कमला, प्रेमलता आदि मौजूद रहे।

# अधर्म बढ़ने पर प्रभु लेते हैं अवतार

संवाददाता, कालपी उरई

- विप्र, धेनु, सुर, संत, हित लीन मनुज अवतार : महाराज जी
- श्रीमद् भागवत महापुराण सुनने को उमड़े श्रद्धालु


कथा का श्रवण कराते आचार्य।

**अमृत विचार।** राधे गार्डन कालपी में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में राम श्याम जी महाराज ने बताया कि प्रभु अवतार क्यों लेते हैं जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती और अधर्म का बोलबाला होता है तब तब प्रभु श्री नारायण कभी कृष्णरूप में कभी राम रूप में तो कभी हरि रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं और अधर्म का नाश करते हैं।

जब मथुरा क्षेत्र में कंस का आतंक पूरी तरह फैल गया तब प्रभु श्री नारायण ने श्री कृष्ण का रूप धारण करके कंस का वध किया और पृथ्वी के जितने भी पापी थे सब का नाश करके प्रभु ने पुनः धर्म की स्थापना की। गौ गीता और गंगा पर प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने बताया की गौ माता की पूजा करने से गौ माता की सेवा करने से बिहारी जी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को गीता अवश्य पढ़नी चाहिए। इसके प्रभाव से हमारा जीवन संस्कार मय होता है । वहां पर मौजूद सभी भक्तजन कथा सुनकर भाव विभोर हो गए। राधे गार्डन कालपी में यह कथा विगत 4 दिनों से चल रही है। इस कथा के मुख्य यजमान श्री राम जी गुप्ता, सीमा गुप्ता आयोजक आशीष गुप्ता बौबी गुप्ता श्रोताओ में मुख्य रूप से सभाषद राकेश यादव, ऊधम सिंह चौहान, आशुतोष मिश्रा अनिल गुप्ता, अरविन्द यादव अध्यक्ष नगर पालिका कालपी, रणविजय सिंह चंदेल अमर सिंह चंदेल,अनमोल मिश्रा एवं समस्त श्रोताजन।

# पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या

## पत्नी के चरित्र पर करता था शक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उरई


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार व अन्य पुलिस बल।

**अमृत विचार।** सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए उसकी कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मौके पर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार भी जांच पड़ताल करने पहुंचे। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी अमर सिंह यादव 33 वर्ष पुत्र पीतम सिंह ने बुधवार की सुबह 9 बजे अपनी 30 वर्षीय पत्नी कुशमा देवी के गले में ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से वारकर उसकी हत्या कर दी। जघन्य हत्यकांड को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पति मौके से भाग गया। आसपास के लोगों को जानकारी होने के बाद घटना से गांव में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। वहां पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान हत्यारोपी पति ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मेरी पत्नी चरित्र ठीक नहीं था। बताया कि कई बार घर से भाग जाने की भी धमकी देती थी, जिससे तंग आकर उसने वारदात को अंजाम दे दिया। मृतका की मां ने बताया कि वह अपनी बच्ची कुशमा के साथ ही मानपुर में ही रहती है। मृतका कुशमा के दो बच्चे 7 वर्षीय लड़का और 3 वर्षीय लड़की है। फिलहाल घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार के साथ अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ जालौन के अलावा थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह पुलिस वल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी पति को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक के बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तेल का नमूना हुआ फेल, होगी कार्रवाई

**जालौन।** दीपावली के मौके पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापामारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने भरे थे। पुरानी नझाई में संचालित आयल मिल से भरा गया तेल का नमूना फेल हो गया है, जबकि गोवर्धन दूध से भरे गए दूध व खोवा की जांच रिपोर्ट नहीं आयी है।

नगर में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए समय समय पर जांच अभियान चलाकर नमूने भरे जाते हैं। इसके बाद भी विभाग मिलावट पर रोक नहीं लगा पा रहा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बगैर पंजीकरण के दूध डेयरी संचालित है फिर भी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। दीपावली के पर्व से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने भरे थे। गोवर्धन दूध डेयरी से दूध व खोवा के भरे गये नमूनों की अभी जांच रिपोर्ट नहीं आयी है। सहायक आयुक्त जितिन कुमार ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम ने पुरानी नझाई में संचालित आयल मिल से सरसों के तेल का नमूना भरा था। भरे गये तेल का नमूना मानक के अनुरूप नहीं पाया गया है। मानक के अनूरूप न पाये जाने पर न्यायालय में वाद प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# गौशाला का निरीक्षण कर हरे चारे की उपलब्धता के दिए दिशा- निर्देश

देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, कालपी उरई


गौशाला का निरीक्षण करतीं नायब तहसीलदार तारा शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने गौशाला का औचक निरीक्षण। इस दौरान परिसर में हरा चारा की उपलब्धता करने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन के निर्देशन पर नायब तहसीलदार तारा शुक्ला कदौरा विकास खंड के ग्राम लुहरगांव गौशाला पहुंची। जहां उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद गोवंशों को अभिलेख से मिलान किया। पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही उन्होंने गोवंशों के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशाला का पुनः निरीक्षण किया जायेगा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# पदभार ग्रहण कर गिनाईं प्राथमिकताएं

संवाददाता कालपी उरई

**अमृत विचार।** राजा टोडरमल प्रशिक्षण केंद्र हरदोई से साढ़े तीन महीने की ट्रेनिंग पूरी करके वापस आये नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने योगदान आख्या देकर कालपी तहसील में पुनः पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए शासन के निर्देशानुसार काम करना बताया है।

विदित हो कि हमीरपुर जनपद में राजस्व कानूनगो के पद से प्रोन्नति पाकर चंद्र मोहन शुक्ला नायब तहसीलदार बने हैं। जुलाई 2024 महीने में चंद्र मोहन शुक्ला नायब तहसीलदार का प्रशिक्षण पाने के लिये कालपी से हरदोई गए हुए थे। साढ़े तीन महीने का प्रशिक्षण पाकर वह कालपी में लौटे हैं। उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी के समक्ष नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला के द्वारा कालपी तहसील में योगदान आख्या दे दी गई है

# आबकारी इंस्पेक्टर ने बंद कराया भांग का ठेका

कार्यालय संवाददाता उरई



- आबकारी अधिकारी को ठेके पर गांजा बिकने की मिल रही थी शिकायतें

**अमृत विचार।** पिछले दिनों नगर में संचालित भांग के ठेकों पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई में भारी मात्रा में गांजा की बरामदी के बाद कई भांग के ठेके निरस्त किये गये थे। साथ ही उनके खिलाफ पुलिस ने कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज करायी थी।

लेकिन जब आबकारी विभाग ने पुनः भांग ठेकों की नीलामी प्रक्रिया करायी तो पुराने भांग ठेकेदार ने ही अपने लोगों को नीलामी प्रक्रिया में शामिल कर फिर से भांग ठेकों पर अपना कब्जा कर लिया था और भांग ठेकों को विभाग से बगैर चैहद्दी पास कराये ही संचालित कर दिये थे। इसी दौरान आबकारी विभाग को शिकायत मिली कि भांग ठेकों पर फिर से गांजा की बिक्री शुरू हो गयी है। बुधवार को आबकारी टीम ने राजमार्ग स्थित वीमार्ट के सामने संचालित भांग ठेका पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देते हुये ठेका पर मौजूद युवक को पकड़कर अपने साथ ले गयी और ठेके पर तालाबंदी करा दी। छापामार कार्रवाई में आबकारी टीम को क्या मिला क्या नहीं मिला इस बारे में विभागीय टीम जानकारी देने से बचती नजर आयी।

### झाड़ियों में मिला अधेड़ का शव मचा हड़कंप

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के जेल चौकी के सामने नाला किनारे झाड़ियों में 55 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से खलबली मच गई। घटना की सूचना पर सीओ सहित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की, जिसमें मृतक की शिनाख्त हमीरपुर के मौदहा निवासी कुतबुद्दीन 55 के रूप में उसके पुत्र रहीश ने की। बताया कि वह आंख का ऑपरेशन कराने 27 अक्तूबर को उरई आए थे। ऑपरेशन होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचे, तो उनकी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला था। इस पर उन्होंने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भारत जानो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता जालौन उरई


परीक्षा देते छात्र। अमृत विचार

- 1778 छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा, 12 तारीख को होगी प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता

**अमृत विचार ।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित की गयी प्रतियोगिता में 20 विद्यालयों के 1778 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। विजेता प्रतिभागियों को शाखा द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

अपने देश के बारे में विस्तार से जानने के लिए बच्चों को प्रेरित करने तथा उन्हें देश की उपलब्धियों व जानकारी से रूबरू कराने के लिए भारत विकास परिषद भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 20 विद्यालयों के 1778 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गयी। विद्यालय स्तर पर जूनियर व सीनियर वर्ग में परीक्षा आयोजित की गयी। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता, कल्लू बजाज ,अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से जूनियर तथा सीनियर वर्ग के प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल दो बच्चों की टीम दिनांक 7 नवंबर को सुबह 10 बजे छौलापुर रोड स्थित महाराणा प्रताप एकेडमी इंटर कॉलेज जालौन में शाखा स्तर पर आयोजित भारत को जानो क्विज में प्रतिभाग करेंगे। शाखा स्तर की विजेता टीम 12 तारीख को एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में प्रांतीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्राक: 1626/1 न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 06/11/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती माया देवी पत्नी राघवेन्द्र | श्रीमती राम किशोरी पत्नी हरीमोहन | पठानपुरा –2 | 12 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्राक: 1628/1 न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 06/11/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती आशारानी पत्नी सुखदेव | श्रीमती राम किशोरी पत्नी हरीमोहन | पठानपुरा –2 | 12 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्राक: 1627/1 न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 06/11/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती आशारानी पत्नी सुखदेव | श्रीमती राम किशोरी पत्नी हरीमोहन | पठानपुरा –2 | 12 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

योजना — 22 नवंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन नवीन मंडी कालपी रोड में किया जाएगा

# शत–प्रतिशत पूर्ण करायें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता उरई


क्रॉप कटिंग कराते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु वर्चुअल बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों में प्राप्त आवेदन पत्रों का सत्यापन कर शीघ्र ही मुख्य विकास अधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी को भेजें, 22 नवंबर को 500 मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन नवीन मंडी कालपी रोड में किया जाएगा। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आवंटित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु विशेष अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरवाना सुनिश्चित करें। किसी भी ग्राम पंचायत या वार्ड में 05 या 05 से अधिक आवेदन पत्र पाये जाने पर उनका स्थलीय सत्यापन स्वयं खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी द्वारा किया जाये। किसी भी प्रकार की अनियमितिता अथवा विकास खण्ड व नगरीय निकाय की प्रगति शून्य पाये जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 के लिए कुल 965 का लक्ष्य प्राप्त हैं। इस योजना में 35 हजार रुपये कन्या के खाते में,10 हजार का उपहार सामग्री तथा 6 हजार आयोजन में प्रति जोड़ा खर्च किया जाता है। एक जोडे पर शासन द्वारा 51 हजार की धनराशि खर्च की जाती है।

### जिलाधिकारी ने खड़े होकर कराया क्रॉप कटिंग

**उरई।** सरकार के निर्देश पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम कुठौंदा में राजस्व विभाग की टीम द्वारा क्रॉप कटिंग कार्य कराया। इस दौरान गाटा संख्या 276 में स्थित किसान शिवकुमार पुत्र बद्रीप्रसाद के खेत में धान की उपज का आकलन किया गया। क्रॉप कटिंग के तहत 40 .46 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फसल की पैदावार का आकलन किया गया, जिसमें 24 .840 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी आनंद सिंह, तहसीलदार शेर बहादुर, नायब तहसीलदार, किसान सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोतीनगर निवासी बावला 32 वर्ष पुत्र रतन सिंह बाइक से गांव-गांव जड़ी बूटियां बेचने का काम करता था। मंगलवार की रात को वह बैरई गांव जा रहा था। तभी सामने से आए बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। वहीं बाइक चालक मौके का फायदा उठाकर भाग गया। इस दौरान वहां से निकले राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। वहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद घटना की खबर उसके परिजनों को दी। हादसे की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं ज्ञान भारती चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) :** गेहूंदड़ा 2800–2850 आर.आर.21 2900–2950 गेहूंफारम 3050–3100 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –2700 बाजरा 2300–2350 मकाई 2400 –2500 **दलहन (प्रति क्वि.) :** चना 6600 –6700 अरहर 7500 –8000 मसूर 5500 –5600 मटर 3300 –3400 उड़दहरा 11500 –12000 उड़दकाला 7500 –8500 मूंग 7500 –8000 **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहरफूल 15100–15200 अरहरस्पेशल 11200–11300 चनादाल 8400–8500 मटरदाल 4100–4200 मसूरमलका 7125–7175 मसूरदाल 7325–7375 उड़ददाल 9000– 13500 उड़द धोवा 10000– 12500 मूंगदाल 8500 –9700 मूंग धोवा 9500–11000 **चावल (प्रति क्वि.) :** अरवा 2800–4000 बासमती न. 1.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000 –8000 **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1600–1700 मैदा 1700–1770 सूजी 1730–1780 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) :** शाहपसंद 1600–1630 **तिलहन (प्रति क्वि.) :** लाही 5700–5800 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 10500– 11600 मूंगफली दानाषिवपुरी 8500– 11000 बटाली 8000–11000 सेहुआं 4000–4500।

## सर्राफा

कानपुर


| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 96,200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 1,10,000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 1,15,000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 80550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 60050–60250 |


# ट्रंप की जीत से सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

## निफ्टी में 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत की बढ़त, आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

मुंबई, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।




सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा। नायर ने कहा, आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है। यह भारतीय कंपनियों के लिए सकारात्मक है। यूरोप के अधिकांश बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### क्रिप्टो में तेजी, बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

# जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले : शक्तिकांत दास

मुंबई, एजेंसी



• भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा- नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं सकारात्मक कारक

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी। दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है।

# मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** मेडिकल इमेजिंग जैसे अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने नोएडा में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू करने की घोषणा की है। इटालियन कंपनी की सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह विनिर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया इसाउटे विनिर्माण स्थल मेड इन इंडिया के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैब ए, माई लैब ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा।

# भारत में भी इलेक्ट्रिक वाहन लाने की तैयारी कर रही है स्कोडा

**मुंबई।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में अपना कारोबार बढ़ाने की रणनीति के तहत यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीयूष अरोड़ा ने यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलक को पेश किए जाने के मौके पर अपनी भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। अरोड़ा ने खास बातचीत में कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और स्कोडा इसे अपने कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानती है।

# रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

• रूबीकॉन रिसर्च के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है।

सेबी द्वारा बुधवार को जारी अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का निष्कर्ष मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 585 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

# इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने ईआईसीएमए के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, हम अधिक किफायती खंड में भी उत्पाद उतारेंगे।

# सैजिलिटी इंडिया के आईपीओ को 52 प्रतिशत अभिदान

नई दिल्ली, एजेंसी

• बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार तक दो दिन में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी को 2.24 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।

पात्र संस्थागत निवेशकों के खंड को सात प्रतिशत अभिदान मिला। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम सात नवंबर तक खुला रहेगा।



## एक नजर

### महाराष्ट्र : भाजपा से 40 पदाधिकारी निष्कासित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र ईकाई ने राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त स्थानीय स्तर के 40 पदाधिकारियों को बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा के प्रवक्ता ने बताया कि जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें वे बागी भी शामिल हैं जिन्होंने पार्टी या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि बागियों का समर्थन करने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई की गई है। भाजपा द्वारा निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पार्टी के नेता श्रीकांत भरतिया के भाई तुषार भरतिया भी शामिल हैं। वह बडनेरा विधानसभा सीट से बागी उम्मीदवार हैं।

### पोर्श दुर्घटना : किशोर के दोस्त के पिता का आत्मसमर्पण

**पुणे।** इस वर्ष मई महीने में पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर चालक के दोस्त के पिता ने बुधवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। च्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अरुण कुमार देवनाथ सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिंह का बेटा कल्याणीनगर इलाके में हुई दुर्घटना के समय कथित तौर पर कार में मौजूद था। आरोप है कि सिंह ने अपने बेटे के रक्त के नमूने बदल दिए ताकि तथ्य छिपाया जा सके कि उसका बेटा दुर्घटना के समय नाबालिग चालक के साथ नशे में था।

### गुजरात: एक मंदिर से चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**गोधरा।** गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ पहाड़ियों पर स्थित देवी महाकाली के एक प्राचीन मंदिर से 78 लाख रुपये मूल्य के सोने के हार चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक मंदिर के गर्भगृह से 28 अक्टूबर को 78 लाख रुपये मूल्य के छह सोने के हार और दो सोने की परत चढ़ीं वस्तुएं चुराने के आरोप में विदुरभाई वसावा को एक सप्ताह से अधिक समय पहले सूरत से गिरफ्तार किया गया था।

# बजरंग बली पसंद नहीं तो जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं

## महाराष्ट्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा- आखिर भारत में कौन है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर रहे। वहां अमरावती की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने जहां महाअघाड़ी को महाअनाड़ी गठबंधन बताया वहीं, यह भी कहा कि नवनीत राणा यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष कर रही थीं। त्रेतायुग में जब बजरंग बली रहे होंगे, तब इस्लाम नाम की वस्तु ही नहीं रही होगी। उन्होंने कहा कि किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अमरावती, महाराष्ट्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए। • एजेंसी

मुख्यमंत्री सूचना परिसर लखनऊ से साझा की गई खबर के मुताबिक, योगी ने वहां कहा कि चुनाव में दो महागठबंधन लड़ रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना व एनसीपी का महायुति गठबंधन है तो दूसरी तरफ महाअघाड़ी के रूप में महाअनाड़ी गठबंधन है। योगी के अनुसार, महाअनाड़ी गठबंधन भारत और भारतीयता के सम्मान व स्वाभिमान के साथ खेलने वाला है। कांग्रेस और एनसीपी के लोग कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। राम का विरोध करने वालों को भी अब राम याद आने लग गए।

### अब तो मौलवी भी राम-राम कह रहेः योगी

चुनावी जनसभा में योगी ने बताया कि वे जम्मू-कश्मीर चुनाव में जम्मू एयरपोर्ट पर उतरे तो एक मौलवी ने राम-राम किया, मैं समझा नहीं, फिर उसने कहा कि योगी जी राम-राम। यह देख एयरपोर्ट के अधिकारी भौचक हुए तो मैंने कहा कि आश्चर्य न कीजिए, यह धारा-370 हटने का इफेक्ट है।

### वे पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए आंसू बहाते हैं

योगी ने कहा कि भारत में जब भी पर्व-त्योहार या शोभायात्रा निकलती है तो कुछ लोग गर्व व श्रद्धा की बजाय पाकिस्तान का झंडा लहराते दिखाई देते हैं। भारत की चिंता करने की बजाय पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं। भारत के अंदर हमारे लिए सिर्फ राष्ट्रधर्म होना चाहिए। योगी ने यह भी कहा कि जब भी देश में संकट आता है तो कांग्रेस के नेता बाहर जाकर पिकनिक मनाते हैं। संकट के समय राहुल गांधी भारत में नहीं, इटली में होते हैं।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में कोई विचारधारा नहीं बची

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी



• अकबरुद्दीन ओवैसी का महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया कि उनमें कोई विचारधारा नहीं बची है। साथ ही कहा कि विभाजनकारी राजनीति करने वाले लोग उन्हें सांप्रदायिक करार दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी समुदायों का समान रूप से है - चाहे वे पगड़ी या टोपी पहनते हों या वे जो माथे पर तिलक लगाते हों।

तेलंगाना के एआईएमआईएम विधायक ओवैसी यहां अमखास मैदान में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों इम्तियाज जलील और नसीर सिद्दीकी के लिए प्रचार करने के वास्ते आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। जलील 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व से जबकि सिद्दीकी औरंगाबाद मध्य से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी (एआईएमआईएम) मुस्लिम, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठों की आवाज उठाती है। मैं भड़काऊ भाषण नहीं देता। जो लोग 'बंटोगे तो कटोगे' की बात करते हैं, वे मुझे सांप्रदायिक कहते हैं।

# सिद्धरमैया से लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ की

मैसुरु (कर्नाटक), एजेंसी



• एमयूडीए स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मैसुरु में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धरमैया पूछताछ के लिए जारी समन के जवाब में यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टी. जे. उदेश के नेतृत्व में एक टीम के सवालों का जवाब दिया।

लोकायुक्त अधिकारी ने कहा, पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में नामित मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को 14 स्थलों का आवंटन किए जाने में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

# सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद गवाह को मिली धमकी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद को एक व्यक्ति ने धमकी भरा फोन कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। इकबाल शेख बाबा सिद्दीकी के कार्यालय में काम करता था और जब वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या की गयी, तब वह वहां मौजूद था। एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन करके धमकी दी। उसने खार थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और कहा है कि प्रथम दृष्टया उन्हें घटना में कुछ स्थानीय लोगों के शामिल होने का संदेह है।

# संविधान की लाल प्रति पर भिड़ीं भाजपा-कांग्रेस

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है।

गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है। फडनवीस को जवाब देते हुए, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि भाजपा नागपुर में अपने गढ़ के पास गांधी के कार्यक्रम से घबरा गई है।




• कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं लाल रंग की संविधान की प्रति

### राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को यह जानकारी दी गई कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जा रही जनहित याचिका पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई है। याचिकाकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कनार्टक इकाई के कार्यकर्ता ने जब कहा कि उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी, मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि पीठ कोई विरोधाभासी आदेश पारित करना नहीं चाहती।

# त्योहारी मौसम में शांति सुनिश्चित करें

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया कि त्योहारी सीजन के दौरान राज्य के सभी इलाकों में शांति बनी रहे। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोग बिना किसी व्यवधान के, पूरे हर्षोल्लास के साथ, त्योहारों का जश्न मनाएं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि काली पूजा के एक दिन बाद कोलकाता के राजाबाजार और नारकेलडांगा में भीड़ ने कुछ वर्गों के लोगों पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। राज्य सरकार की तरफ से पेश महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने दावा किया कि अलग-अलग समुदाय के लोगों के आपस में टकराव संबंधी आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। दत्ता ने दलील दी कि दो लोगों के बीच झड़प के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई और उसके फलस्वरूप हुई हिंसा में कुछ पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए।



• कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया

# भाजपा में शामिल हुए हेमंत सोरेन के चुनाव प्रस्तावक को धमकी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चुनाव प्रस्तावकों में से एक मंडल मुर्मू को भाजपा में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में बुधवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। सोरेन ने विधानसभा चुनाव के लिए बरहैट विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया, मुर्मू को सोशल मीडिया मंच से धमकी दी गई थी।

# ऑटोमोबाइल कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

भोपाल, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 40 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां कई परिसरों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई शहर की एक्सेल व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, इसकी प्रवर्तक मंजू गर्ग, उनके बेटे ऋषभ गर्ग, कुछ अज्ञात लोक सेवकों और लोगों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के बाद की।

सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने जून 2020 में भोपाल में प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके बाद ईडी ने धन शोधन मामले की जांच शुरू की। सूत्रों ने बताया कि अरेरा कॉलोनी में एक ऑडिटर के आवास और उससे जुड़े कुछ परिसरों पर छापेमारी की गयी।

# राष्ट्रपति मुर्मू आज नौसेना अभियानों का अवलोकन करेंगी

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को गोवा तट पर स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर नौसेना के अभियानों को देखेंगी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आईएनएस हंस (गोवा स्थित नौसेना वायु अड्डा) पर मुर्मू की अगवानी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रपति के सम्मान में 150 जवानों द्वारा औपचारिक सलामी गारद दी जाएगी।

# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ

दुबई, एजेंसी



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से शृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से शृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमश: 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी



• कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते हैं मानस

जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतने हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी-20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी-20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की शृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# पोंटिंग ने की भविष्यवाणी, भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है टेस्ट शृंखला

## पूर्व कप्तान बोले- मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में भारत के लिए 20 विकेट चटकाना चुनौती

दुबई, एजेंसी

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार शृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई शृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट शृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।

पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली शृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।



### शृंखला में पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवत: पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवत: अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक »

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

मिलान, एजेंसी

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।


गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी

लिवरपूल की शानदार जीत

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

# पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक-एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैश्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

# अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़,तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।



# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

सिडनी, एजेंसी

• डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला आउट

**वाशिंगटन, एजेंसी**

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।



पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में एक चुनावी नाइट वॉच पार्टी में पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के साथ चलते समय हाथ हिलाते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

## विश्व के नेताओं ने ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को दी बधाई

**लंदन/यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। स्टॉर्मर विश्व के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा करने के लिए फ्लोरिडा में एक रैली को संबोधित करने के तुरंत बाद बधाई संदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के जीत दर्ज करने के बाद, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत और भी समृद्ध होते रहेंगे।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। हैरिस अमेरिकी राजनीति में शीर्ष मुकाम हासिल करने में असफल रहीं और राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य 'पहली' उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं – इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। 5 नवंबर के चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित एक लेख में हैरिस ने बचपन में की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद किया, जो एक कैंसर शोधकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। हैरिस ने ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जुगरनॉट के लिए लिखे लेख में कहा, बड़े होने के दौरान, मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत का सम्मान करना सिखाया। लगभग हर दूसरे साल हम दिवाली के लिए भारत जाते थे।



## भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी – अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। कृष्णमूर्ति ने कहा व्हाइट हाउस और कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरा अनुबंध बढ़ा दिया है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया। एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के शाह रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा उम्मीदवार डेविड श्वीकेट से थोड़ा आगे चल रहे हैं। उन्हें 132,712 वोट हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मिले मतों की संख्या 128,606 थी। अभी तक 63 प्रतिशत मतों की गिनती हुई थी।

## एक नजर

### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10 :30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0 .05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42 .6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11 .4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10 .6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

**बेरूत, एजेंसी**

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर इजराइली हमलों के कारण अतिरिक्त हताहत हुए। इसके अलावा, लेबनान और सीरिया के बीच मस्ना-जदीदत याबूस सीमा क्रॉसिंग पर एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले गोलान में इजराइल की 810वीं हरमोन ब्रिगेड के मुख्यालय माले गोलानी बैरक पर रॉकेटों से हमला किया।



## हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देशभर में प्रदर्शन

**यरुशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।



रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**कैनबरा, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।



प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

## भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

**ढाका, एजेंसी**

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

## भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

**संवाददाता, नैनीताल**

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है।

नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।



बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

नैनीताल : डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।